अजमेर, जोधपुर एवं जयपुर से प्रकाशित राज्य स्तरीय दैनिक

# हुक्मनामा समाचार

अजमेर, शनिवार, 13 सितम्बर, 2025 :: मूल्य 2 रु. :: पृष्ठ संख्या 8 :: आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2004/14674 :: वर्ष 21 :: अंक 292

www.hukmnamasamachar.com

## संक्षिप्त खबरें

### मणिपुर में लंबे समय से हिंसा हो रही,अच्छी बात है अब मोदी जा रहे-राहुल

**जूनागढ़।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पीएम नरेंद्र मोदी की मणिपुर यात्रा पर सवाल उठाया। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि मणिपुर में लंबे समय से हिंसा हो रही है। अच्छा है कि प्रधानमंत्री वहां जा रहे हैं। गुजरात के जूनागढ़ में मीडिया से बात करते हुए राहुल ने कहा कि मणिपुर का मुद्दा लंबे समय से चल रहा है। लेकिन अब देश का बड़ा मुद्दा वोट चोरी है। हरियाणा और महाराष्ट्र में जनादेश छीना गया। लोग अब हर जगह पीएम को 'वोट चोर' कहने लगे हैं। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि चुनावों में धांधली कर सरकारें बनाई जा रही हैं और जनता का विश्वास टूट रहा है। दरअसल, मई 2023 से शुरू हुई मणिपुर हिंसा के बाद से प्रधानमंत्री शनिवार को पहली बार वहां जा रहे हैं। मोदी यहां करीब 7300 करोड़ रुपए की योजनाओं का शिलान्यास और 1200 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। राहुल गांधी ने शुक्रवार को जूनागढ़ में संगठन सृजन के तहत जिला अध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने जिला अध्यक्षों के साथ संवाद कर, संगठन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की।

### कांग्रेस का एआई-वीडियो, दिखाया-पीएम के सपने में उनकी मां आईं

**पटना।** बिहार में वोटर अधिकार यात्रा के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी को मां की गाली देने पर मचे बवाल के बाद बिहार कांग्रेस ने अपने एक्स हैंडल पर एक एआई जनरेटेड वीडियो पोस्ट किया है। इस वीडियो के बाद बिहार में सियासी पारा चढ़ गया है। 36 सेकेंड के एआई जनरेटेड वीडियो में पीएम मोदी से मिलते शख्स और उनकी दिवंगत मां हीराबेन से मिलती जुलती महिला को दिखाया गया है। वीडियो के कैप्शन में लिखा है- साहब के सपनों में आईं मां। देखिए रोचक संवाद। गुरुवार रात शेयर हुए इस वीडियो में दिखाया गया है, प्रधानमंत्री के सपने में उनकी मां आकर कह रही है कि राजनीति के लिए कितना गिरोगे? भाजपा ने इस वीडियो को प्रधानमंत्री और उनकी मां के खिलाफ आपत्तिजनक बताते हुए कांग्रेस पर हमला किया है। बीजेपी का आरोप है कि कांग्रेस ने राजनीतिक बहस का स्तर गिरा कर सारी हदें पार कर दी हैं। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा, राहुल गांधी अब इतना नीचे गिर गए हैं।

### पेनल्टी कॉर्नर




### पटेला री पोल

घूसखोरों की पकड़ धकड़ी, मतलब चल रहा है खेल सरकार के ईमानदार शासन का, दावा समझो अब फेल आमजन ने भ्रष्टाचार को, स्वीकार कर लिया है अब मन फाइल कागज़ नहीं सरकते, पर खिसके देखकर धन

..मुखिया जी

# नेपाल की पहली महिला पीएम बनीं सुशीला कार्की



**काठमांडू।** सुशीला कार्की नेपाल की पहली महिला अंतरिम पीएम बन गई हैं। उन्हें राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने शुक्रवार रात राष्ट्रपति भवन शीतल निवास में शपथ दिलाई। फिलहाल किसी और को मंत्री नहीं बनाया गया है।

राष्ट्रपति ने ऐलान किया है कि अगले छह महीनों के भीतर संसद का नया चुनाव कराया जाएगा। वहीं, Gen-Z नेताओं ने इस सरकार में शामिल होने से इनकार कर दिया। उनका कहना है कि वे सरकार में शामिल नहीं होंगे, लेकिन सरकार के कामकाज की निगरानी करेंगे। सुशीला कार्की नेपाल की पहली महिला चीफ जस्टिस भी रह चुकीं हैं। उन्होंने बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी से पॉलिटिकल साइंस में पोस्ट ग्रेजुएशन किया है। नए संविधान के लागू होने के बाद सभी सरकारें अनुच्छेद 76 के तहत बनाई जाती थीं। लेकिन सुशीला कार्की को अनुच्छेद 61 के अनुसार प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया। अनुच्छेद 61 में सीधे प्रधानमंत्री के पद या शक्तियों का कोई जिक्र नहीं है। इसमें मुख्य रूप से राष्ट्रपति का काम और जिम्मेदारियां बताई गई हैं। राष्ट्रपति अनुच्छेद 61 के मुताबिक संविधान की रक्षा का काम करते हैं। इसलिए, राष्ट्रपति ने उसी अनुच्छेद के अनुसार पीएम की नियुक्ति की है।

**नेपाल में भारतीय राजदूत ने सुशीला कार्की को बधाई दी** नेपाल में भारतीय राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने शपथ ग्रहण समारोह में सुशीला कार्की से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी।

**शपथ ग्रहण में उपराष्ट्रपति और चीफ जस्टिस भी मौजूद थे** लंबी रस्साकशी के बाद राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल ने पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की को अंतरिम प्रधानमंत्री नियुक्त किया है। शपथ ग्रहण समारोह में उपराष्ट्रपति राम सहाय प्रसाद यादव, चीफ जस्टिस, नेपाल सरकार के कई बड़े अधिकारी और डिप्लोमैट मौजूद थे।

### राष्ट्रपति का ऐलान- 6 महीने में होंगे चुनाव



### नेपाल में कोई जज दूसरी बार पीएम बना

सुशीला कार्की पहली ऐसी शख्स नहीं हैं जो न्यायधीश बनने के बाद अंतरिम पीएम बनी हैं। पहली बार ऐसा 2013 को हुआ था, जब मुख्य न्यायाधीश खिलराज रेग्मी के नेतृत्व में चुनावी सरकार बनाई गई थी। पहली संविधान सभा के विघटन के बाद देश में राजनीतिक गतिरोध (रुकावट) पैदा हो गया था। इसे हल करने के लिए सभी राजनीतिक दलों ने समझौता किया और रेग्मी को सरकार बनाने का जिम्मा दिया। उनकी सरकार ने चुनाव कराए और इसके बाद दूसरी संविधान सभा का गठन हुआ।

## अगस्त में रिटेल महंगाई बढ़कर 2.07 प्रतिशत पर पहुंची

### खाने-पीने का सामान महंगा होने का असर



**नई दिल्ली।** अगस्त में रिटेल महंगाई दर जुलाई के 1.61 प्रतिशत से थोड़ा बढ़कर 2.7 प्रतिशत पर पहुंच गई है। इसकी वजह खाने-पीने की कुछ वस्तुओं की कीमतों में हल्की बढ़ोतरी है। रिटेल महंगाई के आधिकारिक आंकड़े सरकार ने आज (12 सितंबर) जारी किए हैं। रिजर्व बैंक का लक्ष्य महंगाई को 4प्रतिशत ±2 प्रतिशत की सीमा में रखने का है।

**अगस्त में खाने-पीने के सामानों की कीमत बढ़ी** महंगाई के बास्केट में लगभग 50 प्रतिशत योगदान खाने-पीने की चीजों का होता है। इसकी महीने-दर-महीने की महंगाई माइनस 1.76 प्रतिशत से बढ़कर माइनस 0.69 हो गई है। अगस्त महीने में ग्रामीण महंगाई दर 1.18 प्रतिशत से बढ़कर 1.69 प्रतिशत हो गई है। वहीं शहरी महंगाई 2.10 प्रतिशत से बढ़कर 2.47 प्रतिशत पर पहुंच गई है।

4 से 6 अगस्त तक हुई आरबीआई मॉनीटरी पॉलिसी कमेटी की मीटिंग में भी वित्त वर्ष 2025-26 के लिए महंगाई का अनुमान 3.7प्रतिशत से घटाकर 3.1 प्रतिशत कर दिया था। महंगाई का बढ़ना और घटना प्रोडक्ट की डिमांड और सप्लाई पर निर्भर करता है। अगर लोगों के पास पैसे ज्यादा होंगे तो वे ज्यादा चीजें खरीदेंगे। ज्यादा चीजें खरीदने से चीजों की डिमांड बढ़ेगी और डिमांड के मुताबिक सप्लाई नहीं होने पर इन चीजों की कीमत बढ़ेगी। इस तरह बाजार महंगाई की चपेट में आ जाता है। सीधे शब्दों में कहें तो बाजार में पैसों का अत्यधिक बहाव या चीजों की शॉर्टेज महंगाई का कारण बनता है। वहीं अगर डिमांड कम होगी और सप्लाई ज्यादा तो महंगाई कम होगी।

# सीपी राधाकृष्णन ने ली 15वें उपराष्ट्रपति पद की शपथ

### सितंबर 2030 तक होगा कार्यकाल




**नई दिल्ली।** नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति चंद्रपुरम पोन्नुसामी राधाकृष्णन ने 15वें उपराष्ट्रपति पद की शपथ ली। राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राधाकृष्णन को शपथ दिलाई। राधाकृष्णन का कार्यकाल 11 सितंबर 2030 तक होगा। इस दौरान पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत कई राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल हुए।पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी और वेंकैया नायडू भी समारोह में पहुंचे। इस्तीफा देने के 53 दिन बाद पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में नजर आए। धनखड़ ने 21 जुलाई को हेल्थ इश्यू के कारण इस्तीफा दिया था। एनडीए उम्मीदवार राधाकृष्णन को 9 सितंबर को भारत का 15वां उपराष्ट्रपति चुना गया। उन्हें विपक्षी उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी के मुकाबले 452 वोट मिले। राधाकृष्णन ने रेड्डी को 152 वोटों के अंतर से हराया है। अपनी नई जिम्मेदारी की तैयारी में राधाकृष्णन ने गुरुवार को महाराष्ट्र के राज्यपाल पद से औपचारिक रूप से इस्तीफा दे दिया। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी आधिकारिक बयान में इसकी पुष्टि की गई है। उनके इस्तीफे के बाद राष्ट्रपति मुर्मू ने गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत को महाराष्ट्र के राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। राज्यसभा के महासचिव और निर्वाचन अधिकारी पीसी मोदी के मुताबिक 781 में से 767 सांसदों ने वोट डाले, वोटिंग 98.2 प्रतिशत हुई। इनमें से 752 मत वैलिड और 15 इनवैलिड थे। एनडीए को 427 सांसदों का समर्थन प्राप्त था, लेकिन वाईएसआरसीपी के 11 सांसदों ने भी राधाकृष्णन का समर्थन किया।

13 सांसदों ने चुनाव में मतदान से परहेज किया। इनमें बीजू जनता दल के सात सांसद, भारत राष्ट्र समिति के चार, शिरोमणि अकाली दल का एक सांसद और एक निर्दलीय सांसद शामिल हैं।

## सिक्किम में लैंडस्लाइड, 4 की मौत

### आगरा में 40 गांव डूबे

**नई दिल्ली।** वेस्ट सिक्किम के यांगथांग के अपर रिंबी इलाके में शुक्रवार रात लैंडस्लाइड हुई। इसमें 4 लोगों की मौत हुई है। 3 लोग लापता हैं। यूपी के आगरा में यमुना में बाढ़ है। यहां 25 कॉलोनियां और 40 गांव में 2-5 फीट तक बाढ़ का पानी भरा है। ताजमहल के पीछे बना पार्क पूरी तरह से डूब गया। 5 हजार से ज्यादा लोग रिलीफ कैंप में हैं। हिमाचल प्रदेश में 20 जून से अब तक बारिश-बाढ़ के कारण 380 लोगों की मौत हो चुकी है, 40 लापता हैं।



## स्पाइसजेट फ्लाइट का टायर टेकऑफ के दौरान रनवे पर गिरा

### सभी 75 यात्री सुरक्षित

**मुंबई।** गुजरात के कांडला से मुंबई आ रही स्पाइसजेट की फ्लाइट में बड़ा हादसा टल गया। शुक्रवार को कांडला एयरपोर्ट पर टेकऑफ के दौरान बॉम्बार्डियर क्यू 400 प्लेन का एक टायर रनवे पर गिर गया। इसके बावजूद पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए उड़ान जारी रखी। मुंबई एयरपोर्ट पर विमान की लैंडिंग से पहले फुल इमरजेंसी घोषित कर दी गई। हालांकि विमान ने सुरक्षित लैंडिंग की और खुद टर्मिनल तक पहुंचा। सभी 75 यात्रियों को सुरक्षित उतार लिया गया। एयरलाइन ने घटना की पुष्टि की है। घटना की जांच शुरू कर दी गई है और तकनीकी कारणों का पता लगाया जा रहा है।



## पूरे देश को साफ हवा का हक

### दिल्ली-एनसीआर ही क्यों, देशभर में पटाखे बैन होने चाहिए-सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली में पटाखों को बैन करने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई की। चीफ जस्टिस बीआर गवई ने कहा कि अगर दिल्ली-एनसीआर के शहरों को साफ हवा का हक है तो दूसरे शहरों के लोगों को क्यों नहीं? प्रदूषण नियंत्रण को लेकर सीजेआई गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच ने सुनवाई करते हुए कहा कि अगर पटाखों पर प्रतिबंध लगाना है तो पूरे देश में बैन करना चाहिए। साफ हवा का अधिकार सिर्फ दिल्ली-एनसीआर तक सीमित नहीं रह सकता, बल्कि पूरे देश के नागरिकों को मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संबंधी जो भी नीति हो वह पूरे भारत में होनी चाहिए। हम सिर्फ दिल्ली के लिए इसलिए नीति नहीं बना सकते, क्योंकि यहां देश का एलीट क्लास है। अगली सुनवाई 22 सितंबर को होगी। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट के 3 अप्रैल 2025 के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें दिल्ली-एनसीआर में पटाखों की बिक्री, स्टोरेज, परिवहन और निर्माण पर पूर्ण प्रतिबंध के आदेश को संशोधित करने की मांग की गई है। बेंच ने कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट को इस मामले में नोटिस जारी किया और दो हफ्ते में जवाब दाखिल करने को कहा। न्यायमित्र सीनियर एडवोकेट अपराजिता सिंह ने कहा कि कुलीन वर्ग अपना ध्यान रखता है।



### स्वर्णिम अतीत के पुनर्जागरण का महाअभियान

# प्रधानमंत्री मोदी ने ज्ञान भारतम पोर्टल का शुभारंभ किया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ज्ञान भारतम पोर्टल का शुभारंभ किया, जो एक समर्पित डिजिटल प्लेटफॉर्म है जिसका उद्देश्य पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण, संरक्षण और सार्वजनिक पहुंच में तेजी लाना है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैंने कुछ दिन पहले ज्ञान भारतम मिशन की घोषणा की थी और आज हम ज्ञान भारतम अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह कोई सरकारी या अकादमिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति, साहित्य और चेतना का उद्घोष है। मैं ज्ञान भारतम मिशन के शुभारंभ के लिए देश के सभी नागरिकों को बधाई देता हूं।



मोदी ने कहा कि आज विज्ञान भवन, भारत के स्वर्णिम अतीत के पुनर्जागरण का साक्षी बन रहा है। कुछ ही दिन पहले मैंने ज्ञान भारतम् मिशन की घोषणा की थी, और इतने कम समय में आज हम ज्ञान भारतम् इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन कर रहे हैं। इससे जुड़ा पोर्टल भी लॉन्च किया गया है। उन्होंने बताया कि ये एक सरकारी या एकेडेमिक इवेंट नहीं है। ज्ञान भारतम् मिशन, भारत की संस्कृति, साहित्य और चेतना का उद्घोष बनने जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हजारों पीढ़ियों का चिंतन मनन, भारत के महान आचार्यों और विद्वानों का बोध और शोध, हमारी ज्ञान परंपराएं, हमारे वैज्ञानिक धरोहरें— ज्ञान भारतम् मिशन के जरिए हम उन्हें डिजिटाइज्ड करने जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आज भारत के पास दुनिया का सबसे बड़ा हस्तलिपि संग्रह है। करीब 1 करोड़ हस्तलिपि हमारे पास हैं। इतिहास के क्रूर थपेड़ों में लाखों हस्तलिपि जल गईं, लुप्त हो गईं, लेकिन जो बची हैं, वे इसका साक्षी हैं कि ज्ञान और विज्ञान पठन पाठन के लिए हमारे पूर्वजों की निष्ठा कितनी गहरी और व्यापक थी।

## ऑपरेशन सिंदूर सेना के लिए रियलिटी चेक बना, हमें अपनी ताकत बढ़ाने की जरूरत-रक्षा सचिव

**पुणे।** रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने शुक्रवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सशस्त्र बलों के लिए एक रियलिटी चेक साबित हुआ है। इससे पता चला कि हमें भविष्य के लिए कई क्षेत्रों में अपनी ताकत को और मजबूत करने की जरूरत है। सिंह पुणे में हुए सदर्न कमांड डिफेंस टेक सेमिनार में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर से पता चला कि हमारे पास इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर, एंटी ड्रोन सिस्टम, लो-लेवल रडार और बिना लक्ष्य वाले मिलिट्री-ग्रेड ड्रोन्स की कमी है। उन्होंने कहा, गौरतलब है कि ऑपरेशन सिंदूर 7 मई को पहलगाम आतंकी हमले के बाद शुरू किया गया था, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे। इसका मकसद एलओसी पर और उसके पार मौजूद आतंकी बुनियादी ढांचे को सटीक और रणनीतिक तरीके से खत्म करना था।

**सिंह ने मल्टी-लेयर्ड एयर डिफेंस सिस्टम की तारीफ की** सिंह ने मल्टी-लेयर्ड एयर डिफेंस सिस्टम की भी तारीफ की। उनके कहा कि ऑपरेशन के दौरान यह सिस्टम दुश्मन के ड्रोन और मिसाइल हमलों को रोकने में बेहद प्रभावी रहा और बड़े नुकसान से देश को बचा लिया।

**9 सितंबर- सेना प्रमुख बोले-जमीन पर कब्जा भारत में जीत का पैमाना** आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने 9 सितंबर को कहा कि युद्ध के दौरान जमीन पर कब्जा ही भारत में जीत की असली 'करेंसी' या पैमाना है। इस वजह से थल सेना की भूमिका हमेशा सबसे अहम रहेगी।

CMYK

# महाराज अग्रसेन की पूजा अर्चना के बाद ध्वजारोहण के साथ हुआ अग्रसेन जयंती महोत्सव का शुभारंभ

## निबंध प्रतियोगिता में सैकड़ो प्रतिभागियों ने लिया भाग

**मदनगंज किशनगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** अग्रवाल समाज संस्था, अग्रवाल नवयुवक मंडल, अग्रवाल महिला मंडल के संयुक्त तत्वाधान में अग्रसेन जयंती महोत्सव के शुभारंभ पर शुक्रवार को अग्रसेन भवन में महाराजाधिराज अग्रसेन एवं कुलदेवी लक्ष्मी माता की पूजा अर्चना एवं आरती की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अग्रवाल समाज संस्था अध्यक्ष कैलाश चंद अग्रवाल द्वारा ध्वजारोहण कर अग्रसेन जयंती महोत्सव का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कैलाश चन्द अग्रवाल का अग्रवाल समाज की विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियो ने माला पहनकर, शॉल ओडाकर, साफा बंधवाकर अभिनंदन किया। इस दौरान समाज बंधुओ ने पुष्प वर्षा कर गुब्बारे उड़ाकर समाज एकता का संदेश दिया। इस दौरान महाराज अग्रसेन के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया। मुख्य अतिथि ने अग्रसेन जयंती महोत्सव कार्यालय का फीता खोलकर शुभारंभ किया। मंच संचालन महामंत्री प्रदीप अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में अग्रवाल समाज संस्था के घनश्याम अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, कमल किशोर मोर, सत्य स्वरूप अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल, अग्रवाल नवयुवक मंडल संस्था से निशांत गर्ग, एडवोकेट प्रदीप अग्रवाल, पंकज गोयल, कृष्ण कुमार जी अग्रवाल, अग्रवाल महिला मंडल से हेमलता गर्ग, सीमा गोयल, मंजू गोयल, अनीता बानूडा, जूली गर्ग, जुली गर्ग, इंदु



अग्रवाल, ममता पोद्दार, अंजलि अग्रवाल, अग्रसेन जयंती संयोजक मंडल से अमित अग्रवाल, रमाकांत अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, जयेश कामदार, राधेश्याम गर्ग, संजय अग्रवाल, मंदिर जगत शिरोमणि अग्रवाल समाज परमार्थ ट्रस्ट से लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, सत्य प्रकाश अग्रवाल, अग्रवाल कन्या पाठशाला समिति से सज्जन कुमार कनोडिया, विजय कुमार गोयल, प्रो. एसके बंसल, गोपाल गोयल, अग्रवाल समाज प्रभाती देवी प्रसादी लाल पब्लिक स्कूल समिति से राजेंद्र अग्रवाल, मुरलीधर अग्रवाल के साथ कार्यक्रम प्रभारी रमाकांत गोयल, किशन गोपाल, गर्ग राजेश कामदार, चेतन प्रकाश गर्ग, महेंद्र अग्रवाल सहित अनेक अग्र बंधु मौजूद रहे।

**निबंध प्रतियोगिता** अग्रसेन जयंती महोत्सव के अंतर्गत अग्रसेन भवन में दोपहर को निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि राकेश मोदी नीमकाथाना वाले का समाज संस्था एवं संयोजक मंडल के पदाधिकारी ने माला पहनकर, साफा बंधवाकर अभिनंदन किया। प्रतियोगिता में कक्षा 5 से 8 तक सामाजिक व्यवस्था में त्योहार व मेलों का महत्व, कक्षा 9 से 12 तक सामाजिक मूल्यों पर नशे का दुष्प्रभाव एवं महाविद्यालय से जनसाधारण स्तर तक एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर निबंध लिखकर कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतियोगिता में एसके बंसल, जुगल किशोर बंसल, नंदकिशोर अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, दुर्गेश सिंघल, मिहिर अग्रवाल, रेनू गर्ग एवं मनीष अग्रवाल ने सहयोग किया। **आज के कार्यक्रम** अग्रसेन जयंती महोत्सव के अंतर्गत 13 सितंबर को दोपहर 2 बजे से अग्रसेन भवन में लूडो प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। अग्रवाल समाज संस्था अध्यक्ष कैलाश चंद अग्रवाल ने बताया कि प्रतियोगिता में 8 वर्ष से 16 वर्ष तक एवं 16 वर्ष से जनसाधारण तक अग्र बंधु भाग लेंगे। जिसके मुख्य अतिथि नटवरलाल, विकास, विपुल रामचंद्रका कुचामन वाले होंगे। अग्रसेन जयंती महोत्सव संयोजक विनोद बंसल ने बताया कि शाम को 8 बजे कचहरी चौक स्थित मंदिर सुखनिधान महाराज मे संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा। जिसके मुख्य अतिथि अरुण अग्रवाल होंगे।

### शहरी सेवा शिविर'' 15 एवं ''ग्रामीण सेवा शिविर'' 17 सितम्बर से

## जन समस्याओं के समाधान के लिए शहर-गांव पहुंचेगी सरकार सुशासन की अवधारणा होगी साकार

**कोटा (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की पहल पर राज्य सरकार द्वारा प्रदेशभर में आमजन को समस्याओं से राहत देने के उद्देश्य से उनके ही क्षेत्र में शिविरों के माध्यम से मौके पर ही समस्या समाधान के लिए अभियान शुरू किया जा रहा है। शहरी क्षेत्र में ''शहरी सेवा शिविर अभियान'' 15 सितम्बर से आरंभ किया जा रहा है। वहीं 17 सितम्बर से ''ग्रामीण सेवा शिविर अभियान'' शुरु किया जाएगा। ये अभियान सुशासन की अवधारणा को साकार कर विभिन्न विभागों की योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक पहुंचाने में सार्थक सिद्ध होंगे।

जिला कलक्टर पीयूष समारिया ने बताया कि इन अभियानों के अंतर्गत आमजन की समस्याओं के निवारण तथा विभिन्न सेवाएं प्रदत्त करने एवं जनसमस्या समाधान के लिए शिविर लगाए जाएंगे। शिविरों में विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं के लिए शिविरों में मौके पर ही समाधान की कार्यवाही शुरु की जाएगी। **शहर चलो अभियान में होंगे ये कार्य** शहरी क्षेत्र में ''शहरी सेवा शिविर 2025'' 15 सितम्बर से शहरी नागरिकों की समस्याओं के निवारण तथा विभिन्न सेवाएं प्रदत्त करने व जनसमस्या समाधान के लिए लगाए जाएंगे।

अभियान के तहत 2 अक्टूबर तक मुख्यालय स्तर पर तिथि एवं वार्ड अनुसार प्रात: 10 से सायं 5 बजे तक शिविरों का आयोजन किया जाएगा। अभियान अन्तर्गत साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइट रिपेयर व नई लाइट लगाना, टूटे फेरोकवर व क्रॉस सही कराना, आवारा पशुओं को पकड़ना, ब्लैक स्पॉट सही करवाना, पैच वर्क, सार्वजनिक पार्को की साफ-सफाई, सामुदायिक केन्द्र, रेन बसेरों आदि सार्वजनिक स्थलों का रखरखाव, सार्वजनिक शौचालयों की सफाई व रिपेयर, सीवरेज कनेक्शन व रिपेयर, सद्भावना केन्द्र स्थापित करना, शहर के प्रमुख चौराहो/डिवाइडर का रखरखाव एवं सौन्दर्यकरण, कार्यालय में पेडिंग पत्रावलियों का निस्तारण, मोबाइल टावर एवं ओ.एफ.सी, विभिन्न प्रकार के पट्टे (स्टेट ग्राण्ट, कच्ची बस्ती, 69-ए, कृषि भूमि, लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टा), भू-उपयोग परिवर्तन, खाचां भूमि, नामान्तरण, भवन निर्माण स्वीकृती, ट्रेड लाइसेंस, फायर एनओसी, स्ट्रीट वेण्डर रजि0, उपविभाजन-एकीकरण, लीज मुक्ति प्रमाण-पत्र, जन्म-मृत्यु/विवाह पंजीयन, पार्किगं स्थलों का चिन्हीकरण कर, विकसित करना, विभिन्न राजकीय जनहित योजनाओं के तहत आवेदन प्राप्त कर स्वीकृति जारी करना आदि कार्य किए जाएंगे।

### कार्यस्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा पर कार्यशाला आयोजित

**बारां (हुक्मनामा समाचार)।** छीपाबड़ौद में उपखंड अधिकारी एवं ब्लॉक नोडल अधिकारी अभिमन्यु सिंह कुंतल की अध्यक्षता में पंचायत समिति के वीसी कक्ष में कार्यस्थल पर महिलाओं के उत्पीड़न की रोकथाम पर ब्लॉक स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में उपखंड अधिकारी कुंतल ने कार्यस्थल पर महिलाओं के उत्पीड़न को रोकने के लिए विशाखा गाइडलाइंस की पालना प्रत्येक नियोक्ता को आवश्यक रूप से करने की जानकारी दी। उन्होंने कार्यस्थल पर नियोक्ता के कर्तव्य पर प्रकाश डालते हुए अधिनियम के तहत आंतरिक परिवाद समिति के गठन के निर्देश दिए। जिन कार्यालयों में निर्धारित मानदंड के अनुसार समिति गठित नहीं है वहां धारा 26 के अंतर्गत 50 हजार तक जुर्माने की कार्यवाही से अवगत करवाया। कार्यस्थल पर आंतरिक परिवाद समिति है या नहीं इसका शीघ्र सर्वे किया जाएगा इसके उपरांत जुर्माने की कार्यवाही की जाएगी।

## स्वास्थ्य योजनाओं में बीमित को मिलेगा दुर्घटना बीमा का लाभ

**बारां (हुक्मनामा समाचार)।** प्रदेश में जरूरतमंद, असहाय व अल्प आय वर्ग के लिए संचालित मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना एवं राजस्थान सरकार स्वास्थ्य योजना में बीमित, पंजीकृत समस्त परिवारों के लिए दुर्घटनाओं के कारण होने वाली मृत्यु अथवा पूर्ण स्थाई अपंगता की स्थिति में आर्थिक संबल प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री आयुष्मान दुर्घटना बीमा योजना संचालित की जा रही है।

योजना में लाभ प्राप्त करने के लिए एमएडीबीवाई पोर्टल पर दावेदार स्वयं अथवा ई-मित्र के माध्यम से दावा आसानी से ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकेंगे।लाभार्थी परिवार बिना किसी मध्यस्थ के स्वयं के स्तर पर आसानी से मुख्यमंत्री आयुष्मान दुर्घटना बीमा योजना में दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के अन्तर्गत पैड़ श्रेणी की पॉलिसी के लाभार्थी यथा समय अपनी पॉलिसी का नवीनीकरण करवाए, सीमान्त कृषक श्रेणी एवं कोविड श्रेणी के लाभार्थी प्रतिवर्ष अपनी पॉलिसी डॉउनलोड कराएं, लाभार्थी परिवार के प्रत्येक सदस्य का पंजीयन जनाधार में करवाएं। लाभार्थी परिवार बिना किसी मध्यस्थ के स्वयं के स्तर पर आसानी से मुख्यमंत्री आयुष्मान दुर्घटना बीमा योजना में दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। अधिक जानकारी एसआईपीएफ कार्यालय के सहायता केन्द्र, डिस्ट्रिक्ट हेल्प लाइन नम्बर 7737498639, 07453-237060 पर अथवा सेन्ट्रल हेल्पलाईन नम्बर 18001806268 पर प्राप्त की सकेगी।

## शहरी सेवा शिविर अभियान 2025 पूर्व तैयारी हेतु निशुल्क प्री कैंप आयोजित

**मदनगंज किशनगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार द्वारा 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक ''शहरी सेवा शिविर 2025'' का आयोजन किया जायेगा। जिसके अन्तर्गत परिषद द्वारा प्री कैम्पों के लिए समस्याओं को चिन्हित करने एवं आवेदन प्राप्त करने के लिए शुक्रवार को वार्ड 49 से 60 तक का कैम्प नगर परिषद किशनगढ मुख्य कार्यालय में आयोजित किया गया। कैम्प में दिनेश सिंह राठौड सभापति, मनोहर तारानी उपसभापति, सीता वर्मा आयुक्त, वर्षा चौधरी राजस्व अधिकारी, संदीप यादव अधि. अभियन्ता उपस्थित रहें। शिविर में जन्म मृत्यु विवाह पंजीयन के 36 प्रकरण, फेरोकवर/पेचवर्क/सीवरेज के 30 प्रकरणो, प्रोफाईलिंक 1 प्रकरण, स्ट्रीट लाईट का 4 प्रकरण, सफाई व आवारा पशु पकडने के 2 प्रकरण, 90ए के 3 प्रकरण, यूडी टैक्स 2 प्रकरण प्रधानमंत्री आवास योजना के 3 प्रकरण, नाम हस्तान्तरण/उपविभाजन 02 प्रकरण, फायर एन ओ सी 02 का शिविर में पंजीयन किया गया। उक्त शिविर में परिषद द्वारा कैम्प में आवेदक द्वारा आवेदन करने पर तत्काल जन्म प्रमाण पत्र



उपलब्ध कराये गये साथ ही नामहस्तान्तरण/ विखण्ड की प्रचलित पत्रावलियों का निस्तारण किया जाकर आवेदक को प्रमाण पत्र कैम्प में उपलब्ध कराये गये। कैम्प में सुनील खज्जा एटीपी, कमल शर्मा कर निर्धारक एव परिषद के अधिकारी कर्मचारियों के साथ हमीदा बानो, नेता प्रतिपक्ष, पार्षदगण अनील राव, धन्नालाल यादव, हिम्मत सिंह, राम सिंह मीणा, रामावतार रैदास, सुशील अजमेरा, परमेन्द्र जोशी, विक्रम, पप्पू लाल, किशनलाल, बलराम, आदि उपस्थित रहें।

## ब्राइडल मेकअप प्रतियोगिता में बालिकाओं ने दिखाया हुनर

**मांगलियावास (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान समग्र कल्याण द्वारा संचालित ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण केंद्र में ब्राइडल मेकअप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं और बालिकाओं ने बड़ी उत्साह के साथ भाग लिया और अपने हुनर का प्रदर्शन किया। प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर सरोज सांखला ने जानकारी दी कि गोटा कॉलोनी हाथीखेड़ा में स्थित इस ब्यूटी पार्लर केंद्र में स्वरोजगार के उद्देश्य से महिलाओं को नि:शुल्क ब्यूटी




पार्लर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी के अंतर्गत ब्राइडल मेकअप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 5 0 बालिकाओं ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता ने न केवल प्रतिभागियों को अपनी कला को प्रदर्शित करने का अवसर दिया, बल्कि उनके आत्मविश्वास में भी वृद्धि की है, जो उनके भविष्य के स्वरोजगार में सहायक सिद्ध होगा।

## राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग के जिला कार्यालय करेंगे मुख्यमंत्री आयुष्मान दुर्घटना बीमा योजना के सहायता केन्द्र के रूप में कार्य

**झालावाड़ (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री आयुष्मान दुर्घटना बीमा योजना राज्य सरकार की एक अति महत्वपूर्ण एवं जनकल्याणकारी योजना है, जिसके अन्तर्गत मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना एवं राजस्थान सरकार स्वास्थ्य योजना में बीमित एवं पंजीकृत परिवार एव पांचों विद्युत कंपनियों के ऐसे विद्युतकर्मी जो उपर्युक्त दोनों योजनाओं में कवर नहीं हो रहे है, ऐसे परिवारों के किसी सदस्य की योजना में वर्णित दुर्घटनाओं यथा रेल, वायु, सडक दुर्घटना, ऊँचाई से गिरने तथा ऊँचाई से किसी वस्तु के गिरने, मकान के ढहने के कारण, थ्रेशर मशीन, कुट्टि मशीन, आरा मशीन, ग्लाइन्डर आदि से, बिजली के झटके, डूबने, जलने एवं रासायनिक द्रव्यों के छिडकाव से होने वाली दुर्घटनाओं में मृत्यु या क्षति होने पर अधिकतम दस लाख रूपये प्रति परिवार प्रति वर्ष आधार पर सहायता राशि प्रदान की जा रही है। ऐसे परिवारों के किसी सदस्य की योजना में वर्णित दुर्घटनाओं यथा रेल, वायु, सडक दुर्घटना, ऊँचाई से गिरने तथा ऊँचाई से किसी द्वद्व राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग के सहायक निदेशक गिरीराज वैश्य ने बताया कि उक्त योजना की जानकारी के अभाव में लाभार्थी एवं पीड़ित परिवार द्वारा योजना का लाभ लिए जाने हेतु दावा सीधे प्रस्तुत ना कर अन्य मध्यस्थ व्यक्ति के माध्यम से प्रस्तुत किया जाता है जिनके द्वारा लाभार्थी को गुमराह कर उनसे दस्तावेज प्राप्त कर समय पर दावा प्रस्तुत नहीं किया जाता है। ऐसी स्थिति में दावेदार ना तो स्वयं समय पर दावा प्रपत्र प्रस्तुत कर पाते हैं एवं ना ही दावे से संबंधित वांछित दस्तावेज समय पर उपलब्ध करा पाते हैं एवं वह पात्र लाभार्थी होने के उपरान्त भी योजना के लाभ से वंचित रह जाता है। जबकि उक्त योजना में लाभ लेने हेतु किसी मध्यस्थ व्यक्ति की आवश्यकता नहीं है, दावेदार स्वयं अथवा ई-मित्र के माध्यम से दावा आसानी से प्रस्तुत कर सकते हैं।

### नवनियुक्त सिटी थाना अधिकारी अनिल देव ने संभाला पदभार



**नसीराबाद अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** नवनियुक्त सिटी थाना अधिकारी अनिल देव ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण कर नसीराबाद कस्बे का दौरा किया। नव नियुक्त सिटी थाना अधिकारी अनिल देव ने बताया कि कस्बे की यातायात व्यवस्था सुधारना व आपराधिक मामलों की जानकारी लेकर अपराधों पर अंकुश लगाना व आमजन की शीघ्र सुनवाई कर उन्हें न्याय दिलवाना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

## न्यूज विंडो

### डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजस्थान दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना

### रोजगार के अवसर सृजित कर शिक्षित एवं प्रशिक्षित युवाओं को उद्यम की स्थापना एवं संचालन में सहयोग प्रदान

**झालावाड़ (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य के गैर-कृषि क्षेत्रों यथा-विनिर्माण, सेवा एवं व्यापार के विकास में अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के उद्यमियों एवं व्यापारियों का योगदान, उनकी प्रभावी भूमिका सुनिश्चित करने हेतु तथा उन्हें संबल प्रदान करने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजस्थान दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना का संचालन किया जा रहा है। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक शंभू सिंह रावत ने बताया कि योजना का प्रमुख उद्देश्य स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित कर शिक्षित एवं प्रशिक्षित युवाओं को उद्यम की स्थापना एवं संचालन में सहयोग प्रदान करते हुए राज्य के विनिर्माण, सेवा एवं वाणिज्यिक विकास में दलित एवं आदिवासी वर्ग की प्रभावी भूमिका एवं योगदान सुनिश्चित करना है। डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजस्थान दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत उद्योग, सेवा एवं व्यापार क्षेत्र के लिए अधिकतम परियोजना लागत 10 करोड़, 5 करोड़ एवं 1 करोड़ रूपये है। विनिर्माण एवं सेवा उद्योग की परियोजनाओं में कार्यशील पूंजी की सीमा कुल परियोजना लागत के अधिकतम 40 प्रतिशत तक तय है। व्यापारिक क्षेत्र में यह सीमा अधिकतम 90 प्रतिशत तक होगी तथा परियोजना लागत की 25 प्रतिशत या 25 लाख रू., जो भी कम हो, मार्जिन मनी अनुदान राशि देय होगी। विनिर्माण के लिए न्यूनतम अंशदान 10 प्रतिशत एवं अधिकतम ऋण 90 प्रतिशत, सेवा के लिए न्यूनतम अंशदान 10 प्रतिशत एवं अधिकतम ऋण 90 प्रतिशत तथा व्यापार के लिए न्यूनतम अंशदान 15 प्रतिशत एवं अधिकतम ऋण 85 प्रतिशत तक देय है।

## साथिनों, स्कूली बच्चों ने किया विज्ञान केन्द्र का दौरा

**कोटा (हुक्मनामा समाचार)।** मिशन शक्ति योजना संकल्प हब फॉर एम्पॉवरमेट ऑफ वूमन के तहत महिला अधिकारिता विभाग द्वारा शुक्रवार को लाडपुरा ब्लॉक की साथिनों एवं स्कूली बच्चों को विज्ञान केन्द्र को भ्रमण करवाया गया। उप निदेशक महिला अधिकारिता विभाग मनोज कुमार मीणा ने बताया कि केन्द्र में स्थापित प्रदर्शनी, मॉडल, तकनीकी उपकरणों न्यूक्लियर पॉवर प्लांट मॉडल, प्लेनेटरी मोशन, औषधीय पादप, इंडियन नेवी मिसाइल मॉडल के बारे में जानकारी साझा की गई। साथिनों एवं स्कूली बच्चों को दैनिक जीवनचर्या में विज्ञान का महत्व बताया।

## अग्रेसन जंयती पर सात दिवसीय भव्य आयोजन कल से



**चित्तौड़गढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** अग्रवंश संस्थापक महाराज अग्रसेन के 5149वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में अग्रवाल समाज द्वारा विविध धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का सात दिवसीय भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रमों का शुभारंभ 14 सितम्बर को गांधीनगर स्थित अग्रेसन मांगलिक भवन में गणपति स्थापना के साथ होगा और समापन 22 सितम्बर को शोभायात्रा, सम्मान समारोह एवं सामूहिक स्नेह भोज के साथ किया जाएगा। अग्रेसन जन्मोत्सव समिति के संयोजक राकेश गुप्ता एवं पवन अग्रवाल ने बताया कि गणपति स्थापना के अवसर पर महिला मंडल के तत्वावधान में खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इनमें बच्चों के लिए कक्षा एक से कॉलेज स्तर तक अलग-अलग आयु वर्ग में स्पर्धाएं रखी गई हैं। महिला वर्ग के लिए मिट्टी से गणेश प्रतिमा बनाने एवं सजाने की प्रतियोगिता मुख्य आकर्षण रहेगी, वहीं पुरुष एवं कपल वर्ग के लिए विशेष प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इन आयोजनों का उद्देश्य पारिवारिक एवं सामाजिक एकता के साथ परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। रक्तदान और नि:शुल्क दंत चिकित्सा शिविर जन्मोत्सव के तहत 20 सितम्बर को अग्रेसन भवन, अग्रेसन नगर में विशाल रक्तदान शिविर और नि:शुल्क दंत चिकित्सा शिविर आयोजित होगा। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि रक्तदान शिविर से समाज में सेवा और सहयोग की भावना का संचार होगा, वहीं नि:शुल्क दंत चिकित्सा शिविर से आमजन को सीधा लाभ मिलेगा। **गौ सेवा और सांस्कृतिक संध्या** 21 सितम्बर को गांधीनगर स्थित गौशाला में गौ पूजन एवं सेवा कार्यक्रम होगा। शाम को अग्रेसन भवन, अग्रेसन नगर में महिला मंडल के तत्वावधान में भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। रंगारंग कार्यक्रमों में एकल नृत्य, युगल नृत्य और संगीत की प्रस्तुतियां होंगी। इसी दौरान नवगठित महिला समिति एवं अग्रवाल युवा समिति का शपथ ग्रहण समारोह भी सम्पन्न होगा। **शोभायात्रा और सम्मान समारोह** जन्मोत्सव का समापन 22 सितम्बर को भव्य शोभायात्रा और सम्मान समारोह के साथ होगा। प्रात: हवन, पूजन एवं ध्वजारोहण कार्यक्रम सम्पन्न होंगे। दोपहर 2:30 बजे उपरला पाड़ा गांधी चौक स्थित अग्रवाल पंचायत भवन से शोभायात्रा प्रारंभ होगी, जो द्वारिकाधाम पर समाप्त होगी। अंतिम दिन सामूहिक स्नेह भोज, विभिन्न प्रतियोगिताओं का पारितोषिक वितरण, समाज के विशिष्टजनों का सम्मान एवं अग्रवाल समिति की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण कार्यक्रम सम्पन्न होगा। जन्मोत्सव समिति ने बताया कि इस सात दिवसीय आयोजन का उद्देश्य केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक सेवा, स्वास्थ्य जागरूकता, सांस्कृतिक संरक्षण और समाज की एकजुटता को भी सशक्त करना है। कार्यक्रमों में हर आयु वर्ग की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे युवा पीढ़ी में सेवा, संस्कार और समाजसेवा के मूल्य विकसित हों।

**अधिशाषी अभियन्ता, राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड, खण्ड, सुमेरपुर (पाली)**

**ई-निविदा सूचना संख्या-11/2025-26 NIB No. : AGM2526A0148**

विभिन्न निर्माण कार्यो की UBN No:- AGM2526WSOB00550 to AGM2526WSOB00553 ऑनलाईन निविदा ई-प्रोक्योरमेन्ट **(www.eproc.rajasthan.gov.in)** के माध्यम से बोर्ड एवं अन्य राजकीय विभागो में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण बोर्ड की वेबसाईट **www.agriculture.rajasthan.gov.in/rsamb** व **www.sppp.rajasthan.gov.in** पर भी देखा जा सकता है।

राज.संवाद/सी/25/9901 — अ.अ. - सुमेरपुर

**कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर**

क्रमांक :- राजकाज 17684382 — दिनांक :- 10/09/2025

**ई-बिड सूचना संख्या:- जोन विद्युत-प्रथम/11/2025-26**

जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर की ओर से विद्युत के कार्यो हेतु संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया से विद्युत कार्यों हेतु ऑन लाईन बिड आमंत्रित की जाती है। इन कार्यों की अनुमानित लागत, बिड बेचे जाने तथा प्राप्त करने की दिनांक, बिड शर्तें आदि का सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट **www.eproc.rajasthan.gov.in, www.jodhpurjda.org, www.sppp.raj.nic.in** पर देखा जा सकता है।

NIB CODE :- JOD2526A0142
UBN No. :- JOD2526WSOB00287

राज.संवाद/सी/25/9848 — अधिशाषी अभियंता (विद्युत-I)

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रदीप लोढा द्वारा एफ बी 3, करतारपुरा इंडस्ट्रियल एरिया रोड नंबर 4, जयपुर से मुद्रित एवं पीली कोठी, जयपुर गोल्डन, जयपुर रोड, अजमेर से प्रकाशित। फोन 2623396, संपादक - प्रदीप लोढा, प्रबंध संपादक - वैभव लोढ़ा, जयपुर कार्यालय- जी 1, एफ ब्लॉक, गणपति एनक्लेव, अजमेर रोड जयपुर। जोधपुर कार्यालय -902, तीसरी ई रोड, सरदारपुरा, जोधपुर। फोन 2433621, ई मेल hukmnama.ajmer@gmail.com

# अजमेर के वायुसेना जवान की गोली लगने से मौत

## ऑपरेशन सिंदूर का हिस्सा रहे, 4 दिन पहले जयपुर में सेलिब्रेट किया था बर्थडे



**अजमेर,(हुक्मनामा समाचार)।** अजमेर के वायुसेना जवान की गोली लगने से मौत हो गई। पश्चिम बंगाल के हासीमारा एयरफोर्स स्टेशन पर पोस्टेड पुलकित (26) एयरमैन थे। उनका आज सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। पुलकित के पिता ने बताया उन्हें 9 सितंबर की शाम को गोली लगी थी। फायरिंग के कारणों की जांच चल रही है। परिवार को 10 सितंबर को घटना की जानकारी मिली थी। पुलकित ऑपरेशन सिंदूर का भी हिस्सा रहे। वे 3 सितंबर को छुट्?टी पर आए थे। उन्होंने बहनों के साथ 5 सितंबर को जयपुर में बर्थडे भी सेलिब्रेट किया था। इसके बाद ड्यूटी पर लौटे थे। 7 साल पहले जॉइन की थी एयरफोर्स अजमेर के कोटड़ा के रहने वाले पुलकित की पार्थिव देह शुक्रवार सुबह उनके घर लाई गई। यहां कुछ देर अंतिम दर्शनों के बाद उनकी देह को राम नगर में उनके पुश्तैनी घर ले जाया गया। यहां से अंतिम यात्रा निकाली गई। जानकारी के अनुसार पुलकित ने बीटेक करने के बाद साल 2018 में एयरफोर्स जॉइन की थी। उनकी पहली पोस्टिंग बेंगलुरु में हुई थी। उनके पिता राजेंद्र प्रसाद भारतीय जीवन बीमा निगम (रिटायर्ड) में अधिकारी हैं। परिवार में दो बड़ी बहनें और मां हैं। ऑपरेशन सिंदूर में फिरोजपुर में हुई थी पोस्टिंग जवान के पिता ने बताया कि पुलकित पढ़ाई में काफी होशियार थे। सेना में जाने का उनका हमेशा से सपना था। घटना वाले दिन शाम को उनसे बात हुई थी। वो ऑपरेशन सिंदूर का भी हिस्सा रहे। इस दौरान उनकी पोस्टिंग फिरोजपुर में थी। उन्हें अपने बेटे पर गर्व है। भारतीय एयरफोर्स का हिस्सा रहना सम्मान की बात है। मीडिया रिपोट्?र्स के मुताबिक पुलकित ने खुद को गोली मारी है। हालांकि एयरफोर्स और परिजनों ने कोई भी कमेंट करने से इनकार कर दिया है।

## विद्यार्थियों के पठन पाठन हेतु 10 ब्लैक बोर्ड प्रदान किए

**अजमेर।** लायंस क्लब अजमेर आस्था द्वारा दो विद्यालय को 10 ब्लैक एवं ग्रीन बोर्ड प्रदान किए गए क्लब अध्यक्ष मुकेश कर्णावट ने बताया कि अतुल पाटनी के संयोजन में ग्राम अरडका की राजकीय विद्यालय में एवं संजय शशि जैन कावड़िया के संयोजन में बालूपुरा के पहाड़ी क्षेत्र में स्थापित राजकीय विद्यालय में क्लब द्वारा गणवेश की सेवा के दौरान विद्यार्थियों के शैक्षणिक कार्य का अवलोकन किया जहां विद्यार्थियों के पठन पाठन की सामग्री के अंतर्गत ब्लेक बोर्ड की डिमांड क्लब को बताई गई थी।


### विक्रय निविदा

सहायक आयुक्त, देव स्थान विभाग, अजमेर के आदेश क्र.एफ 3(14) देव/ट्रस्ट/2023 -2742, दिनांक 10.10. 2024 के अनुसार राज. शिक्षा सांस्कृतिक संगम की जादूगर बस्ती श्रीनगर रोड अजमेर स्थित प्रन्यास की अचल सम्पदा 2590 व.मी. भूमि खुली नीलामी द्वारा बेचान (पूर्व में स्थगित) पुनः दिनांक 15 सितम्बर 2025 को प्रन्यास कार्यालय नया बाजार अजमेर में मध्यान्ह 12:30 बजे की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति मय अमानत राशि (2.50 लाख रू. का संस्था के नाम डी. डी.) सहित भाग ले सकता है।

एस.के माहेश्वरी
सचिव

### कार्यालय नगरपालिका मण्डल, केकड़ी (अजमेर) - राजस्थान

Email ID - npkekri2011@gmail.com (O) : 01467-220002, 220019 web site : www.urban.rajasthan.gov.in/ulbkekri

क्रमांक : नपाके/विकास/2025-26/2423 दिनांक : 10.09.2025

-: ई निविदा (54/2025-26)(NIB NUMBER - DLB2526A5684) :-

एतदद्वारा यह है कि राजकीय विभाग में नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में अधोलिखित 04 कार्यों के लिए ई प्रोक्योरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है एवं किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय में आकर देखी जा सकती है। निविदा के कुल कार्य - 04 (चार)

UBN NO. - 1. DLB2526WSOB17360, 2. DLB2526WLOB17364, 3. DLB2526WLOB17366 4. DLB2526WLOB17368

राज.संवाद/सी/25/9823 अध्यक्ष अधिशाषी अधिकारी


## राजस्व मंडल में राष्ट्रीय लोक अदालत 13 को

**अजमेर।** राजस्व मंडल में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 सितम्बर शनिवार को किया जायेगा। लोक अदालत के तहत आपसी समझाइश योग्य राजस्व प्रकरणों के निस्तारण को लेकर राजस्व मंडल स्तर पर बैंच का गठन किया गया है। अतिरिक्त निबंधक (न्याय) श्री हेमन्त स्वरूप माथुर ने बताया कि लोक अदालत के लिए राजस्व मण्डल स्तर से श्री राजेश कुमार दड़िया (न्यायिक अधिकारी) व सदस्य डॉ. महेन्द्र लोढ़ा की बैंच का गठन किया गया है। राजस्व मण्डल अजमेर में शनिवार को प्रातः 10:30 बजे दीप प्रज्वलन कर लोक अदालत का शुभारम्भ किया जायेगा। लोक अदालत बैंच द्वारा पक्षकारों के मध्य आम सहमति व समझाइश के आधार पर अधिक से अधिक प्रकरणों का निस्तारण की कार्रवाई की जायेगी।

## अजमेर के गेगल में पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए के.जी.एन ग्रुप की और से की गई राशन सामग्री व सहायता राशि एकत्रित



**अजमेर,(हुक्मनामा समाचार)।** ग्राम गेगल में पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए सहायता राशि व राशन सामग्री एकत्रित की गई! इस अवसर पर के.जी.एन ग्रुप सोशल वर्क संस्था के हाफ़िज़ आसिफ रज़ा ने बताया की पंजाब में आई आपदा में 1400 से ज्यादा गांव बाढ़ की चपेट में आगये थे व वहां लाखों गांव वासियों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है! इसी को देखते हुए केजीएन ग्रुप की ओर से एक मुहिम चलाई गई इस मुहिम के तहत अजमेर के ग्राम गेगल,ग्राम चांदयावास व ग्राम खेड़ा में सभी साथियों ने एक-एक घर में जाकर राशन सामग्री व सहायता राशि एकत्रित की व सभी ग्राम वासियों ने भरपूर सहयोग किया व गंगा जमुनी तहज़ीब को जीवंत करते हुए एकता की मिसाल पेश की एवं जल्द से जल्द सभी ज़रूरत की सामग्री पंजाब रवाना की जाएंगी! के.जी.एन ग्रुप सोशल वर्क संस्था के हाफिज आसिफ़ रज़ा, आरीफ खान, आसिफ़ खान, सोहिल, आरीफ, अजरूद्दीन, शाहरुख, मुजफ्फर भाई,अरमान, असलम कुरैशी, गब्बर, फारुख, अबरार, अरबाज, यासीन, वहाब (राजू), हैदर अली, लतीफ़ भाई, आसिफ भाई, रोशन, इमरान आसिफ़ कुरैशी, सद्दाम हुसैन व बुज़ुर्ग उपस्थित रहे व इस कार्य में सहयोग किया!


ADVT


### प्राध्यापक एवं कोच (स्कूल शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा 2024

# अंग्रेजी, हिंदी एवं गणित के अभ्यर्थियों को विस्तृत ऑनलाइन आवेदन सबमिट करने का अंतिम अवसर

**अजमेर,(हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा माध्यमिक शिक्षा विभाग हेतु आयोजित प्राध्यापक एवं कोच (स्कूल शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा 2024 के अंतर्गत अंग्रेजी, हिंदी और गणित विषयों के लिए पहले जारी की गई विचारित सूची में सम्मिलित ऐसे अभ्यर्थियों , जिन्होंने प्रदत्त अवसरों के उपरांत विस्तृत ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा नहीं किया था, को इस संबंध में अंतिम अवसर दिया गया है। ये अभ्यर्थी 13 से 18 सितंबर 2025 (रात्रि 11:59 बजे ) तक अपना विस्तृत आवेदन पत्र ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इसके साथ ही भूगोल (4 सितंबर 2025 को जारी) तथा संस्कृत (9 सितंबर 2025 को जारी) विषयों की विचारित सूची में सफल अभ्यर्थियों को भी ऑनलाइन विस्तृत आवेदन पत्र भरने के लिए दिशा-निर्देश दिए गए हैं। महत्वपूर्ण तिथियाँ और निर्देश भूगोल विषय के लिए ऑनलाइन विस्तृत आवेदन 11 से 17 सितंबर 2025 (रात्रि 11:59 बजे तक) भरे जा सकते हैं। संस्कृत विषय के लिए ऑनलाइन विस्तृत आवेदन 12 से 18 सितंबर 2025 (रात्रि 11:59 बजे तक) भरे जा सकते हैं। उक्तानुसार सभी अभ्यर्थियों को अपनी एसएसओ आइडी के माध्यम से रिक्रूटमेंट पोर्टल पर जाकर माय रिक्रूटमेंट डिटेल्ड फॉर्म कम स्क्रुटनी एप्लाई नाऊ का चयन कर आवेदन करना होगा। आवेदन पत्र भरने और सबमिट करने के बाद, अभ्यर्थियों को इसकी दो प्रतियां प्रिंट कर अपने पास रखनी होंगी। दस्तावेज सत्यापन का कार्य संबंधित विभाग, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर, द्वारा किया जाएगा। संबंधित विभाग द्वारा ही उचित माध्यम से अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन हेतु सूचित कराने की कार्यवाही संपादित की जाएगी। आयोग द्वारा इस संबंध में पृथक से कोई सूचना नहीं दी जाएगी। निर्धारित तिथि पर दस्तावेज सत्यापन के लिए उपस्थित नहीं होने वाले अभ्यर्थियों को अपात्र माना जाएगा और परिणाम में विचारित नहीं किया जाएगा। अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन हेतु संबंधित विभाग द्वारा निर्धारित तिथि, समय और स्थान पर विस्तृत आवेदन पत्र की दो प्रतियों के साथ सभी मूल दस्तावेज और उनकी स्व-सत्यापित प्रतियाँ साथ लाना अनिवार्य होगा। दस्तावेज सत्यापन के बाद, पात्र अभ्यर्थियों की सूची विभाग द्वारा आयोग को भेजी जाएगी, जिसके बाद आयोग चयनित अभ्यर्थियों के नाम नियुक्ति के लिए संबंधित विभाग को


### कार्यालय नगर परिषद् किशनगढ़ (अजमेर) राजस्थान

क्रमांकः न.प.कि/कृषि भूमि नियमन/2025/1537 दिनांक : 12/09/25

#### लोक सूचना

ससर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद किशनगढ़ में राजस्व ग्राम किशनगढ-बी के खसरा 381 का भूखण्ड संख्या का कुल क्षेत्रफल 365.27 वर्गगज का आवासीय प्रयोजनार्थ पट्टा चाहनें हेतु कृषि भूमि नियमन के तहत् आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदित भूखण्ड नियमन में संबंधित किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपति होतो इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवसमें इस कार्यालय को लिखित में आपतियां/मय साक्ष्य / विवरण सहित कार्यालय समय में दर्ज करावें।

| क्र. सं. | प्रार्थी का नाम | राजस्व ग्राम का नाम एवं खसरा नं. व क्षेत्रफल | प्रस्तावित कृषि भूमि नियमन |
|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती माया देवी पत्नि श्री लालाराम निवासी गुर्जरो की ढाणी गौशाला रोड के पास सांवतसर मदनगंज किशनगढ़ | किशनगढ़-बी 381 खसरा 365.27 वर्गगज | आवासीय प्रयोजना पट्टा चाहनें हेतु |

आयुक्त
नगर परिषद, किशनगढ़


## आयोग सदस्य डॉ. संगीता आर्य की अध्यक्षता में डीपीसी बैठकों का आयोजन

**अजमेर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग सदस्य डॉ. संगीता आर्य की अध्यक्षता में शुक्रवार को राजस्थान स्टेट मोटर गैराज विभाग तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की डीपीसी बैठक का आयोजन शासन सचिवालय, जयपुर में किया गया। राजस्थान स्टेट मोटर गैराज विभाग की बैठक में ऑटोमोबाइल अभियंता एवं भंडार अधिकारी के पदों हेतु वर्ष 2024-25 के पदोन्नति प्रकरणों पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में सहायक निदेशक के पदों हेतु वर्ष 2020-21 के डेफर प्रकरणों तथा जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी एवं समकक्ष (अनुसूचित क्षेत्र) पदों पर पदोन्नति हेतु प्राप्त प्रकरणों पर चर्चा की गई।

## महाबोद्धि बौठ मठठ गौतम नगर में हिन्दी दिवस पर रविवार को वैचारिक गोष्ठी का आयोजन होगा : सोनी

**अजमेर,(हुक्मनामा समाचार)।** गैर हिन्दी मातृ भाषा वालो लोगो का हिन्दी भाषा के विकास में योगदान विषय पर महाबोद्धि बौठ मठठ गौतम नगर में हिन्दी दिवस के अवसर पर आगामी 14 सितम्बर रविवार को प्रातः काल 10 बजे से महात्मा बुद्व की प्रतिमा के सम्मुख सर्वधर्म के प्रतिनिधियो के माध्यम से दीप प्रज्जवलित करने के पश्चात गुरू एस एन गोयनका के प्रश्नोतरी प्रवचनो के कार्यक्रम के साथ वैचारिक गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा।बौद्व मठठ की सचिव शिक्षाविद्व श्रीमती सोनी गुणवन्त राहुल ने जानकारी प्रदान करते हुए बताया है कि वैचारिक गोष्ठी के मुख्य वक्ता के रूप में श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ और जन सेवा समिति की सर्वधर्म समिति के संस्थापक व महासचिव रमेश लालवानी होंगे। अध्यक्षता अल्प संख्यक आयोग के पूर्व सदस्य गुणवन्त राहुल सुमन छाबडा करेंगे।


### कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान

क्रमांक न पा.बि./नामा/2025/3134 दिनांकः- 10-09-25

#### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान व प्लाट गृहकर पंजिका में अन्तरण हेतु निम्न विरासत पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपति प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद, गुजरने पर कोई उज्र/आपति मान्य नहीं होगी।

नामान्तरण

| फाईल नं. | आवेदक नाम | मूल आंवटी/ नामान्तरण | भूखण्ड का विवरण | भूखण्ड का नाप | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|---|
| 157 | रामचन्द्र पुत्र घीसूलाल माली | सोला पुत्र भज्जा माली | आबादी मौहल्ला मुनीम कॉलोनी प्लॉट नं. 30 का पश्चिमी हिस्सा | 83.33 SQ.Yards | आवासीय |

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका बिजयनगर


## वरिष्ठ अध्यापक (संस्कृत शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा 2024, 6 अभ्यर्थियों को ऑनलाइन विस्तृत आवेदन पत्र भरने का अवसर

**अजमेर,(हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा वरिष्ठ अध्यापक (संस्कृत शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा- 2024 के अंतर्गत 6 अभ्यर्थियों को ऑनलाइन विस्तृत आवेदन पत्र भरने का अवसर दिया गया है। आयोग की उप सचिव चित्रा जैनानी ने बताया कि 19 अगस्त 2025 को जारी आरक्षित सूची में 6 नए अभ्यर्थियों को भी इस परीक्षा की विस्तृत आवेदन प्रक्रिया में शामिल किया गया था। ये वे अभ्यर्थी हैं जो 7 मई 2025 को जारी विचारित सूची में सम्मिलित नहीं थे। इन 6 नए अभ्यर्थियों के रोल नंबर इस प्रकार हैं 2314529 2327903 2344128 2433256 2576050 2651386 परीक्षा परिणाम दिनांक 19 अगस्त 2025 में गैर-अनुसूचित क्षेत्र की मुख्य सूची में सफल एक अभ्यर्थी के अपात्र पाए जाने के कारण रोल नंबर 2344128 के अभ्यर्थी को मुख्य सूची में मेरिट क्रमांक 62-ए पर संशोधित परिणाम दिनांक 3 सितंबर 2025 द्वारा प्रतिस्थापित किया जा चुका है। उक्त सभी अभ्यर्थियों को एसएसओ आईडी के माध्यम से रिक्रूटमेंट पोर्टल फॉर माय रिक्रूटमेंट-डिटेल्ड फॉर्म कम स्क्रुटनी- एप्लाई नाऊ पर जाकर अपना विस्तृत ऑनलाइन आवेदन पत्र भरना होगा। ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने का लिंक 13 से 14 सितंबर 2025 (रात्रि 11:59 ) तक खोला जाएगा। इसके बाद लिंक स्वतः निष्क्रिय हो जाएगा। निर्धारित तिथि के बाद इस संबंध में कोई अतिरिक्त अवसर नहीं दिया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन जमा करने के बाद, अभ्यर्थियों को इसकी दो प्रतियां प्रिंट कर सुरक्षित रखनी होंगी। इन प्रतियों के साथ, सभी मूल दस्तावेजों और उनकी स्व-सत्यापित प्रतियों को भी निर्धारित तिथि, समय और स्थान पर संस्कृत शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित दस्तावेज सत्यापन के लिए प्रस्तुत करना होगा।


### कार्यालय पंचायत समिति, जहाजपुर ( भीलवाड़ा )

क्रमांकः पसज/लेखा/निविदा/2025-26/1805 दिनांक : 11.09.2025

#### निविदा सूचना ( 2025-26/27 )

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पंचायत समिति जहाजपुर में जॉब बेसिस पर कार्मिक उपलब्ध कराने के लिए वर्ष 2025-26 हेतु निम्नानुसार निविदाएं बन्द लिफाफों में आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक फर्में/व्यक्ति वित्त विभाग के आदेश क्रमांक 30.04.2018 यथा संशोधित में वर्णित शर्तानुसार अपनी निविदाएं निर्धारित दिनांक तक मय धरोहर राशि विकास अधिकारी पंचायत समिति जहाजपुर के नाम डी.डी. बनाकर जमा करा सकते हैं।

| सेवा/ठेका का विवरण | अनु. राशि (लाखों में) | निविदा शुल्क रु. | धरोहर राशि रु. | निविदा विक्रय की अंतिम दिनांक व समय | निविदा जमा करने का अंतिम दिनांक व समय | निविदा खोलने की दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मशीन विद मैन (कम्प्युटर ऑपरेटर आवश्यकतानुसार ड्राईवर आवश्यकतानुसार) | 950000 | 500/- | 19000/- | दिनांक 12.09.2025 दोपहर : 1.00 बजे तक | दिनांक 22.09.2025 दोपहर : 2.00 बजे तक | दिनांक 23.09.2025 दोपहर 03.00 बजे से |

शर्तें :- विस्तृत शर्तें कार्यालय व वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है।

NIB Code : ZBL2526A1017
UBN Code : ZBL2526SSOB0181

विकास अधिकारी
पं.स. जहाजपुर ( भीलवाड़ा )

## सम्पादकीय...

### कायाकल्प करने वाला अभियान



राज्य सरकार द्वारा 15 सितंबर से 15 अक्टूबर तक राज्य के शहरी क्षेत्र में चलाए जाने वाले शहरी सेवा शिविर के जरिए राज्य सरकार अपनी योजनाओं का जन-जन तक लाभ पहुंचाने के साथ आमजन की समस्याओं का निवारण और शहरी क्षेत्र का कायाकल्प करने की तैयारी में लगी है यदि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप यह कार्यक्रम चला तो राजस्थान को आने वाले समय में इसका बहुत सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक लाभ होगा। मुख्यमंत्री अपनी मंशा के अनुरूप कह चुके हैं कि प्रदेश के हर शहर और कस्बे में इसका व्यापक असर दिखना चाहिए, तथा इनको स्वच्छ और सुरक्षित बनाने के साथ ही शिविरों में जन समस्याओं का निस्तारण भी प्राथमिकता के साथ किया जाना है। अभियान के दौरान शहरों में व्यापक स्तर पर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी, नालियों, सीवर लाइन, फेरों कवर और मेंन हाल की मरम्मत की जाएगी एवं प्रमुख चौराहे, पार्कों, सामुदायिक केदो और सार्वजनिक स्थलों को सौंदर्य कारण होगा इसी तरह सड़कों की मरम्मत होगी सीसी और डामर सड़क पर पेच का कार्य किया जाएगा, स्ट्रीट लाइटों को सुधारने के साथ ही अंधेरी और सुनसान सड़कों पर नई लाइट लगाई जाएगी ताकि नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके अभियान में राज्य सरकार के स्वास्थ्य शासन, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, ऊर्जा, सार्वजनिक निर्माण ,राजस्व, महिला एवं बाल विकास तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त भागीदारी रहेगी जिससे नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। अभियान के तहत लगने वाले शिविरों में जन्म मृत्यु एवं विवाह पंजीयन, फायर एनओसी, ट्रेड लाइसेंस ,साइनेज लाइसेंस सीवर कनेक्शन, ओ एफसी एवं मोबाइल टावर एन ओ सी, ई डब्लू एस प्रमाण पत्र अनुमोदित योजना के पट्टे , उप विभाजित पुनर्गठन, उपयोग परिवर्तन नामांतरण भवन निर्माण स्वीकृति लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टे जारी करना तथा यूडी टैक्स जमा करवाने की सुगम व्यवस्था की जाएगी।

*वैभव लोढ़ा...*

### इतिहास में आज

1948 – उप प्रधानमंत्री वल्लभ भाई पटेल ने सेना को हैदराबाद में घुस कर कार्रवाई करने और उसे भारतीय संघ के साथ एकीकृत करने का आदेश दिया।
2000 – भारत के विश्वनाथन आनन्द ने शेनयांन में पहला फ़िडे शतरंज विश्व कप जीता।
2006 – इब्सा का पहला शिखर सम्मेलन ब्राजील की राजधानी ब्रासीलिया में शुरू।
2009 – चन्द्रमा पर बर्फ़ खोजने का इसरो–नासा का अभियान असफल हुआ।

*-धर्म चंद मेहता*

### क्रॉस फायर

❑ नेपाल में अंतरिम प्रधानमंत्री के लिए प्रदर्शनकारियो में झड़प।
◆ झगड़ा कुर्सी का।
❑ प्रधानमंत्री मोदी बोले भारत मॉरीशस पार्टनर नहीं परिवार।
◆ पार्टनरशिप तो बराबर में होती है।
❑ केंद्र बोला राष्ट्रपति राज्यपाल पर डेडलाइन लागू करना गलत।
◆ पर संविधान से कोई ऊपर नहीं।
❑ सीआरपीएफ ने कहा राहुल गांधी सुरक्षा प्रोटोकॉल नहीं मानते।
◆ मानेंगे तो सरकार के बैंड कैसे बजेंगे।
❑ सीआरपीएफ की राहुल को लेकर जारी रिपोर्ट पर कांग्रेस बोली विपक्ष के नेता को डराने की छिपी हुई कोशिश।
◆ राजनीति में सब जायज।
❑ वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल बोले भारत अमेरिका व्यापार समझौते का पहला चरण नवंबर तक फाइनल।
◆ ख्याल सोचने में क्या बुरा है।
❑ राज्य में 15 सितंबर से 15 अक्टूबर तक आयोजित होगा शहरी सेवा शिविर।
◆ जनता को राहत मिलेगी।
❑ प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने कहा संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन कतई बर्दाश्त नहीं।
◆ हनन करेंगे भी तो क्या कर लोगे।


*..............अंजू लोढ़ा*


### आज का राशिफल


**शनिवार 13 सितम्बर, 2025**



**मेष राशि:** आज के दिन आपका स्वभाव थोड़ा चिड़चिड़ा रह सकता है। आज परिवार की किसी बुजुर्ग व्यक्ति से धनलाभ के योग आपकी राशि में दिखाई दे रहे हैं। आज वाणी में मधुरता बनाए रखें।



**वृषभ राशि:** आज दिनभर आपका मन चंचल बना रहेगा। एक जगह आपका मन नहीं रुकेगा। मन को एकाग्र करने के लिए मधुर संगीत सुनें। आज भाग्य आपके साथ है।



**मिथुन राशि:** आज दिन सामान्य रहेगा लेकिन आज छोटे छोटे कार्यों के लिए बड़ी बड़ी मेहनत आपको करनी पड़ सकती है। आज दैनिक कार्यों में व्यवधान भी आ सकते हैं। इसलिए अपने कार्यों पर ध्यान दें।



**कर्क राशि:** कर्क राशि वालों के लिए आज का दिन सामान्य है लेकिन आज आपको धैर्य बनाकर रखना होगा। अपने मन को काबू में रखना होगा। आज आपका मन ऐसे कार्यों की ओर दौडने की कोशिश करेगा।



**सिंह राशि:** आज भाग्य आपके साथ है। धन लाभ के योग दिखाई दे रहे हैं लेकिन आज आपको अपने स्वास्थ्य के प्रति थोड़ा सचेत रहने की आवश्यकता है। खाने पीने की वस्तुओं मैं सावधानी बरतनी जरूरी है।



**कन्या राशि:** आज का दिन धन लाभ वाला है। आज रुका हुआ धन आपके पास लौटेगा। अगर आप व्यापारी है तो सामान्य लाभ आपको होगा अगर आप बिजनेस करते हैं।


**तुला राशि:** आज आर्थिक लाभ के योग आपकी राशि में दिखाई दे रहे हैं। आज आय के स्त्रोत बनेंगे और ऐसे मौके आपको मिलेंगे जो भविष्य तक आपको धन लाभ देते रहेंगे।


**वृश्चिक राशि:** आप पिछले कुछ दिनों से जिन चिंताओं में घिरे हुए थे आज उनमें कमी आएगी। आज अपने लिए वस्त्र आप खरीदेंगे। खर्च की अधिकता आपकी राशि में आज दिखाई दे रही है।


**धनु राशि:** आज का दिन सामान्य से थोड़ा कम बेहतर है। अगर आप नौकरी करते हैं तो आज सीनियर से विवाद हो सकता है। अपने कार्यों को अच्छी तरह से पूर्ण करें। सहकर्मियों पर किसी भी कार्य को छोडना आज उचित नहीं है।


**मकर राशि:** आज परिवार में किसी बुजुर्ग का स्वास्थ्य अचानक बिगड़ सकता है। विशेषकर माता के स्वास्थ्य के प्रति आपको सचेत रहने की आवश्यकता है। आज छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा आपको आ सकता है।


**कुम्भ राशि:** आज आपकी जिम्मेदारी बढ़ेगी। परिवार में किसी व्यक्ति से अपका विवाद हो सकता है। छोटी-छोटी बातों पर बहस करना आपके लिए आज उचित नहीं है। पिता का भरपूर सहयोग आज आपको मिलने वाला है।


**मीन राशि:** आज दैनिक कार्यों में बाधाएं आ सकती हैं। रोजमर्रा के कार्यों के लिए आज आपको सामान्य से अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है। आज जीवन साथी से भी मतभेद होने की आशंका भी आपकी राशि में दिखाई दे रही है।



**राजेन्द्र गुप्ता**
ज्योतिषी और हस्तरेखाविद, मो. 9611312076

**नोट**- अगर आप अपना भविष्य जानना चाहते हैं तो दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल करके या इसी व्हाट्स एप नम्बर पर मैसेज भेजकर पहले शर्तें जान लेवें, इसी के बाद अपनी बर्थ डिटेल और हैंडप्रिंट्स भेजें।

### न्यूज़ चैनलों पर नफरती बयान

# प्रिंट मीडिया की साख आज भी कायम



**बाल मुकुन्द ओझा**

हमारा पड़ोसी देश नेपाल सोशल मीडिया से उत्पन्न हिंसक क्रांति की आग से सुलग रहा है। नेपाल में चल रहे विरोध प्रदर्शनों और हिंसा को लेकर भारत का सियासी पारा भी हाई है। वहीं हमारे यहां के बयानवीर नेता भारत में भी अपने बयानों के जरिये आग लगाने का कुत्सित प्रयास कर रहे है। रही सही कसर टीवी चैनलों की बहस पूरी कर रहे है। विभिन्न न्यूज़ चैनलों पर बहस के दौरान कांग्रेस सहित इंडिया ब्लॉक के नेता भारत में भी ऐसी घटनाओं के घटित होने पर अपनी आग उगलने लगे है। संजय राउत और उदित राज जैसे नेता कहां पीछे रहने वाले है। सोशल मीडिया को कुछ लोगों ने अपना हथियार बनाकर नेपाल के हालात की भारत से तुलना करने लगे हैं। सोशल मीडिया पर कह दिया कि लोग चर्चा कर रहे हैं जिस तरह से नेपाल, श्रीलंका और बांग्लादेश में सत्ता को जनता ने उखाड़ फेंका है, क्या भारत में ऐसा नहीं हो सकता। देश के नामी गिरामी न्यूज़ चैनलों पर अभद्रता, गाली गलौज और मारपीट की घटनाएं अब आम हो गई है। न्यूज चैनल्स की डिबेट्स की भाषाई मर्यादाएं और गरिमा तार तार हो रही है। ऐसा लगता है डिबेट्स में झूठ और नफरत का खुला खेल खेला जा रहा है। डिबेट्स और चैनलों का ये गिरता स्तर लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। प्रमुख पार्टियों के प्रवक्ता जिस प्रकार की भाषा का प्रयोग कर रहे है वह निश्चय ही निंदनीय और शर्मनाक है। देश में कुकुरमुत्तों की तरह न्यूज़ चैनलों की बाढ़ सी आ गई है। इन चैनलों पर प्रतिदिन देश में घटित मुख्य घटनाओं और नेताओं की बयानबाजी पर टीका टिप्पणियों को देखा और सुना जा सकता है। राजनीतिक पार्टियों के चयनित प्रवक्ता और कथित विशेषज्ञ इन सियासी बहसों में अपनी अपनी पार्टियों का पक्ष रखते है। न्यूज़ चैनलों पर इन दिनों जिस प्रकार के आरोप प्रत्यारोप और नफरती बोल सुने जा रहे है उससे लोकतंत्र की धज्जियाँ उड़ते देखा जा सकता है। बड़े बड़े और धमाकेदार शीर्षकों वाली इन बहसों को सुनकर किसी मारधाड़ वाली फिल्मों की यादें जाग्रत हो उठती है। एंकर भी इनके आगे असहाय नज़र आते है। कई बार छीना झपटी, गाली गलौज और मारपीट की नौबत आ जाती है। सच तो यह है जब से टीवी न्यूज चैनलों ने हमारी जिंदगी में दखल दिया है तब से हम एक दूसरे के दोस्त कम दुश्मन अधिक बन रहे है। समाज में भाईचारे के स्थान पर घृणा का वातावरण ज्यादा व्याप्त हो रहा है। बहुत से लोगों ने मारधाड़ वाली और डरावनी बहसों को न केवल देखना बंद कर दिया है अपितु टीवी देखने से ही तौबा कर लिया है। लोगों ने एक बार फिर इलेक्ट्रॉनिक के स्थान पर प्रिंट मीडिया की ओर लौटना शुरू कर दिया है। आज भी अखबार की साख और विश्वसनीयता अधिक प्रामाणिक समझी जा रही है। डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की अपेक्षा आज भी प्रिंट मीडिया पर लोगों की विश्वसनीयता बरकरार है। आज भी लोग सुबह सवेरे टीवी न्यूज़ नहीं अपितु अखबार पढ़ना पसंद करते है। प्रबुद्ध वर्ग का कहना है प्रिंट मीडिया आज भी अपनी जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन कर रहा है। इस समय देश के न्यूज चैनलों और सोशल मीडिया पर नफरत और घृणा के बादल मंडरा रहे है। देश में हर तीसरे महीने कहीं न कहीं चुनावी नगाड़े बजने शुरू हो जाते है। इस साल बिहार में चुनाव होने वाले है। चुनावों के आते ही न्यूज़ चैनलों की बांछें खिल जाती है। चुनावों पर गर्मागरम बहस शुरू हो जाती है। राजनीतिक दलों के नुमाइंदे अपने अपने पक्ष में दावे प्रतिदावे शुरू करने लग जाते है। इसी के साथ ऐसे ऐसे आरोप और नफरत पैदा करने वाली दलीले दी जाने लगती है कि कई बार देखने वालों का सिर शर्म से झुक जाता है। यही नहीं देश में दुर्भाग्य से कहीं कोई घटना दुर्घटना घट जाती है तो न्यूज़ चैनलों पर बढ़चढ़कर ऐसी ऐसी बातों की झड़ी लग जाती है जिन पर विश्वास करना नामुमकिन हो जाता है। इसीलिए लोग इलेक्ट्रॉनिक के स्थान पर प्रिंट मीडिया की विश्वसनीयता को अधिक प्रमाणिक मानते है। इसी कारण लोगों ने टीवी चैनलों पर होने वाली नफरती बहस को देखनी न केवल बंद कर दी अपितु बहुत से लोगों ने टीवी देखने से ही तौबा कर ली। गंगा जमुनी तहजीब से निकले भारतीय घृणा के इस तूफान में बह रहे हैं। विशेषकर नरेंद्र मोदी के प्रधान मंत्री बनने के बाद घृणा और नफरत के तूफानी बादल गहराने लगे है। हमारे नेताओं के भाषणों, वक्तव्यों और फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप और ट्विटर जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर सुचिता के स्थान पर नफरत, झूठ, अपशब्द, तथ्यों में तोड़-मरोड़ और असंसदीय भाषा का प्रयोग धड़ल्ले से होता देखा जा सकता हैं। हमारे नेता अब आए दिन सामाजिक संस्कारों और मूल्यों को शर्मसार करते रहते हैं। स्वस्थ आलोचना से लोकतंत्र सशक्त, परंतु नफरत भरे बोल से कमजोर होता है, यह सर्व विदित है। आलोचना का जवाब दिया जा सकता है, मगर नफरत के आरोपों का नहीं। आज पक्ष और विपक्ष में मतभेद और मनभेद की गहरी खाई है। यह अंधी खाई हमारी लोकतान्त्रिक परम्पराओं को नष्ट भ्रष्ट करने को आतुर है। देश में व्याप्त नफरत के इस माहौल को खत्म कर लोकतंत्र की ज्वाला को पुर्नस्थापित करने की महती जरूरत है और यह तभी संभव है जब हम खुद अनुशासित होंगे और मर्यादा की लक्ष्मण रेखा का उल्लंघन नहीं करेंगे।

# जीवित्पुत्रिका व्रत–संतान की लंबी उम्र का पर्व

**- महेन्द्र तिवारी**

हिंदू संस्कृति में मातृत्व का स्थान सर्वोच्च माना गया है। संतान की रक्षा, स्वास्थ्य और दीर्घायु के लिए किए जाने वाले अनेक व्रतों और उत्सवों में जीवित्पुत्रिका व्रत (जितिया व्रत) का विशेष महत्व है। यह पर्व मातृत्व की अटूट आस्था और संतान के प्रति समर्पण का प्रतीक है। विशेषकर बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश और नेपाल के कुछ हिस्सों में यह व्रत बड़े श्रद्धा भाव और परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ मनाया जाता है। व्रत की तिथि और अवधि जीवित्पुत्रिका व्रत हर साल आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है। इसके ठीक एक दिन पहले सप्तमी को नहाय-खाय की परंपरा होती है। वर्ष 2025 में नहाय-खाय 13 सितंबर को और जीवित्पुत्रिका व्रत 14 सितंबर को रखा जाएगा। अष्टमी तिथि का समापन 15 सितंबर की देर रात होगा, इसलिए पारण (व्रत खोलना) 15 सितंबर को सूर्योदय के बाद किया जाएगा। इस प्रकार व्रत की शुरुआत सप्तमी से होती है और नवमी को पूर्ण होती है। कई बार तिथि के अनुसार यह व्रत 36 घंटे तक भी चल सकता है। **नहाय-खाय की परंपरा** नहाय-खाय के दिन व्रती महिलाएं स्नान-ध्यान कर शुद्धता और संकल्प के साथ जीमूतवाहन देव की पूजा करती हैं। इसके बाद वे सात्विक भोजन करती हैं, जो अगले दिन के कठोर निर्जला उपवास की तैयारी मानी जाती है। इस अवसर पर विशेष रूप से मडुआ की रोटी, नोनी की साग, दही और चूड़ा (पोहा) खाने की परंपरा है। यह भोजन ऊर्जा देने वाला और पचने में हल्का होता है।

**जितिया व्रत का पालन** अष्टमी तिथि के दिन विवाहित महिलाएं निर्जला व्रत रखती हैं, अर्थात पूरे दिन और रात बिना भोजन और पानी के उपवास करती हैं। सूर्योदय से पहले वे केवल सात्विक आहार और जल ग्रहण कर सकती हैं। दिनभर वे जीमूतवाहन की पूजा करती हैं और संतान के कल्याण के लिए कथा सुनती या पढ़ती हैं। शाम को महिलाएं पीपल के पेड़ के नीचे एकत्र होकर कथा का पाठ करती हैं। पीपल के वृक्ष को ब्रह्मा, विष्णु और महेश का वास स्थल माना जाता है, अतः उसकी पूजा से सभी कष्ट दूर होने की मान्यता है। **जीमूतवाहन की कथा और महत्व** जितिया व्रत का आधार जीमूतवाहन की प्रेरणादायक कथा है। जीमूतवाहन गंधर्व राजकुमार थे, जिन्होंने एक नागिन के पुत्र को गरुड़ के आक्रमण से बचाने के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। उनके इस त्याग और निस्वार्थ प्रेम ने उन्हें संतान-सुरक्षा के प्रतीक के रूप में स्थापित कर दिया। यही कारण है कि जितिया व्रत में उनकी पूजा कर माताएं अपनी संतान की रक्षा और दीर्घायु की कामना करती हैं।

**व्रत कथा का पाठ और दान** व्रत का पूरा फल प्राप्त करने के लिए कथा का पाठ करना अथवा सुनना आवश्यक माना गया है। कथा सुनने से मन और विचार शुद्ध होते हैं तथा मातृत्व की शक्ति और प्रेम का महत्व स्मरण होता है। नवमी तिथि को व्रत खोलते समय व्रती महिलाएं गरीबों, ब्राह्मणों और जरूरतमंदों को भोजन, वस्त्र और दान प्रदान करती हैं। यह दान-पुण्य पितरों के आशीर्वाद और शुभ फल दिलाने वाला माना जाता है। जितिया का धागा इस पर्व का एक प्रमुख प्रतीक जितिया का धागा है। यह धागा मां और संतान के बीच के अटूट रिश्ते और सुरक्षा का प्रतीक माना जाता है। व्रत के दौरान मां और बच्चे दोनों इस धागे को पहनते हैं। व्रत पूर्ण होने के बाद इस धागे को लापरवाही से फेंकना अशुभ माना जाता है। इसे या तो जल में विसर्जित, तुलसी या पीपल पर चढ़ाना, या पूजा स्थल पर सुरक्षित रखना चाहिए। यह माना जाता है कि ऐसा करने से मां का आशीर्वाद हमेशा संतान के साथ बना रहता है। **धार्मिक और सामाजिक महत्व** जीवित्पुत्रिका व्रत केवल धार्मिक आस्था से जुड़ा अनुष्ठान नहीं है, बल्कि यह मां और संतान के रिश्ते की गहराई, परिवार की एकता, और सामुदायिक जुड़ाव को भी प्रकट करता है। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं सामूहिक रूप से यह व्रत करती हैं, जिससे सामाजिक एकजुटता और परंपरागत मूल्य सुदृढ़ होते हैं। यह पर्व मातृत्व के त्याग, धैर्य और शक्ति की याद दिलाता है। **निष्कर्ष** जीवित्पुत्रिका व्रत मातृत्व के प्रेम, समर्पण और त्याग का अनोखा पर्व है। यह सिर्फ एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि पीढ़ियों से चली आ रही सांस्कृतिक विरासत है, जो माताओं के संकल्प और संतान के प्रति अटूट प्रेम को जीवंत करती है। संतान की सुरक्षा और दीर्घायु के लिए किया जाने वाला यह व्रत, समाज में पारिवारिक मूल्यों, आस्था और सामूहिकता की भावना को भी मजबूत बनाता है। इसलिए जितिया व्रत को मातृत्व के उत्सव के रूप में देखना और इसकी परंपराओं का सम्मान करना हमारे सांस्कृतिक जीवन को और समृद्ध बनाता है।

## गर्व से कहो–हिंदी हैं हम

***डॉ.हरीश सुवासिया***

वर्तमान विश्व में भारत की पहचान हिंदी जुबान से है। हिंदी भाषा स्वतंत्रता से पहले, स्वतंत्रता के दौरान और स्वतंत्रता के बाद से लोकप्रिय भाषा बनी हुई है। हिंदी नाम फारसी के शब्द हिंद से आया है जिसका अर्थ है सिंधु नदी की भूमि। हिंदी भाषा इंडो-यूरोपियन परिवार के इंडो-आर्यन भाषाओं के सदस्यों में एक है किंतु इस भाषा में कोई भी लेख मौजूद नहीं है। हिंदी के कई शब्द ऐसे हैं, जो संस्कृत भाषा से प्रेरित हैं। हिंदी भाषा मूलत: ध्वन्यात्मक लिपि में लिखी गयी है। इस भाषा के शब्दों को हम उसी तरह स्पष्ट करते हैं जिस तरह से इन्हें लिखा गया है। ऐसे कई शब्द हैं जिन्हें पढ़कर लगता है कि ये अंग्रेजी के शब्द हैं लेकिन वस्तुत ये शब्द हिंदी भाषा के हैं, जैसे- जंगल, लूट, बंगला, योग, कर्म, अवतार, गुरु आदि। हिंदी भाषा में सभी संज्ञाओं में लिंग हैं। यह या तो स्त्रीलिंग हैं या पुल्लिंग हैं। इसमें विशेषण और क्रियाएँ लिंग के आधार पर अलग-अलग होती हैं। हिंदी उन सात भाषाओं में से एक है जिसका इस्तेमाल वेब एड्रेस बनाने के लिए भी किया जाता है। दुनिया में हर ध्वनि को हिंदी भाषा में लिखा जा सकता है। हिंदी भाषा का प्रयोग केवल भारत में ही नहीं बल्कि विश्व के अन्य देशों- पाकिस्तान, फिजी, नेपाल, श्रीलंका, सिंगापुर, न्यूजीलैंड, यूनाइटेड अरब अमीरात, ऑस्ट्रेलिया आदि में भी किया जाता है। वैश्विक भाषा बनने की पहली शर्त यह है कि अधिक से अधिक लोग उस भाषा में संवाद करें,उसमें दूसरी भाषाओं के शब्दों को आत्मसात करने की क्षमता हो, उसका साहित्य समृद्ध हो इत्यादि। इन सभी कसौटियों पर हिंदी भाषा खरी उतरती है। आज विश्व के अनेक देशों के करोड़ों लोग हिंदी लिखते एवं बोलते हैं। चीन की भाषा मंदारिन दुनिया में सबसे अधिक बोली जाती है। इसे बोलने वालों की संख्या लगभग 1.3 अरब है। इस क्रम में दूसरे स्थान पर स्पेनिश, तीसरे स्थान पर हिंदी है। विश्व में हिंदी बोलने वालों की संख्या लगभग साठ करोड़ से अधिक है। वर्तमान में लगभग तीन दर्जन से अधिक देशों में हिंदी भाषा का बोलचाल की भाषा के रूप में प्रयोग करते है। हिंदी भाषा पूरी दुनिया में तीसरी व्यापक रूप से बोली जाने वाली भाषा है दूसरे देश जहाँ पर व्यापक रूप से हिंदी बोली जाती है उनमें पाकिस्तान, नेपाल, मॉरीशस, फिजी, गुयाना, सूरीनाम आदि शामिल हैं। दुनिया भर के लोग हिंदी गीतों और हिंदी फिल्मों को पसंद करते हैं! यह उन लोगों का हिंदी भाषा के प्रति स्नेह और अपनापन है इधर भूमंडलीकरण और बजारवाद की वजह से हिंदी की लोकप्रियता दिनोंदिन बढ़ रही है। आज दुनिया एक गाँव बन गयी है। विश्व के लिए भारत का बाजार बहुत ही बड़ा है और इसके विस्तार की अपार संभावना है। भारत की बहुसंख्यक आबादी हिंदी भाषी है। इसलिये, भारतीय बाजार में घुसने का रास्ता हिंदी भाषा के सहारे से गुजरता है। बहुराष्ट्रीय उत्पादों का विज्ञापन हो या प्रचार प्रसार की भाषा हो, जब तक वह हिंदी में नहीं होगी, किसी उत्पाद को भारत में बेचना मुश्किल है। बड़ा बाजार होने के कारण ही अंग्रेजी व दूसरी विदेशी भाषाई फिल्मों को हिंदी में डब किया जा रहा है। इतना ही नहीं दक्षिण भारत एवं पंजाबी फिल्मों को भी हिंदी में डब किया जा रहा है। जाहिर है, हिंदी के विस्तार में भारतीय बाजार बड़ी भूमिका निभा रहा है ! यह सब हिंदी को व्यापक और विशाल भाषा बनाते है! इधर एक कटु सत्य यह है कि हिंदी भाषा दुनिया की चौथी व्यापक बोली जाने वाली भाषा बन गई लेकिन इसके अपने देश के लोग इसके महत्व को भूलते जा रहे हैं। अब तो जहाँ देखो वहाँ लोग अंग्रेजी को ही अधिक महत्व दे रहे हैं। स्कूल, कॉलेज, कॉर्पोरेट, कार्यालयों आदि हर जगह अंग्रेजी को हिंदी से ज़्यादा प्राथमिकता दी जा रही है। यही कारण है कि हिंदी अंग्रेजी से पिछड़ती जा रही है। हमें सरकारी और वैयक्तिक स्तर पर माता-पिता और शिक्षको को अपने बच्चों को अंग्रेजी के बजाय हिंदी सीखने पर प्रेरित करना हैं क्योंकि अब हिंदी भाषा का वैश्विक दायरा बढा है वह ज्ञान और रोजगार पाने में बेहतर मददगार बन रही है। हिंदी हमारे देश की सबसे प्रमुख भाषाओं और सबसे ज़्यादा बोली जाने वाली भाषाओं में से एक है। देश में हिंदी भाषा को हर कोई आसानी से समझ सकता है और बोल सकता है। कई लोगों के मन में यह प्रश्न उठता है कि भारत की राष्ट्र भाषा कौन सी है? तो आपको जानकारी के लिए बता दें कि हिंदी भारत की राष्ट्र भाषा नहीं हैं बल्कि हिंदी भारत की 'राजभाषा' है, जिसे 14 सितंबर, सन् 1949 को भारतीय संविधान से संवैधानिक दर्जा प्राप्त हुआ था। संविधान सभा ने देवनागरी लिपी में लिखी हिंदी को भारत की भाषा के तौर पर अपना लिया और 14 सितंबर, सन् 1949 के दिन हिंदी को राजभाषा का दर्जा मिल गया। हमारे देश के सबसे पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने कहा- इस दिन के महत्व को देखते हुए हर साल 14 सितंबर का दिन हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाएगा। अगर देखा जाये तो हिंदी भाषा का इतिहास 12वीं शताब्दी का है जिसका उदय आज से लगभग 300 साल पहले हुआ था। हिंदी भाषा पूरे विश्व में सबसे पुरानी, प्राचीन और प्रभावशाली भाषाओं में से एक है। हमें हमारी मातृभाषा हिंदी को बोलने में सदैव गौरवान्वित महसूस करना चाहिए।

## महागठबंधनो की बढ़ती महिला



**कांतिलाल मांडोत**

भारतीय लोकतंत्र 1977 के बाद से ही एक पार्टी के प्रभुत्व और कई पार्टियों के महा गठजोड़ के बीच झूलता आ रहा है।पहले कांग्रेस का दबदबा हुआ करता था तो मई 2014 के बाद से भारतीय जनता पार्टी इस हैसियत में पहुंच गई । वैसे, राज्यों में तो गठबंधन का दौर काफी पहले 1967 में ही आ गया था, जब कांग्रेस 16 विधानसभा चुनावों में से आठ में हार गई थी।उत्तर के इन सात राज्यों और दक्षिण के तमिलनाडु में गठबंधन सरकारों और वैचारिक रूप से व्यापक गठबंधनों का प्रयोग हुआ था। ये तमाम गठबंधन भले नाजुक, अस्थायी और परेशानी वाले रहे हों, अगर इनमें मतदाताओं का व्यापक प्रतिनिधित्व हुआ करता था। फिर 1977 में इंदिरा गांधी की निरंकुश इमरजेंसी और जेपी आंदोलन की परिणति जनता पार्टी के रूप में एक महागठबंधन में हुई, जिसमें वैचारिक रूप से विपरीत ध्रुव की पार्टियां शामिल थीं-जनसंघ से लेकर वाम मोर्चे तक. जयप्रकाश नारायण कांग्रेस विरोधी विपक्ष के मसीहा बन गए।1977 के इसी प्रयोग के आधार पर विश्वनाथ प्रताप सिंह ने 1989 में राजीव गांधी को सरकार के खिलाफ गठबंधन बनाने का कामचलाऊ प्रयोग किया जिसमें बीजेपी और वाम मोर्चे को सहयोगी के रूप में शामिल किया गया। आगे चलकर 1996 में दिल्ली में दो और अल्पमत संयुक्त मोर्चा सरकारों के प्रयोग हुए-एक एच.डी. देवेगौड़ा के नेतृत्व में और दूसरा इंदर कुमार गुजराल के नेतृत्व में।

उस समय तक क्षेत्रीय पार्टियों और राज्यों के क्षत्रपों की महत्वाकांक्षाओं का उभार इतना हो चुका था कि चुनावी नजरिए से राष्ट्रीय पार्टियों के लिए उन्हें नजरअंदाज करना लगभग नामुमकिन हो गया। लिहाजा, दो प्रमुख राष्ट्रीय गठबंधनों की नींव पड़ी, जो भारतीय राजनीति की नई हकीकत बन गए। कांग्रेस के नेतृत्व वाला संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) और बोजेपी के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) पिछले दो दशकों से क्षेत्रीय दलों ने इन्हीं में से किसी एक के साथ अपनी निष्ठाओं और अपने चुनावी भविष्य को बांध रखा है।हालांकि पिछले दौर में इस तरह के गठबंधन नाजुक रहे और कोई भी सरकार में कार्यकाल पूरा करने में कामयाब नहीं हो पाया। लेकिन 1998 के बाद से केंद्र में सत्ता में आए गठबंधन टिकाऊ रहे और सभी ने पांच साल का कार्यकाल पूरा किया। 2014 के आम चुनावों में मोदी के नेतृत्व में बीजेपी को बहुमत मिला लेकिन उसने फिर भी एनडीए की छतरी तले ही बने रहना पसंद किया और जिन राज्यों में वह सत्ता में नहीं थी।वहां भी उसने एनडीए के नाम से ही चुनाव लड़ा। यह भाजपा की साफ नीतियों का ही परिणाम है कि जनसंघ से निकले रास्ट्रीय फलक के नेता विश्वास संपादन करने में ही अपनी योग्यता समझते है।इनकी कथनी और करनी समान होती है। हालांकि कांग्रेस को जब यह लगने लगा कि बीजेपी का रथ रोकना असंभव सा है। बिहार में चतुर लालू प्रसाद यादव के बेटे तेजस्वी और राहुल गांधी ने मिलकर बिहार में वोटनीति को लेकर और भाजपा पर वोट चोरी का आरोप लगाकर शहर शहर वोट अधिकार यात्रा निकाली।उसके पूर्व इंडिया गठबंधन का पूरा सहयोग माना जा रहा था।लेकिन इंडिया गठबंधन के कई दल वोट चोरी के इस आरोप में शामिल नही हुए।उसकी बड़ी वजह थी कि वे साख खराब नही करना चाहते है। अब सवाल है कि 2025 में कौन जीतेगा ? एनडीए ताकतवर बना रहेगा या फिर बिहार की तर्ज पर किसी महागठबंधन से मात खा जाएगा ? यकीनन, इस वर्ष बिहार में विधानसभा चुनाव होने है। नरेंद्र मोदी लोकप्रिय बने हुए हैं और ये गरीबों के हक की लड़ाईलड़ते है।देश को फायदे में तब्दील कर लिया है। दूसरे, कांग्रेस के राहुल गांधी से मिलने वाली चुनौती भले ही पिछले कई साल में कमजोर पड़ी हो लेकिन वे अब भी मोदी को टारगेट करना नही छोड़ते है।

वे सबसे प्रमुख प्रतिद्वंद्वी बने हुए हैं। तीसरे, अन्य% की श्रेणी में बताए जाने वालों की चुनौती बढ़ी है। क्या ये सभी मिलकर राष्ट्रीय स्तर पर जेपी की शैली का एक महागठबंधन बनाकर 2025 में बीजेपी के सामने तगड़ी चुनौती पेश कर सकते हैं? बिहार में नीतीश और लालू का महागठबंधन व्यापक गठजोड़ विचारो के नए स्वरूप की बेहतरीन मिसाल पेश नही कर सका। दोनो नेता जेपी के शिष्य रहे है।जो महागठबंधन की राजनीति के जनक माने जाते हैं।अब सवाल यहीं है कि क्या राष्ट्रीय स्तर पर इस तरह के किसी गठबंधित में कांग्रेस को पार्टी के तौर पर स्वीकार किया जा सकता है जो लंबे समय तक मुख्य देश में अकेली सबसे बड़ी पार्टी रही है। कांग्रेस बिहार में 2015 के महागठबंधन का भी हिस्सा थी।

# डाक दिवस पर जिला स्तरीय मेगा डाक मेला आयोजित



**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** अन्तर्राष्ट्रीय डाक दिवस पर जिला स्तरीय मेगा डाक मेला जिला पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर के मुख्य आतिथ्य मंडल अधीक्षक रामअवतार सोनी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया,

उक्त मेले में स्कूली बच्चों के लिए भाषण, निबंध,प्रश्नोत्तरी पोस्टर पेंटिंग की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिसमें नगर के सुप्रतिष्ठित सात विद्यालयों ने सहभागिता की आयोजित प्रतियोगिताओं में नगर के पूजा इंटरनेशनल स्कूल के बालकों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया,हिन्दी भाषण प्रतियोगिता में इस विद्यालय की अर्पिता ने प्रथम अँग्रेजी भाषण प्रतियोगिता में इस विद्यालय के भैया विराज शिंदे ने प्रथम हिन्दी निबंध प्रतियोगिता में इस विद्यालय की प्रेक्षा सिंह ने द्वितीय अँग्रेजी निबंध में इस विद्यालय से धानी ने प्रथम पेंटिंग पोस्टर प्रतियोगिता में भी इसी विद्यालय से वंदना ने प्रथम स्थान रीत बांगड़ ने विशिष्ट योग्यता प्राप्त कर अपने विद्यालय के नाम को गौरवान्वित किया,विद्यालय की वंदना सभा में इन सभी प्रतिभावान बालकों को विभाग द्वारा पारितोषिक प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया, इस अवसर पर पूजा इंटरनेशनल स्कूल के प्रबन्ध निदेशक बजरंगसिंह जोधा को भी उनके संस्थान के उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु डाक विभाग का प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया, डाक विभाग की और से निरीक्षक डाकघर राज चौधरी विभागीय प्रतिनिधि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित हुए।

# राजस्थान पुलिस द्वारा जारी हेल्पलाइन नम्बर से लोगों को मिली राहत, लोगों ने की राजस्थान पुलिस की तहे दिल से प्रशंसा

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** महानिदेशक पुलिस राजस्थान राजीव शर्मा के निर्देशानुसार नेपाल में फंसे भारतीय नागरिकों और उनके परिजनों के लिए जारी राजस्थान पुलिस की हेल्पलाइन नंबर मददगार साबित हो रहा है,

जिससे काफी लोगों को राहत मिली है। इस पहल की काफी सराहना की गई और राजस्थान पुलिस को धन्यवाद दिया गया। इस बारे में जानकारी देते हुए महानिरीक्षक पुलिस, कानून एवं व्यवस्था, अनिल कुमार टांक ने बताया कि बुधवार को इन हेल्पलाइन नंबरों पर कुल 43 व्यक्तियों ने सहायता मांगी, जिन्हें ना केवल गंभीरता से सुना गया अपित कुछ ही समय पर उनके द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब देकर संतुष्ट किया गया। उन्होंने बताया कि भारतीय दूतावास ने भारतीय नागरिकों को सलाह दी है कि वे अभी काठमांडू न आएं। भारतीय दूतावास ने बताया है कि वह संबंधित नागरिकों के साथ निरंतर संपर्क में है तथा सभी को सुरक्षित रूप से स्वदेश लौटने के प्रयास जारी हैं। मंगलवार को 23, बुधवार को 12, एवं गुरूवार को 8 व्यक्तियों ने सूचनाएं दी। सूचनाकर्ताओं ने बताया कि उनके परिजन पशुपतिनाथ मंदिर के आसपास स्थित गेस्ट हाउस पर कंपनी की बसों से गए थे, जहां आंदोलनकारियों ने बसों में तोड़फोड़ की। इस स्थिति में फंसे पर्यटकों को हेल्पलाइनों के माध्यम से मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

राज्य सरकार को सूचनाकर्ताओं की समस्याओं से अवगत करवाकर प्रभावित पर्यटकों को बसों व हवाई जहाज द्वारा सुरक्षित बाहर निकालने के प्रयासों की जानकारी दी गई। भारतीय दूतावास ने पर्यटकों को होटल में ठहराया तथा एयरपोर्ट पर सुरक्षा प्रदान की गई। जो यात्री बसों से गए थे, वे स्थानीय प्रशासन के सहयोग से सीमा पार कर भारत लौट रहे हैं। अधिकांश पर्यटकों की वापसी हवाई जहाज और बसों द्वारा सुनिश्चित की जा रही है। सूचनाकर्ताओं से उनकी समस्याओं बाबत फीडबैक लिया जा रहा हैं, जिसमें वे पुलिस व सरकार द्वारा किए गए प्रयासों की प्रशंसा कर रहे हैं। सूचनाकर्ताओं ने बताया कि उनका परिजनों से सम्पर्क हो रहा है तथा वे सुरक्षित तरीके से हवाई जहाज अथवा बस द्वारा वापस लौटट रहे हैं। उल्लेखनीय है कि नेपाल में विभिन्न कारणों से फंसे भारतीय नागरिकों की सहायता के लिए राजस्थान पुलिस के मुखिया पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा के निर्देशानुसार पुलिस मुख्यालय में एक विशेष सेल स्थापित किया गया है। इसके लिए 24×7 हेल्पलाइन और व्हाट्सएप नंबर जारी किए गए। सेल की जिम्मेदारी एसपी कानून एवं व्यवस्था गोवर्धलाल सोकरिया को सौंपी गई, वहीं तीन अनुभवी पुलिस अधिकारियों को राउंड द क्लॉक ड्यूटी पर लगाया गया है। इस पहल से नेपाल में फंसे भारतीय नागरिक और उनके परिजन अब राजस्थान पुलिस की मदद से सीधे संपर्क कर सकते हैं। किसी भी परेशानी, सूचना या शिकायत के लिए हेल्पलाइन नंबर 0141-2740832 तथा 0141-2741807 पर कॉल के जरिये और व्हाट्सएप नंबर 97849-42702 पर मैसेज कर मदद मांग सकते है।

## न्यूज विंडो

### एसआईपीएफ विभाग करेगा मुख्यमंत्री आयुष्मान दुर्घटना बीमा योजना के सहायता केन्द्र के रूप में कार्य

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** प्रदेश में जरूरतमंद, असहाय व अल्प आय वर्ग के लिए संचालित मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना एवं राजस्थान सरकार की स्वास्थ्य योजना में बीमित /पंजीकृत समस्त परिवारों के लिए दुर्घटनाओं के कारण होने वाली मृत्यु अथवा पूर्ण स्थाई अपंगता की स्थित में आर्थिक संबंल प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री आयुष्मान दुर्घटना बीमा योजना संचालित की जा रही है। संयुक्त निदेशक राज्य बीमा एवं प्रा.नि. विभाग प्रियंका मेहरानिया ने बताया कि योजना में आठ प्रकार की दुर्घटनाओं यथा रेल, वायु, सड़क दुर्घटना, ऊँचाई से गिरने तथा ऊँचाई से किसी वस्तु के गिरने, मकान के ढहने के कारण, थ्रेशर मशीन, कुट्टी मशीन, आरा मशीन, ग्लाईन्डर आदि से, बिजली के झटके, डूबने, जलने एवं रासायनिक द्रव्यों के छिड़काव से होने वाली दुर्घटनाओं में मृत्यु/क्षति होने पर अधिकतम दस लाख रुपये प्रति परिवार प्रति वर्ष आधार पर सहायता राशि प्रदान की जा रही है। योजना में लाभ प्राप्त करने हेतु एमएडीबीवाई पोर्टल पर दावेदार स्वयं अथवा ई-मित्र के माध्यम से दावा आसानी से ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकता है। मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के अन्तर्गत चाप्क् श्रेणी की पॉलिसी के लाभार्थी यथा समय पर अपनी पॉलिसी का नवीनीकरण करवाए, सीमान्त कृषक श्रेणी एवं कोविड श्रेणी के लाभार्थी प्रतिवर्ष अपनी पॉलिसी डाउनलोड कर लेवे, लाभार्थी परिवार के प्रत्येक सदस्य का पंजीयन जनाधार में करवाए तथा लाभार्थी परिवार बिना किसी मध्यस्थ के, स्वयं के स्तर पर आसानी से मुख्यमंत्री आयुष्मान दुर्घटना बीमा योजना में दावा प्रस्तुत कर सकता है।

किसी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने, कठिनाई आने पर एसआईपीएफ विभाग के जिला कार्यालय राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग के सहायता केन्द्र, हेल्पलाइन नम्बर 01482-232622 पर अथवा कन्ट्रोल हेल्पलाइन नं. 18001806268 पर सम्पर्क कर सहायता प्राप्त कर सकता है।

### पट्टे, पेंशन और सफाई से लेकर जन्म, मृत्यु विवाह पंजीयन तक सारे काम होंगे अब आपके वार्ड में

**बूंदी (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार नगरीय निकायों में 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक शहर चलो अभियान-2025 का आयोजन किया जाएगा। अभियान के तहत वार्ड स्तर पर शिविर लगाकर आमजन की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया जाएगा और विभिन्न सरकारी योजनाओं के लिए आवेदन लिए जाएंगे। बूँदी शहरवासियों को अपने छोटे-बड़े कामों के लिए अब बार-बार नगर परिषद कार्यालय नहीं जाना पड़ेगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य शहर की मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त करने के साथ ही आमजन से जुड़े प्रशासनिक कार्यों को उनके घर के नजदीक ही पूरा करना हैं। इसके लिए नगर परिषद द्वारा वार्डवार कैम्पों का विस्तृत कार्यक्रम तैयार किया गया हैं। ये कैम्प सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक लगेंगे, जहां संबंधित विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहेंगे।

नगर परिषद आयुक्त धर्मेन्द्र मीणा ने बताया कि अभियान के दौरान परिषद की टीमें वार्डों में घूमकर सफाई व्यवस्था, टूटी सड़कों, बंद स्ट्रीट लाइटों और खुले सीवरेज जैसी समस्याओं का तत्काल समाधान करेंगी। विशेष साफ-सफाई, खराब स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत व नई लाइटें लगाना, टूटे फेरोकवर व नाली के ढक्कन बदलना, सड़कों का पेच वर्क, सार्वजनिक पार्क और शौचालयों की सफाई व मरम्मत, सीवरेज कनेक्शन व रिपेयर की जाएगी। नगर परिषद कार्यालय में लंबे समय से अटकी पड़ी पत्रावलियों का विशेष अभियान चलाकर निस्तारण किया जाएगा। योजनाओं और सेवाओं के लिए किया जा सकेगा आवेदन नगर परिषद आयुक्त ने बताया कि अभियान के तहत आयोजित शिविरों में स्टेट ग्राण्ट, कच्ची बस्ती, 69ए व कृषि भूमि के पट्टे, भू-उपयोग परिवर्तन, खांचा भूमि, नामान्तरण, उप-विभाजन-एकीकरण तथा लीज मुक्ति प्रमाण पत्र, भवन निर्माण मंजूरी, ट्रेड लाइसेंस और फायर एनओसी, जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीयन, स्ट्रीट वेण्डर रजिस्ट्रेशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) तथा स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत घरेलू शौचालय निर्माण के लिए आवेदन किया जा सकेगा।

### मेरा युवा भारत बूंदी से संबद्ध युवा मंडलों के लिए खेल सामग्री प्राप्त करने हेतु आवेदन शुरू

**बूंदी (हुक्मनामा समाचार)।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय (भारत सरकार) के अंतर्गत कार्यरत मेरा युवा भारत बूंदी से संबद्ध युवा मंडलों में खेल की भावना, फिट इंडिया एवं स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से जिले में 30 सक्रिय युवा मण्डलों को खेल सामग्री वितरित की जाएगी द्व यह पहल युवाओं के शारीरिक और मानसिक विकास को बढावा देने की दिशा में एक साझा प्रयास हैं द्व खेल सामग्री का वितरण इसी दिशा में एक प्रयास है, ताकि युवा शारीरिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग ले सकें। यह युवाओं को न केवल खेल के लिए प्रेरित करेगा, बल्कि उन्हें अनुशासन, टीम वर्क और नेतृत्व जैसे महत्वपूर्ण कौशल भी सिखाएगा। खेल सामग्री के लिए आवेदन करने के इच्छुक युवा मंडलों को सबसे पहले, यह सुनिश्चित करना है कि युवा मंडल एवं मंडल के सभी सदस्य माई भारत पोर्टल पर पंजीकृत हो। अगर अभी तक पंजीकरण नहीं कराया है, तो पोर्टल पर जाकर पंजीकरण कराएं। जिन युवा मंडलों ने माय भारत केंद्र के कार्यक्रमो में 2024-25 में सक्रिय रूप से भाग लिया होगा उन्हें खेल सामग्री दी जावेगी। इच्छुक युवा मंडल निर्धारित प्रारूप में आवेदन भर कर जिला युवा अधिकारी बूंदी के कार्यालय में दिनांक 25 सितम्बर 2025 तक जमा करवा सकते हैं।

### अंता विधानसभा उपचुनाव मतदाता सूची के लिए विशेष अभियान कल

**बारां (हुक्मनामा समाचार)।** जिले की अंता विधानसभा के उपचुनाव के तहत मतदाता सूची के लिए सभी प्राप्त दावे और आपत्तियों का निस्तारण 25 सितम्बर तक किया जाएगा। इसके उपरांत 1 अक्टूबर, 2025 को मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर ने बताया कि बताया कि मतदाता सूची संबंधित कार्य के लिए 14 सितम्बर (रविवार) को विशेष अभियान तिथि निर्धारित की गई है। इस दिन विधानसभा क्षेत्र अंता के सभी मतदान केन्द्रों पर बूथ लेवल अधिकारी उपस्थित रहेंगे और दावे-आपत्तियां प्राप्त करेंगे।

# शिक्षा विभाग द्वारा जारी प्रखर राजस्थान 2.0 अभियान विद्यालय में नवाचार के रूप में करवाया



**कुचेरा (हुक्मनामा समाचार)।** कुचेरा शहर के निकटवर्ती ग्राम फिरोजपुरा के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में राज्य सरकार व शिक्षा विभाग द्वारा जारी प्रखर राजस्थान 2.0 अभियान जो 90 दिवसीय है को आज विद्यालय में नवाचार के रूप में करवाया गया। प्रधानाध्यापक रामरतन जेठू ने बताया कि आज विद्यालय के बच्चों को विभिन्न प्रकार की सामग्री जैसे चार्ट, चित्र, फल, फूल, खेलने की सामग्री, खेल-खेल में विभिन्न प्रकार की प्लास्टिक सीट से चित्र बनाना आकृति बनाना, इस प्रकार की सैकड़ों सामग्रियों से बच्चों को समूह के माध्यम से अक्षर पहचानना, चित्र पहचानना आदि की जानकारी दी गई। प्रखर राजस्थान 2.0 के प्रभारी सुनिल कुमार ने बताया कि विद्यार्थियो के समूह जो बीज, अकुरण, पुष्पन इस प्रकार बनाये गये है समूह में बच्चों को कहानी चार्ट, चित्र चाई गतिविधी, शिक्षक कहानी चार्ट इत्यादि के माध्यम से बच्चों का मौखिक भाषा विकास ध्वनि विकास धाराप्रवाह पठन, लेखन व समझने की गति का विकास होगा। इस प्रकार की अनेक सारी सामग्रिया बच्चों को उपलब्ध करवाई गई। इस कार्यक्रम में विद्यालय के कर्मचारी सुनिल कुमार, प्रीतम सिंह, विजेन्द्र भाकल, पूनम उपस्थित रहे।

# एक मुश्त समाधान योजना का 30 सितंबर तक मिलेगा लाभ

**बारा (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान अनुसूचित जाति जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम के अन्तर्गत एक मुश्त समाधान योजना लागू की गई है। जिसमें ऋणी के ब्याज और दण्डनीय ब्याज की छूट का प्रावधान किया गया है। ऋणी केवल मूल राशि को जमा कर नोड्यूज प्राप्त कर सकेंगे। अनुजा निगम परियोजना प्रबन्धक शुभम नागर ने बताया कि इस योजनान्तर्गत 30 सितंबर तक ऋणी अपनी मूल राशि को चेक के माध्यम से या सीधे कार्यालय के बैंक अकाउंट में जमा कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात यह योजना का लाभ नहीं मिल सकेगा।

# धरियावद बार एसोसिएशन ने उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन, उदयपुर में हाईकोर्ट खंडपीठ की मांग



**धरियावद (हुक्मनामा समाचार)।** धरियावद बार एसोसिएशन की ओर से शुक्रवार को उपखंड अधिकारी सत्यनारायण विश्नोई के मार्फत भारत सरकार, नई दिल्ली के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में उदयपुर में राजस्थान उच्च न्यायालय की खंडपीठ की स्थापना की मांग की गई। मेवाड़ वागड़ हाईकोर्ट बेंच संघर्ष समिति का गठन कई वर्ष पूर्व किया गया था। इसमें उदयपुर, राजसमंद, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़, बांसवाड़ा, डूंगरपुर और सलूंबर जिले के अधिवक्ता विगत 44 वर्षों से लगातार सहयोग कर रहे हैं। बताया गया कि हाल ही में बीकानेर में वर्चुअल हाईकोर्ट बेंच की स्थापना का प्रस्ताव पास होने की सूचना है, किंतु उदयपुर में खंडपीठ की स्थापना को नज़रअंदाज़ किया जा रहा है। इसे मेवाड़-वागड़ क्षेत्र के अधिवक्ताओं के साथ कुठाराघात बताया गया है। धरियावद बार एसोसिएशन ने निर्णय लिया कि दिनांक 12 सितंबर 2025 को समस्त अधिवक्ता न्यायालयों में अनुपस्थित रहकर आंदोलन में सहयोग करेंगे। अधिवक्ताओं का कहना है कि उदयपुर संभाग आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है और यहां हाईकोर्ट खंडपीठ स्थापित होने से आमजन को सस्ता और सुलभ न्याय मिल सकेगा। ज्ञापन सौंपने वालों में से. मोहम्मद सरफराज, से. ताज मोहम्मद, करण सिंह कोठारी (उपाध्यक्ष), आशिक मंसूरी, चन्दुलाल परमार, हरिसिंह कोठारी, केशुलाल मीणा, हरीश मेघवाल, मोहम्मद रफीक मंसूरी, महेशपुरी, मुन्नवर हुसैन मंसूरी, छत्रपाल सिंह राणावत, कमलेश नागौरी, से. मोहम्मद इरफान, मांगीलाल गायरी, राजन कोठारी, तपन कोठारी, संदीप मल्हारा, हितेंद्र सिंह राणावत, आशा मेघवाल, शांति कुमारी मीणा, शंकरलाल मीणा, हेमेन्द्र सिंह चुडावत, ज्योति मेघवाल सहित कई अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# गंगापुर में खस्ताहाल सड़क के लिए जनहित याचिका दायर, विधायक लादू लाल पितलिया और पालिकाध्यक्ष तेली को बनाया पक्षकार

**गंगापुर भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** पिछले 6 सालों से नगर की सहाड़ा चौराहा से कोर्ट चौराहा व रायपुर रोड़ मिल तक की दो तरफा सड़क निर्माण काफी दिनों से आमजन के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। पूर्व विधायक स्व. कैलाश त्रिवेदी के नाम गंगापुर में प्रवेश रास्ते को दो तरफ सड़क निर्माण नगर पालिका के पूर्व कार्यकाल में स्वीकृत हुआ था। विधायक त्रिवेदी के निधन व नगरपालिका बोर्ड का कार्यकाल समाप्त होने से नये नगरपालिका बोर्ड गठन के पश्चात ठेकेदार,अधिकारियों व नगरपालिका जनप्रतिनिधिगण में कमीशन खोरी के चक्कर में यह सड़क अधरझूल में पड़ गयी। नगर की जनता इस अधुरे निर्माण के लिए कई आंदोलन तक किए मगर सूधार नहीं हुआ। स्थानीय बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने सिविल न्यायाधीश गंगापुर में एक वाद दायर कर सड़क निर्माण की गुहार लगाई है। याचिकाकर्ता अधिवक्ता रितेश सुराणा, आनंदपाल सिंह, रामेश्वर लाल जाट,गणपत राणवा, पुष्पेंद्र सिंह ने अधिशासी अधिकारी, सहायक अभियंता, उपखण्ड अधिकारी, डीवाईएसपी, पालिका अध्यक्ष दिनेश चंद्र तेली व विधायक लादू लाल पितलिया को पक्षकार बनाते हुए धारा 91सीपीसी में याचिका लगाई, जिसमें शीघ्र सड़क निर्माण के लिए आदेशात्मक गुहार लगाई है। न्यायालय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रतिवादीगण को नोटिस जारी किए हैं! न्यायालय ने 15 सितम्बर सोमवार को विपक्षीगण को अपना पक्ष रखने की तिथि दी है।

# जल भराव की समस्या को लेकर व्यापारियों ने कलेक्टर को सोपा ज्ञापन

**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलेक्टर को जल भराव की समस्या को लेकर व्यापारियों के द्वारा एक ज्ञापन सोपा गया है, यह ज्ञापन मौलासर व्यापार मंडल के व्यापारियों ने जिला कलेक्टर महेंद्र खड़गावत से मुलाकात कर कस्बे में लंबे समय से बनी हुई जलभराव की समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपा है। व्यापारियों ने बताया कि बरसात के दिनों में कस्बे की सड़कें और बाजार जलमग्न हो जाते हैं, जिससे आमजन और व्यापारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

जिस पर कलेक्टर खड़गावत ने समस्या पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए व्यापारियों को भरोसा दिलाया कि चार महीने के भीतर जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान किया जाएगा। साथ ही उन्होंने बताया कि बहुत जल्द मौलासर में लक्ष्मीनारायण मंदिर के सामने जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी विभागीय अधिकारी मौजूद रहेंगे और जनता की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया जाएगा। व्यापारियों ने कलेक्टर से मिले आश्वासन का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि जल्द ही कस्बे की जलभराव समस्या से लोगों को राहत मिलेगी।

इस मौके पर संजय शर्मा चुन्नीलाल बलारा कमलचंद हरदेव दहिया ओमप्रकाश गोविंद प्रजापत सुरेश बलारा राजेश आदि मौजूद रहे।

# गुर्जर नेता बैंसला की जयंती मनाई



**गंगापुर भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** नगर में शुक्रवार को गुर्जर नेता कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की जयंती मनाई गई।सवाईभोज शिक्षा विकास एवं समाज सुधार समिति गंगापुर के अध्यक्ष भैरूलाल हदवा ने बताया कि राजस्थान में जातिवाद के विरोध में आंदोलन करने वाले सामाजिक क्रांति के प्रणेता एवं गुर्जर समाज के नेता स्वर्गीय कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन करने के साथ ही उनके आदर्शों पर चलने का आव्हान किया गया। इस अवसर पर नाथूलाल छाबड़ी, नारायण लाल लितरीया, रतन लाल गुर्जर, नारायण लाल गुर्जर, मोहन लाल गुर्जर, राजेन्द्र गुर्जर, शंकर लाल जाट आदि उपस्थित थे।

# अवैध खनन पर प्रशासन मौन, माफियाओं के हौसले बुलंद



**मांगलियावास (हुक्मनामा समाचार)।** मांगलियावास क्षेत्र में माफियाओं द्वारा मनरेगा के तहत बने मोडी नाड़ा और माताजी नाड़ा की पाल तोड़कर अवैध खनन एवं रेत, बरड़ा व पत्थर के कारोबार करने का सिलसिला जारी है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत प्रशासन की अनदेखी के कारण अवैध बजरी परिवहन और खनन कार्य लगातार बढ़ते जा रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट की रोक के बावजूद दौलतखेड़ा सहित क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में खुलेआम ट्रैक्टर-ट्रॉली और डंपरों से रेत व बरड़ा सप्लाई की जा रही है। प्रशासक ग्राम पंचायत मांगलियावास दुर्गेन्द्र सिंह गौड़ ने कहा कि अवैध खनन की जानकारी मिली है और विभाग के मार्फत अतिक्रमियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# कलक्टर की सुनाई मौलासर की मुख्य जलभराव की समस्या, व्यापारियों ने कलक्टर को सौंपा ज्ञापन



**मौलासर (हुक्मनामा समाचार)।** कस्बे के मुख्य बाजार में जलभराव की समस्याओं का समाधान करवाने को लेकर शुक्रवार को व्यापार मण्डल द्वारा एक ज्ञापन डीडवाना कुचामन कलक्टर महेंद्र खड़गावत को सौंपा गया. व्यापार मण्डल अध्यक्ष संजय सहल ने जानकारी देते हुये बताया की मौलासर में धनकोली ए रोड़ और धनकोली बी रोड़ जो ग्राम की मुख्य सड़क हैं वही कही आदर्श गावों के जाने का मुख्य मार्ग हैं वही बाजार से लेकर श्री बालाजी मन्दिर और गंवाई कुआ के आस-पास के क्षेत्र में अत्याधिक बारिश होने के कारण वहां जलभराव हो जाता हैं जिसकी निकासी को लेकर कोई रास्ता नहीं हैं वही जलभराव के कारण मुख्य बाजार के व्यापारी और मौलासर ग्रामवासी लम्बे समय से इस समस्या से जूझ रहे है। हर वर्ष इसी समस्या के कारण बारिस के समय दुकानों में पानी भर जाता है जिसमें व्यापारियों को लाखों रूपये का नुकसान होता है। गौरतलब है कि यह मुख्य रास्ता होने के कारण स्कूल के बच्चे, लाईब्रेरी के विद्यार्थी एवं आमजन, वाहन चालकों को आने-जाने में अत्यधिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है कई बार बार बीच रास्ते में पानी के कारण वाहन खराब हो जाते है जिससे ट्राफिक की समस्या बन जाती है और उक्त रास्ते से श्मशान घाटका रास्ता भी आता हैं जिससे बहुत मुश्किल होती हैवही ज्ञापन में बताया की रास्ते पर एक विद्युत विभाग का ट्रांसफॉर्मर भी लगा हुआ है जलभराव के कारण हर समय करंट आने खतरा मंडराता रहता है।

कलक्टर ने दिया जल्द समाधान करने का आश्वासन :- व्यापारियों के अनुसार ज्ञापन देते समय डीडवाना कलक्टर महेंद्र खगड़ावत ने मौलासर की समस्या सुनते हुये चार महीनो में समाधान करने की बात कही. वही जल्द ही अधिकारियो को मौके की स्थिति देखकर रिपोर्ट देने की बात कही. प्रभारी मंत्री सहित कई बार प्रशासन को करवाया अवगत नहीं दिया ध्यान :- व्यापारियों ने बताया की समस्या को लेकर कई बार स्थानीय प्रशासन को बार बार अवगत करवाया, वही डीडवाना विधानसभा दौरे पर आये प्रभारी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी को पैदल चलकर जलभराव की स्थिति मौके पर जाकर दिखाई, जहाँ प्रभारी मंत्री ने अधिकारियो से रिपोर्ट मांगी, लेकिन समस्या ज्यो की त्यो बनी हुई हैं लेकिन इसका कोई समाधान नहीं निकाल सका।

# जिला कलेक्टर की अध्यक्षता मे साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

## जिला कलक्टर ने विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर दिये आवश्यक दिशा-निर्देश



**भीलवाड़ा,(हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलक्टर श्री जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला स्तरीय अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में जिला कलक्टर ने विभिन्न विभागों के कार्यो की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक समयबद्ध व गुणवत्तापूर्वक पहुँचना प्राथमिकता है। उन्होंने संपर्क पोर्टल पर लंबित परिवादों की स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी परिवादों का त्वरित व गुणवत्ता युक्त निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके। बैठक में जिला कलेक्टर ने जिले में चल रहे आदि कर्मयोगी, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की प्रगति का जायजा लिया साथ ही ग्रामीण सेवा शिविर व शहर चलो अभियान की आगामी तैयारियो के लिए प्रत्येक विभाग को विशेष निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने आगामी दिशा बैठक की तैयारियों को लेकर भी अधिकारियों से विभागवार फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि इस बैठक में केन्द्र एवं राज्य सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं की विस्तृत समीक्षा होगी, इसलिए सभी विभाग अपने-अपने कार्यों की अद्यतन जानकारी, प्रगति रिपोर्ट और भविष्य की कार्ययोजना समय पर उपलब्ध कराएं। बैठक में एडीएम शहर श्रीमती प्रतिभा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### शहरी सेवा शिविर अभियान 15 से, 17 सितम्बर से शुरू होगा ग्रामीण सेवा शिविरों का क्रम

## शहरी सेवा शिविर व ग्रामीण सेवा शिविरों को सफल बनाने अधिकारी करें होम वर्क : कलक्टर

**उदयपुर,(हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की पहल पर शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन के लंबित कामों के निस्तारण एवं विभिन्न योजनाओं में शत-प्रतिशत पात्र लोगों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से प्रदेश भर में 15 सितम्बर से शहरी सेवा शिविर तथा 17 सितम्बर से ग्रामीण सेवा शिविर अभियान प्रारंभ होगा। अभियान की तैयारियों को लेकर जिला कलक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में शुक्रवार वीडियो कांफ्रेन्सिंग के माध्यम से बैठक हुई। बैठक के प्रारंभ में अभियान के नोडल अधिकारी तथा अतिरिक्त जिला कलक्टर दीपेंद्रसिंह राठौड़ ने शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में होने वाले शिविरों को लेकर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान पहले सप्ताह चार दिन तथा इसके बाद प्रति सप्ताह गुरूवार, शुक्रवार व शनिवार को प्रत्येक पंचायत समिति की दो-दो ग्राम पंचायतों में शिविर होंगे। पंचायत समिति एवं नगर निकाय वार जारी किए गए कलेण्डर की जानकारी देते हुए अवगत कराया कि जिले के कुराबड ब्लॉक में सबसे पहले कैम्प समाप्त होंगे, जबकि कोटड़ा में दिसम्बर के पहले सप्ताह तक जारी रहेंगे। एडीएम श्री राठौड़ ने अभियान के दौरान विभिन्न विभागों की ओर से संपादित किए जाने वाले कार्यों तथा उपखण्ड अधिकारियों के दायित्वों से अवगत कराया। जिला कलक्टर श्री मेहता ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अभियान के माध्यम से राज्य सरकार की मंशा आमजन को राहत पहुंचाना है। अभियान को सफल बनाने के लिए अधिकारी स्वयं होम वर्क करें। विभागवार विभिन्न योजनाओं में संबंधित ग्राम पंचायत के लाभान्वित और पात्र वंचितों के डेटाबेस का अध्ययन कर लक्ष्य करें। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान यह पूरा प्रयास किया जाए कि सभी संबंधित योजनाओं और निर्धारित कामों में संबंधित ग्राम पंचायत की शत-प्रतिशत उपलब्धि अर्जित की जाए। उन्होंने शिविरों में संपादित किए जाने वाले कार्यों की विभाग वार निर्धारित प्रपत्र और पोर्टल पर प्रोपर रिपोर्टिंग पर भी जोर दिया।

## कॉन्स्टेबल भर्ती 2025, उत्कृष्ट खिलाड़ियों के लिए आवेदन अब 15 सितंबर से

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस में कॉन्स्टेबल (उत्कृष्ट खिलाड़ी कोटा) भर्ती 2025 के लिए आवेदन प्रक्रिया में बदलाव किया गया है। अब उत्कृष्ट खिलाड़ी 12 सितंबर की जगह 15 सितंबर, 2025 से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इसी बदलाव को देखते हुए आवेदन की अंतिम तिथि को भी 1 अक्टूबर से बढ़ाकर 4 अक्टूबर, 2025 कर दिया गया है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड श्री बिपिन कुमार पाण्डेय ने बताया कि कुल 167 पदों पर भर्ती के लिए जारी विज्ञप्ति में संशोधन किया गया है। यह निर्णय खिलाड़ियों को आवेदन के लिए पर्याप्त समय देने के लिए लिया गया है।

## आत्मा योजना अन्तर्गत ब्लॉक स्तरीय रबी पुर्व किसान गोष्ठी का हुआ आयोजन

**सलुम्बर।** आत्मा योजनान्तर्गत ब्लॉक स्तरीय रबी पुर्व किसान गोष्ठी का आयोजन शुक्रवार को कृषि विभाग सलुम्बर के सभागार में हुआ क्षेत्र के 100 से अधिक किसानो ने भाग लिया। कृषि विशेषज्ञों द्वारा नवीनीय कृषि तकनीकों, फसल विभिन्नता, मिट्टी परीक्षण, जैविक खेती, कृषि विभाग तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। किसाने को उत्पादन बढ़ाने एवं लागत घटाने के उपायों पर विस्तृत चर्चा की गई।

## सीएम आयुष्मान दुर्घटना बीमा योजना : बिचौलियो से सावधान, एसआईपीएफ बनेगा सहायक

**उदयपुर,(हुक्मनामा समाचार)।** प्रदेश में जरूरतमंद, असहाय व अल्प आय वर्ग हेतु मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना एवं राजस्थान सरकार स्वास्थ्य योजना में बीमित/ पंजीकृत समस्त परिवारों हेतु दुर्घटनाओं के कारण होने वाली मृत्यु अथवा पूर्ण स्थाई अपंगता की स्थ्ति में आर्थिक संबंल प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री आयुष्मान दुर्घटना बीमा योजना संचालित की जा रही है। इस योजना में पंजीयन के लिए कई बार लोग बिचौलियों के चंगुल में फस जाते हैं। आमजन को ऐसे लोगों से बचाने के लिए अब राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग सहायता केंद्र के रूप में कार्य करते हुए आमजन को सहयोग करेगा। एस आईपीएफ विभाग की संयुक्त निदेशक श्वेता तिवारी ने बताया कि मुख्यमंत्री आयुष्मान दुर्घटना बीमा योजना में आठ प्रकार की दुर्घटनाओं यथा रेल/वायु/सडक दुर्घटना, ऊँचाई से गिरने तथा ऊँचाई से किसी वस्तु के गिरने, मकान के ढहने के कारण, थ्रेशर मशीन, कुट्टि मशीन, आरा मशीन, ग्लाईन्डर आदि से, बिजली के झटके, डूबने, जलने एवं रासायनिक द्रव्यों के छिडकाव से होने वाली दुर्घटनाओं में मृत्यु/क्षति होने पर अधिकतम 10 लाख रूपए प्रति परिवार प्रति वर्ष आधार पर सहायता राशि प्रदान की जा रही है।

# जिले के किसान सीताफल लगायें और आमदनी बढाये

**सलूंबर,(हुक्मनामा समाचार)।** उद्यानिकी फसलों की खेती करने में पानी की ज्यादा जरूरत पडती है किन्तु सभी फलदार बगीचों की तुलना में सीताफल का एक अलग ही स्थान है सीताफल सहिष्णु स्वभाव का फलदार पौधा है यह पौधा एक बार पहाडी में भी लगा दिया जाता है तो बारिश के पानी के सहारे सीताफल के पौधे चलते रहते है यही कारण है कि कोटडा, फलासिया के जंगलों में हो या चितोड राजसमन्द के पहाडी क्षेत्रों का सीताफल उदयपुर के मार्केट की रौनक बना हुआ रहता है। सीमान्त, कम उपजाऊ भूमि, क्षारहीन मृदा में सीताफल अच्छा हो जाता है चितौड में सीताफल उत्कृष्टता केन्द्र पर सीताफल की कई किस्मे लग रही है अलग-अलग किस्मों के पौधे उपलब्ध रहते है बालानगर व अर्का सहम किस्म के अलावा चितौड किले की देशी किस्म पहाडी क्षेत्रों के लिये बहुत उपयुक्त है। सीताफल के पौधे लगाने के तीन साल बाद फल देने लगते है इस समय 5 किलो फल प्रति पौध मिल जाता है। 5 साल बाद 12 से 15 किलो फल प्रति पौधा प्राप्त होता है। विभागीय अनुदान का प्रावधान उप निदेशक उद्यान विभाग पुरुषोतम लाल भट्ट ने अवगत कराया कि एक हैक्टेअर क्षेत्र (5 बीघा) में सीताफल के 5म5 मीटर दूरी पर 400 पौधे आसानी से लग जाते हैं और 1 हैक्टेअर क्षेत्र में बगीचा लगाने पर 37500/- रु. का विभागिय अनुदान (प्रथम वर्ष 60 प्रतिशत एवं द्वितीय वर्ष में अनुदान 40 प्रतिशत कृषको को देय है कृषक यदि 0.40 से 2 हैक्टेअर क्षेत्र में लगाता है तो ड्रिप सिस्टम लगाये जाने पर ही अनुदान देय है। अत: जनजाति कृषक दो बीघा क्षेत्र में भी सीताफल लगाकर योजना का लाभ ले सकते है।

## 9 जिलों के 600 से अधिक स्काउट-गाइड जुटेंगे उदयपुर में

**उदयपुर।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड राज्य मुख्यालय जयपुर के तत्वाधान में राज्य स्तरीय जनजाति स्काउट गाइड महोत्सव 15 से 19 सितंबर 2025 तक मण्डल शिविर केंद्र उदयनिवास उदयपुर में आयोजित होगा। आयोजन की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को जिला कलक्टर नमित मेहता के निर्देशन में एडीएम प्रशासन दीपेंद्रसिंह राठौड़ ने विभिन्न विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में सी ओ स्काउट सुरेन्द्र कुमार पाण्डे ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य स्तरीय जनजाति स्काउट गाइड महोत्सव में राजस्थान प्रदेश के 9 जनजाति जिलों के करीब 600 स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स तथा उनके प्रभारी स्काउटर, गाइड्स सहभागिता करने का अनुमान है। पाण्डे ने बताया कि इस महोत्सव में आने वाले सभी स्काउट्स, गाइड्स,रोवर्स, रेंजर्स को व्यक्तिगत तथा टीम स्तर पर विभिन्न गतिविधियों कैंप फायर, शिविर कला, जनजाति लोक देवता एवं झांकी प्रदर्शन, जनजाति फूड प्लाजा, जनजाति परम्परा कलाकारी एवं रंगोली, विलुप्त होती लोक कलाओं, लोक संस्कृति, जनजाति वाद्ययंत्र, पहनावा, खाद्यान्न, मिनरल्स तथा विश्व प्रसिद्ध गवरी के मंचन तथा स्थानीय जनजाति संस्कृति के प्रस्तुतीकरण के लिए मंच प्रदान करने का भरपूर अवसर मिलेगा। इसके अतिरिक्त संभागियों को उदयपुर के पर्यटन स्थलों का भ्रमण करवाकर मेवाड़ के इतिहास से भी रुबरु कराया जाएगा।

## न्यायालय : न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय, प्रतापगढ ( राजस्थान )

**श्रीमती निर्मला बनाम राजेन्द्र आचार्य**
**प्रार्थना पत्र धारा 13 ( 1 ) ( आई ) ( क ) हिन्दू विवाह अधिनियम**
**पारिवारिक मुल वाद सं.-29/2025**

श्री राजेन्द्र पिता शंकरलाल आचार्य, उम्र 31 वर्ष, निवासी ब्रह्मपुरी, धरियावद, तहसील धरियावद, जिला प्रतापगढ़ (राजस्थान) (अप्रार्थी/विपक्षी) को सूचित किया जाता है कि श्रीमती निर्मला कुमारी अचारत पत्नी राजेन्द्र आचार्य, उम्र 29 वर्ष, निवासी ब्रह्मपुरी, धरियावद, तहसील धरियावद, जिला प्रतापगढ़ (राजस्थान) ने इस न्यायालय में आपके विरूद्ध धारा 13 (1) (आई) (क) हिन्दु विवाह अधिनियम बाबत् विवाह-विच्छेद हेतु यह आवेदन पेश किया है।

अत: आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध हेतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 06.10.2025 को पूर्वाह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आवेदन की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जायेगा।

यह आज दिनांक 08 सितम्बर, 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।

मुहर

आज्ञा से
न्यायाधीश
पारिवारिक न्यायालय, प्रतापगढ़

ADVT

## कार्यालय ग्राम पंचायत कोड, पं.स. भैरून्दा, नागौर

क्रमांक / ग्रा.प./2025-26/41 — दिनाक 11.09.2025

**निविदा सूचना**

पचायत समिति भैरुन्दा के अधीन ग्राम पंचायत कोड में निर्माण कार्य हेतु रजिस्टर्ड फर्म/राजकीय विभाग-जन स्वास्थय अभियान्त्रिकी सार्व निर्माण जल संसाधन / पचायतीराज में रजिस्टर्ड निविदादाताओं से मोहरबन्द निविदाये आमन्त्रित की जाती है। उपरोक्त निविदां का विस्तृत विवरण वेब पोर्टल http://sppp.rajarthan.gov.in पद देखा जा सकता है।

NIB :- ZNR2526A0700
UBN:- (i) ZNR2526GSRC00808
(ii) ZNR2526GSRC00809

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत कोड, पंचायत समिति भैरून्दा
सरपंच, ग्राम पंचायत कोड, पंचायत समिति भैरून्दा

## Executive Engineer Water Resources Division II Ajmer

No. 2834 — **Notice Inviting Bid** — Date:- 03.09.2025

1 Bids are invited from interested bidders upto 06:00 PM dated 15.09.2025. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state. The approximate value of the procurement in Rs. 33.68 Lacs.

NIB code :- WRD2526A0396
UBN:-WRD2526WSOB00942
DIPR/C/13240/2025

Executive Engineer
Water Resources
Divison II Ajmer

ADVT

## कार्यालय नगर परिषद् किशनगढ़ जिला- अजमेर (राज.)

कमांकः-न.प.कि/ MUT /2025/1890 — दिनाक :- 12/09/2025

**-: आम सूचना :-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम मदनगंज के खसरा संख्या 756 में स्थित आवासीय (भूखण्ड संख्या 54 क्षेत्रफल 213.33 वर्गगज) पर श्री कमलकिशोर पुत्र स्व0 श्री बंकटलाल मौर निवासी महावीर कॉलोनी मदनगंज किशनगढ जिला अजमेरं राज0 ने आवेदन प्रस्तुत कर नाम हस्तान्तरण चाहा गया है।

**उक्त भूखण्ड की सीमाएं निम्नानुसार है:-**
- **पूर्व में** :- 30 फिट चौडा रास्ता
- **पश्चिम में** :- भूखण्ड संख्या 64
- **उत्तर में** :- भूखण्ड संख्या 55
- **दक्षिण में** :- भूखण्ड संख्या 53 जिस पर ओमजी बेणावत का मकान निर्मित है

उक्त नामहस्तान्तरण में किसी भी व्यक्ति / संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो लिखित में सूचना प्रकाशन के 7 दिवस में प्रस्तुत करे बाद- मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति/ऐतराज मान्य नही होगा।

प्रभारी
नगर परिषद, किशनगढ़

## कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान

क्रमांकःन.पा.बि./निमार्ण.स्वी./2025/3131 — दिनांकः 10.09.25

**-: आम सूचनाः-**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निमार्ण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपत्ति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपति प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद गुजरने पर कोई उज्र/आपति मान्य नहीं होगी।

**भवन निर्माण**

| फाईल नं. | आवेदक नाम | भूखण्ड का विवरण | भूखण्ड का नाप | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| 96 | सीमा देवी पत्नि भागचन्द | विद्यासागर रेजिडेन्सी ब्लाक- V बिजयनगर ख.सं. 288, 289, 290, 291 798/292, 799/293 भू.सं. V-65 | 86.16 SQ.MTR | आवासीय |

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका बिजयनगर

## कार्यालय नगर परिषद् किशनगढ़ जिला- अजमेर (राज.)

क्रमांकः-नपकि/PWC/BPAS-2473/2025/725 — दिनाक :- 12/09/2025

**-: आम सूचना :-**

सर्व साधारण सूचित किया जाता है कि 1. श्री राजेश बांगड पुत्र श्री मोती लाल बांगड 2. श्री नवल किशोर बांगड पुत्र श्री मोती लाल बांगड राजस्व ग्राम मदनगंज, खसरा सं. भूखण्ड सं. ए-66 के कुल क्षेत्रफल 134.55 वर्गगज इन्द्रा आवास योजना द्वितीय फेज मदनगंज किशनगढ जिला अजमेर राजस्थान में प्रथम तल की आवासीय निर्माण स्वीकृति हेतू आवेदन प्रस्तुत किया है।

**उक्त भूखण्ड की सीमाएं निम्नानुसार है:-**
- **पूर्व में** :- 12 मीटर रोड
- **पश्चिम में** :- भूखण्ड सं. ए-54
- **उत्तर में** :- भूखण्ड सं. ए- 67
- **दक्षिण में** :- भूखण्ड सं. ए- 65

अतः उक्त प्रकरण में किसी भी व्यक्ति /संस्था को आपत्ति/एतराज हो तो आपत्ति सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर नगर परिषद कार्यालय में लिखित में आपत्ति पेश करे बाद मियाद किसी प्रकार की आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी।

प्रभारी
(भवन निर्माण स्वीकृति)
नगर परिषद, किशनगढ़

## कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राज0

क्रमांक/न.पा.बि./भूमि/2025/3228 — दिनांक :-12.09.25

**लोक सूचना**

श्री अशोक कुमार कन्हैयालाल जैन पुत्र श्री कन्हैयालाल श्रीमाल जैन निवासी 115 श्री श्रीमाल भवन, सब्जी मण्डी बिजयनगर तहसील बिजयनगर जिला ब्यावर (राज.) ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् :-

| जिले सहित तहसील का नाम | राजस्व ग्राम | खसरा सं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| जिला ब्यावर तहसील बिजयनगर | बरल द्वितीय | 2638/1870, 651 | 4426.00 वर्गमीटर आवासीय प्रयोजनार्थ |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज ---- को जारी की गयी।

प्राधिकारी अधिकारी एवं अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका बिजयनगर

## कार्यालय नगरपरिषद निम्बाहेड़ा जिला चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्रमांक :-नपनि/हस्ता./145488/2025-26/3754-56 — दिनांक :- 10/09/2025

**-: आपत्ति सुचना :-**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बड़ोली माधोसिंह पंचायत समिति निम्बाहेड़ा के द्वारा पट्टा विलेख/ पत्रावली 05/1.4.1983 भूखण्ड सं. 122 साईज 2400 वर्गफीट भूखण्ड ईशाकपुरा का पट्टा श्री मोहम्मद युसुफ ग्राम सेवक पदेन पंचायत समिति निम्बाहेड़ा के नाम जारी किया गया। मूल आंवटी / पट्टाधारी द्वारा जरीये विक्रय से उक्त भूखण्ड सं. 122 साईज 2400 वर्गफीट भूखण्ड ईशाकपुरा को श्री सन्तोष कुमार पिता श्री फतेहलाल जी दूगगड़ निवासी नेतावल जिला चित्तौड़गढ़ को विक्रय किया गया। क्रेता श्री सन्तोष कुमार पिता श्री फतेहलाल जी दूगगड़ निवासी नेतावल जिला चित्तौड़गढ़ द्वारा जरीये विक्रय विलेख से श्री मोडीराम पिता श्री उंकार लाल जी सुथार निवासी निम्बाहेड़ा को विक्रय किया गया। क्रेता श्री मोडीराम पिता श्री उंकार लाल जी सुथार निवासी निम्बाहेड़ा की मृत्यू होने के पश्चात उनके वारिसान 1. सुशीला पुत्री श्री मोड़ीराम सुथार निवासी निम्बाहेड़ा 2. पुष्पाबाई पुत्री श्री मोडीराम सुथार निवासी निम्बाहेड़ा 3. श्रीमती कुकंबाई पत्नि श्री मोड़ीराम सुथार निवासी निम्बाहेड़ा 4. श्री सुरेश कुमार पुत्र श्री मोड़ीराम सुथार निवासी निम्बाहेड़ा उक्त वारिसानों ने श्री श्यामलाल सुथार पुत्र श्री मोड़ीराम सुथार निवासी निम्बाहेड़ा के पक्ष में पजीकृत हकत्याग किया गया। हकग्रहिता श्री श्यामलाल सुथार पुत्र श्री मोड़ीराम सुथार निवासी निम्बाहेड़ा की मृत्यू दिनांक 06.11.2022 को हो जाने से मृतक के वारिसान 1. श्रीमती गीताबाई पत्नि श्री श्यामलाल सुथार निवासी ईशाकपुरा निम्बाहेड़ा 2. सुश्री सोनू सुथार पुत्री श्री श्यामलाल सुथार निवासी ईशाकपुरा निम्बाहेड़ा 3. सुश्री पुजा सुथार पुत्री श्री श्यामलाल सुथार निवासी ईशाकपुरा निम्बाहेड़ा 4. सुश्री पायल सुथार पुत्री श्री श्यामलाल सुथार निवासी ईशाकपुरा निम्बाहेड़ा 5. श्री विष्णु सुथार पुत्र श्री श्यामलाल सुथार निवासी ईशाकपुरा निम्बाहेड़ा के द्वारा जरीये विक्रय विलेख से उक्त भूखण्ड स 122 का उत्तरी भाग साईज 1200 वर्गफीट को श्री दिनेशचंद्र सुथार पिता श्री बद्रीलाल सुथार निवासी उखालिया तह. निम्बाहेड़ा को विक्रय किया गया। क्रेता श्री दिनेशचंद्र सुथार पिता श्री बद्रीलाल सुथार निवासी उखालिया तह. निम्बाहेड़ा द्वारा क्रयशुदा भूखण्ड सं. 122 का उत्तरी भाग साईज 1200 वर्गफीट के चैन दस्तावेज प्रस्तुत कर हस्तान्तरण अपने नाम से किये जाने का प्राथर्ना पत्र प्रस्तुत किया है। अतः इस संबंध में किसी आस-पड़ोस/परिवार जन या किसी व्यक्ति विशेष को कोई आपत्ति हो तो मय सबुत के अन्दर मियाद 07 दिवस मे नगर परिषद निम्बाहेड़ा में, कार्यालय दिवस मे आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। बाद समयावधि कोई आपत्ति मान्य नही होगी, और आवेदक श्री दिनेशचंद्र सुथार पिता श्री बद्रीलाल सुथार निवासी उखालिया तह. निम्बाहेड़ा के नाम से हस्तान्तरण कि कार्यवाही प्रस्तावित कि जाकर आवेदक के पक्ष मे हस्तान्तरण प्रमाण पत्र जारी कर दिया जावेगा। 'सूचित हो'

आयुक्त
नगरपरिषद निम्बाहेडा

हुक्मनामा समाचार
www.hukmnamasamachar.com
Email: hukmnama.ajmer@gmail.com
अजमेर, शनिवार 13 सितम्बर 2025


## राजकीय कन्या महाविद्यालय में नशा मुक्ति पर व्याख्यान का आयोजन

**भीलवाड़ा ( हुक्मनामा समाचार )।** सेठ मुरलीधर मानसिंहका राजकीय कन्या महाविद्यालय में संचालित नई किरण नशा मुक्ति केंद्र एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्ति विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन शुक्रवार को किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता बहन तरुण ने छात्राओं को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने वैज्ञानिक तथ्यों और आंकड़ों के आधार पर बताया कि किस प्रकार नशे की लत युवा वर्ग की ऊर्जा को नष्ट कर समाज और परिवार के लिए संकट का कारण बनती है। बहन तरुणा ने कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने तथा योग, ध्यान एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया । व्याख्यान के माध्यम से यह संदेश दिया कि नशा त्याग कर ही हम स्वस्थ, सशक्त और प्रगतिशील भारत का निर्माण कर सकते हैं। कार्यक्रम के अध्यक्ष महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सावन कुमार जांगिड़ ने मोबाइल फोन के अति उपयोग को भी एक प्रकार का नशा बताते हुए इसके कम से कम उपयोग हेतु छात्राओं को प्रेरित किया। प्राचार्य ने ब्रह्मा कुमारी संस्थान से आए हुए आगन्तुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। नई किरण नशा मुक्ति केंद्र प्रभारी सुखपाल सिंह राठौड़ ने बताया कि महाविद्यालय में नई किरण नशा मुक्ति केंद्र की स्थापना की गई है और इसके तहत नशा मुक्ति से संबंधित व्याख्यान एवं विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। संस्थान के अमोलक ने इस अवसर पर छात्राओं को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। इस अवसर पर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ अंजली अग्रवाल, रीना सालोदिया, डॉ कृष्ण कुमार मीणा एवं सभी संकाय सदस्य एवं छात्रायें उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सहायक आचार्य सूर्यप्रकाश पारीक ने किया। रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर आयोजित कैलाश त्रिवेदी राजकीय कन्या महाविद्यालय गंगापुर में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन सुखपाल सिंह राठौड़ व सहायक आचार्य परितोष कडेला के नेतृत्व में संपन्न किया।

## कृष्ण लीला की कथा सुन झूम उठे भक्त

**बूंदी ( हुक्मनामा समाचार )।** शहर के सिलोर रोड स्थित जैन दादाबाड़ी में पंडित शिव कृष्ण शास्त्री महाराज के द्वारा चल रही संगीतमय भागवत कथा में पांचवे दिन कहा की यशोदा,नंदबाबा के घर जब परमानंद कृष्ण आनंद स्वरूप है जो भक्तो को में जगाता है द्य कृष्ण ने गोपियों के कोमल मन रूपी मक्खन को चुराया है , दूध के मक्खन को नहीं द्य कृष्ण ने मटकियां फोड़ी थी जिस जीवात्मा के सिर पर अहंकार रूपी पाप की मटकी फोड़ी थी चीरहरण लीला में साड़ी,कपड़े का चीर नहीं बल्कि वासना का चीर हरण किया द्य महाराज ने गोवर्धन की व्याख्या करते हुए कहा गो का मतलब इंद्रियां वर्धन का मतलब बढ़ना द्य इसी तरह हमारी श्रद्धा दिनों दिन बढ़े वही गोवर्धन लीला है अंत में यजमान विद्यावती मुंदडा, राजेश मुंदडा, नरेश मुंदडा, आशुतोष मुंदडा सहित सभी भक्तों ने सामूहिक भगवान गिरिराज धरण को 56 भोग धारण करवाया द्य महिलाओं ने गोवर्धन जी की परिक्रमा की और हाथ खड़े करके गिरिराज धरण के जयकारे लगाए गुरुवार रात्रि को दादाबाड़ी में परिसर में प्रथम दिवस में नानी बाई रो मायरो मे कथा वाचिकाराधा स्वरुपा तितिक्षा दाधीच यह अपने मुखारविंद से कहा कि भगवान नरसी मेहता के जन्म, उनकी भक्ति और भगवान कृष्ण के प्रति उनके प्रेम का वर्णन श्रवण करवाया। इस दिन भगवान श्री कृष्ण की लीलाओ और उनकी लीला में नरसी मेहता के दर्शन जैसे प्रसंगों को भी सुनाया, जिससे दर्शक भाव विभोर होकर कथा का श्रवण किया । शिव की रासलीला और नरसी मेहता द्वारा कृष्ण के दर्शन के प्रसंग को सुंदर ढंग से श्रवण करवाया गया। आशुतोष मूंदडा ने बताया शनिवार को कथा में रुक्मणि विवाह का प्रसंग आयोजित होगा द्य अतिथि कुंज बिहारी बिल्या, विनोद न्याति , द्वारका मंत्री सहित मूंदड़ा परिवार ने भागवत जी की आरती की। अंत में 56 भोग का प्रसाद वितरित किया गया।

## राजकीय षिक्षण संस्थानों का सर्वांगीण विकास वंडर सीमेंट की प्राथमिकता- नितिन जैन



**निम्बाहेडा ( हुक्मनामा समाचार )।** वंडर सीमेंट लि. निम्बाहेड़ा के सी.एस.आर. नींव इनिशिएटिव के तहत षुक्रवार को पुर्व मंत्री राजस्थान सरकार एवं विधायक, निम्बाहेड़ा श्रीचंद कृपलानी की अनुषंसा के अनुसार कम्पनी के यूनिट हेड नितिन जैन द्वारा प्रधानाध्यापक रा. प्रा. विद्यालय लालूखेड़ा परसराम भील, पी.ई.ई.ओ मांगरोल से प्राध्यापक मुकेश तोलम्बीया तथा ग्राम मांगरोल के विकास राठी एवं विक्रम भारती को विद्यालय में आवष्यक निर्माण कार्य संपादित करवाने हेतु कम्पनी द्वारा जन सहयोग की राषि 31 लाख 40 हजार रुपये का चेक हस्तांतरित किया गया। उक्त राषि से विद्यालय में राजस्थान सरकार की ''मुख्यमंत्री जन सहभागिता विद्यालय विकास योजना'' के अन्तर्गत कुल राषि 78,50,000 रुपये के निर्माण कार्य संपादित किये जायेंगे। इस अवसर पर जैन ने बताया कि वंडर सीमेंट लि. द्वारा राजकीय विद्यालय में आवश्यक निर्माण कार्यों को संपादित करवाने के लिये जन सहयोग की राशि का सहयोग किया गया है, जिससे विद्यालय में दो कक्षा कक्ष, प्रधानाध्यापक कक्ष, चारदीवारी, छात्र-छात्राओं के लिये शौचालय इकाई के निर्माण सहित आवश्यक निर्माण कार्य षीघ्र ही प्रारम्भ होंगे। वंडर सीमेंट लि. द्वारा राजकीय षिक्षण संस्थानों के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता देते हुए परियोजना क्षेत्र, निम्बाहेड़ा ब्लॉक एवं निकटवर्ती राजकीय विद्यालयों को निरन्तर सहयोग किया जा रहा हैं। साथ ही विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, कम्प्यूटर लेब, विद्यार्थियों के लिये फर्नीचर सेट, विद्युतीकरण, सी.सी.टी.वी. कैमरा लगवाना, खेल मैदानों का विकास, पौधारोपण जैसे कई महत्वपूर्ण कार्य किये जा रहे हैं। राजकीय विद्यालयों को मिले इस अमूल्य सहयोग के लिये पी.ई.ई.ओ मांगरोल दिलीप कुमार हींगड सहित समस्त विद्यालय स्टॉफऔर ग्राम वासियों ने कम्पनी प्रबन्धन तथा पुर्व मंत्री राजस्थान सरकार एवं विधायक, निम्बाहेड़ा श्रीचंद कृपलानी का हार्दिक आभार ज्ञापित करते हुए कहा की शैक्षणिक संस्थानों के उन्नयन के लिये वंडर सीमेंट लि. के सहयोग एवं तत्परता से पुरे क्षेत्र के राजकीय विद्यालयों का स्वरुप बदल रहा हे तथा इस सत्र में कम्पनी परियोजना क्षेत्र के राजकीय विद्यालयों के नामांकन में भी वृद्धि हुई हैं। उल्लेखनीय हे की षिक्षा के क्षेत्र में युवाओं के लिये भी वंडर सीमेंट रुरल डवलपमेंट सेन्टर के माध्यम से अकादमिक एवं प्रतियोगी परीक्षाओं ब्य्ज् 2026, ैप् की तैयारी हेतु अनुभवी एवं विषय विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा निःशुल्क कोचिंग निरन्तर उपलब्ध करवाई जा रही है।

## एक टीम ने दूसरी टीम पर मारपीट करने का लगाया आरोप

# 69 वी फुटबॉल प्रतियोगिता में टीम भिड़ी आमने-सामने हुई मारपीट, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर टीमों ने किया प्रदर्शन

**डीडवाना ( हुक्मनामा समाचार )।** जिला मुख्यालय के स्थानीय मिर्धा स्टेडियम में 69 वी फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित हो रही है, जिसमें विभिन्न विद्यालयों के बच्चे हिस्सा ले रहे हैं, इस प्रतियोगिता के तहत दो टीम आमने-सामने भिड़ने का मामला भी सामने आया है,जहां एक टीम के द्वारा दूसरी टीम के साथ मारपीट की गई है,मकराना से आई इस टीम के साथ डीडवाना के एक निजी विद्यालय



की टीम के द्वारा मारपीट की गई है, साथ ही टीम में फर्जी स्टूडेंट खिलाने का आरोप भी लगाया गया है, घटना को लेकर टीम जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंची, एव वहां पहुंचकर जमकर नारेबाजी की है, मकराना की टीम के असलम खान आरोप लगाते हुए बताया कि 69 वी फुटबॉल की प्रतियोगिता चल रही है, यहां हम अपनी टीम लेकर आए थे, कल भी हमारे साथ कुछ ऐसे ही घटना हुई जहां सामने वाले टीम में कुछ बच्चे फर्जी खिलाए जा रहे थे, उस पर कार्रवाई कराने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय आए, जहां पर अधिकारी मौके पर गए,जांच की तो पाया कि कुछ बच्चे फर्जी खेल रहे हैं, उनको बाहर निकाल दिया गया, आज फिर खेल रहे थे, हमारी टीम दो गोल से आगे चल रही थी, इसी बीच निजी विद्यालय के बच्चों के द्वारा हम लोगों पर हमला किया गया, हमारी टीम में जितने भी बच्चे हैं उन सब पर हमला किया है, सभी को चोटिल किया है, 19 वर्षीय छात्रों का यह मैच है जो चल रहा था, दो गोल से आगे चल रहे थे, बाहर के कुछ तत्व एवं निजी विद्यालय के बच्चे उन्होंने हम पर हमला किया, यह हमला इसलिए किया निजी विद्यालय की टीम के दस्तावेज सही नहीं थे इसलिए उसको बाहर निकाल दिया, फर्जी बच्चे थे उनको बाहर निकाला इसीलिए हमला किया गया,वही घटना की जानकारी पर पुलिस भी मौके पर पहुंची,एव मामले की जानकारी लेकर आपसी समझाइए से सभी को एक दूसरे के साथ मिलकर खेलने की हिदायत दी गई।

## पशु प्रदर्शनी मेले में दुकानदारों ने किया प्रदर्शन, पशु प्रदर्शनी मेले में तिरपाल बर्तन दुकानदारों ने की अपनी दुकान बंद

**डीडवाना ( हुक्मनामा समाचार )।** जिला मुख्यालय के नागौर रोड मेला मैदान में पशु प्रदर्शनी मेला आयोजित हो रहा है,इस मेले में विभिन्न प्रकार की दुकान लगाई गई है, जहां पर किसान खरीददारी भी कर रहे हैं,मवेशी भी इस मेले में आए हैं,मेले में विवाद की स्थिति भी सामने आई है,जिस तरह मेले में स्थित तिरपाल की दुकानदारों एवं बर्तन के दुकानदारों ने दुकान बंद कर प्रदर्शन किया है,उनका आरोप है कि मेला कमेटी के द्वारा उनसे अधिक रुपए की वसूली की जा रही है, उनका कहना है कि पिछली वर्ष 3000 से ?4000 प्रति दुकान मेला कमेटी के द्वारा लिए जा रहे थे, और इस वर्ष मेला कमेटी सीधे? 8000 मांग रही है, इस बार मेला भी इतना अच्छा नहीं गया है, और इतनी कमाई भी नहीं हुई है और कमेटी ?=8000 मांग रही है, जिसका विरोध इन दुकानदारों के द्वारा जताया गया



है,अपनी पीड़ा दुकानदारों ने बताई है,कि किस तरह उनके साथ इस तरह अन्याय हो रहा है, अधिक रुपए की वसूली की जा रही है, अधिक रुपए लेने के मामले को लेकर तिरपाल दुकानदार मोहम्मद वसीम ने बताया पूरा मेला ग्राउंड एक ही है, यहां पर सभी दुकानदारों का एक ही चार्ज होना चाहिए, किसी को डराना धमकाना नहीं चाहिए, हमें बोल रहे हैं कि नो नो हजार रुपए देने पड़ेंगे, और पीछे से हजार रुपए में 2000 में भी दे रहे है, बिना हिसाब के कुछ भी ले रहे हैं, रात्रि में पूरी बातचीत हो गई कि इतने में सभी दुकान लगा सकते हो, जब रात्रि को सभी दुकानों में चले गए,दो लोगों को डरा धमकाकर 15000 की रसीद काट दी, और सुबह बोलते हैं सभी की रसीद इसी हिसाब से कटेगी, पिछले वर्ष ?3000 दुकान के लिए थे, और बोला गया कि हर वर्ष 10त्न बढ़ाया जाएगा, और दुकान अभी लगाय तो बोल रहे हैं 15 हजार दो कहां से देंगे इतना पैसा इस बार यहा पर आमदनी भी नहीं हो रही है,ना ही यहां पर किसी तरह की कोई सुविधा है, हमें न्याय चाहिए। मोहम्मद सदीक हाजी ने बताया मेले में दुकानें लगाई गई है और जो रात दिन पैसे देते आए हैं वह देने के लिए तैयार है, मेला कमेटी के लोग पुलिस को लेकर आए हम लोगों को डरा धमकाकर पैसे लिए 25 फिट की दुकान के लिए 5500 30 फिट का 8000 लिए हम गरीब लोग हैं इतना पैसा कहां से देंगे, पूरी मार्केट को बंद करवा दिया,पुलिस को बुला लिया, मेला कमेटी के लोग पुलिस को लेकर आए हम लोगों को डरा धमका कर और जो हम सभी का अध्यक्ष है उसको पकड़ कर थाने ले गए, जिसके विरोध में सभी दुकानें बंद है,

बर्तन की दुकान तिरपाल की दुकान सभी बंद है। इस मामले को लेकर जब विकास अधिकारी से बात करना चाहा तो विकास अधिकारी ने कहा मेरे पास अभी टाइम नहीं है।

## संकल्प ' जन-जागरूकता अभियान के अन्तर्गत किशोरी बालिकाओं की एक्सपोजर विजिट




**भीलवाड़ा ( हुक्मनामा समाचार )।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के निर्देशानुसार उपनिदेशक महिला अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक नगेन्द्र कुमार तोलम्बिया के निर्देशन में संकल्प हब के अंतर्गत 10 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान के तहत जिला स्तर पर ब्लॉक से आई किशोरी बालिकाओं को राजकीय कार्यालयों का एक्सपोजर विजिट में किशोरी बालिकाओ को पुलिस अधीक्षक कार्यालय, महिला अधिकारिता, महिला एवं बाल विकास विभाग, महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र, वन स्टॉप (सखी) सेन्टर का विजिट करवाया गया। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र यादव ने किशोरी बालिकाओं को राजकॉन सिटीजन एप व 112 एवं 1098 एवं पॉक्सो एक्ट, कालिका बटालियन, गरिमा पेटी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। यादव ने किशोरी बालिकाओं को होने वाले अपराध से सजग रहने को कहा। उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग की श्रीमती राजकुमारी खोरवाल ने किशोरी बालिकाओं से संबंधित एनिमिया, पोषण के बारे में बताया व विभाग में संचालित गतिविधियों के बारे में अवगत करवाया। पर्यवेक्षक महिला अधिकारिता श्रीमती मीनल विजयवर्गीय व सहायक प्रशासनिक अधिकारी सत्यनारायण भांबी ने विभाग के अधीन संचालित (सखी) वन स्टॉप सेन्टर, महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र में किस प्रकार पीड़ित किशोरी बालिका व महिलायें परामर्श व आश्रय ले सकती है के बारे में जानकारी दी गई साथ ही पोश अधिनियम 2013 तथा घरेलु हिंसा अधिनियम 2005, दहेज अधिनियम 1961 से संबंधित विषय पर महिलाओं से जुड़े कानून की जानकारी प्रदान की गई। पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केन्द्र प्रबन्धक गंगा दाधीच ने महावारी स्वच्छता प्रबंधन के बारे में विस्तार से चर्चा की।

## पराक्रम दिवस क्रांतिकारी जोरावर सिंह की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की



**शाहपुरा ( हुक्मनामा समाचार )।** उपखंड जिला मुख्यालय के राजस्थान के वीर शिरोमणि अमर शहीद क्रांतिकारी ठाकुर जोरावर सिंह बारहठ की जयंती को पराक्रम दिवस पर महाविद्यालय एवं त्रिमूर्ति स्मारक देव खेड़ा विद्यालय में प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की एवं क्रांतिकारीयो के 24 मार्च को स्वाभिमान दिवस 21 नवंबर को राष्ट्रचिंतन दिवस 23 दिसंबर को शौर्य दिवस 4 दिसंबर को नारी शक्ति वंदन दिवस एवं 12 सितंबर को पराक्रम दिवस के रूप में कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे जानकारी के अनुसार बसंत वैष्णव ने बताया कि शाहपुरा क्षेत्र के देव खेड़ा गांव में12 सितंबर1883 को जन्मे क्रांतिकारी जोरावर सिंह बारहट कीआज शुक्रवार को श्री प्रताप सिंह बारहठमहाविद्यालय एवं देव खेड़ा में ठाकुर केसर सिंह उच्च प्राथमिक विद्यालय में 143वी जयंती पर क्रांतिकारी एवं शहीदों को याद करते हुए मातृभूमि के जयकारों के साथ पुष्पांजलि अर्पित कर मनाया एवं संस्था के सदस्यों का सम्मान किया गया इस मौके पर वीर रस की कविताओं के साथ वीर गाथाओं का विस्तृत वर्णन मंच के माध्यम से वक्ताओं ने किया एवं दिल्ली में 22 दिसंबर को लॉर्ड होर्डिंग पर बम फेंकने की ऐतिहासिक एवं क्रांतिकारी घटना का स्मरण किया गया कार्यक्रम में कन्हैयालाल धाकड़ डॉ सत्यनारायण कुमावत पुष्कर राज मीणा हरमल रेबारी बारह परिवार की सरला कंवरआदि प्रबुद्ध जन मंचासीन रहे कार्यक्रम समाप्त होने पर प्रहलाद संनाढय नामक वरिष्ठ जन ने आक्रोशित होकर कहा कि महाविद्यालय एवं विद्यालय के कर्मचारी सरकार से मोटीतनखा लेने के पश्चात भी ड्यूटी वक्त में कार्यक्रम में बिना अवकाश लिए आए और राष्ट्र एवं विद्यार्थियों की शिक्षा का नुकसान किया जिन्हें समिति के सदस्यों ने समझाइस की कार्यक्रम के इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश आर्य बसंत वैष्णव कैलाश जाड़ावत परमेश्वर कुमावत देवीलाल बेरवा हंसराज जाट हरकचंद शर्मा जगदीश पारीक, रामप्रसाद सेन, बसन्त वैष्णव, कैलाश मेहडू, बरदू जाट, माधव दास, हंसराज जाट, कैलाश चारण, मोहन कोली, सत्यानाराण सेन, पवन कुमार बांगड तथा महाविद्यालय परिवार के सदस्य डॉ. ऋचा अंगिरा, डॉ. हंसराज सोनी, प्रो. दिग्विजय सिंह मूलचंद खटीक आदि महाविद्यालय के व्याख्याता एवं विद्यार्थी आमजन प्रबुद्ध जन मौजूद रहे

## जिला जन अभाव अभियोग एवं सतर्कता समिति की नियमित मासिक बैठक एवं जिला स्तरीय जनसुनवाई 18 सितंबर को

**भीलवाड़ा ( हुक्मनामा समाचार )।** जिला जन अभाव अभियोग एवं सतर्कता समिति की नियमित मासिक बैठक एवं जिला स्तरीय जनसुनवाई 18 सितंबर को प्रातः 11 बजे जिला कलेक्ट्रेट के वी.सी. कक्ष (सूचना एवं प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग) में जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री जसमीत सिहं संधू की अध्यक्षता में विड़ियों कॉफ्रेन्स के माध्यम से आयोजित होगी। यह जानकारी जिला जन अभियोग एवं सतर्कता समिति सचिव ने दी।

## 53 पव्वे शराब का अवैध परिवहन करते एक युवक गिरफ्तार

**निम्बाहेडा ( हुक्मनामा समाचार )।** कोतवाली थाना पुलिस ने केली से कमावस रोड पर लायन सादा देसी मदिरा के 53 पव्वे अवैध रूप से परिवहन करते एक युवक राजेश कुमार जाट पिता मोतीराम जाट उम्र 28 साल निवासी बोरखेडी निम्बाहेडा को गिरफ्तार किया। प्राप्त जानकारी अनुसार सहायक उप निरीक्षक विश्वजीत सिंह मय जाप्ता कानि विकास कुमार , कानि गिर्राज प्रसाद ने गश्त के दौरान की मुखबीर की सूचना पर केली से कमावस की तरफजाने वाली रोड पर पहुच गाडी को साईड मे लगाकर नाकाबन्दी शुरू की इस दौरान एक व्यक्ति अपने कन्धे पर एक सफेद रंग का प्लास्टिक का कटटा लेकर केली की तरफसे पैदल पैदल आता नजर आया। उक्त व्यक्ति को पुलिस जाप्ते ने घेरा देकर रूकने का इशारा तो उक्त व्यक्ति पुलिस जाप्ते को बावर्दी देखकर भागने लगा जिसे जाप्ता द्वारा रोककर नाम पता पूछा एवं उसकी तलाशी ली और उसके पास कटटे को खोलकर देखा तो अन्दर खाकी कलर के कार्टुन में देशी शराब लॉयन देशी सादा मदिरा के कुल 53 प्लास्टिक के पवे 180-180 एम.एल भरे हुए मिले।

# आंदोलन की तैयारियों को लेकर शाहपुरा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित

**शाहपुरा ( हुक्मनामा समाचार )।** राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों और आमजन के हितों की अनदेखी के विरोध में कांग्रेस पार्टी 19 सितंबर 2025 को जिला मुख्यालय भीलवाड़ा पर जन अधिकार आंदोलन आयोजित करने जा रही है। यह आंदोलन पाँच सूत्रीय जनहित मांगों को लेकर जनता की आवाज बुलंद करने के लिए होगा इस आंदोलन की तैयारियों को लेकर गुरुवार को शाहपुरा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई, जिसमें कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर ने आंदोलन की रणनीति पर प्रकाश डाला और कार्यकर्ताओं को इसे सफल बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



बैठक में पूर्व प्रधान नीरज गुर्जर विधायक प्रत्याशी नरेंद्र कुमार रैगर, ब्लॉक अध्यक्ष महावीर कुमावत, नगर कांग्रेस कार्यवाहक अध्यक्ष रमेश सेन, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष नमन ओझा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामेश्वर सोलंकी लादूराम खटीक रामप्रसाद धाकड़ अजय मेहता सरपंच भगवत सिंह राणावत मंडल अध्यक्ष फुलिया कलां प्रधान चाड़ा कोठिया मंडल अध्यक्ष हनुमान वैष्णव आमली मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण सुवालका बिलिया मंडल अध्यक्ष भंवर गुर्जर सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष जयंत जीनगर तथा कांग्रेस प्रदेश सचिव (चिकित्सा प्रकोष्ठ) अतुल त्रिपाठी यूथ कांग्रेस नगर अध्यक्ष अमन पौंड्रिक विक्की खान अमजद खान भेरू लाल जाट केदार जाट मुकेश ताम्बी पप्पू जैन रविदत्त पुंडरीक पार्षद इकबाल खान भेरू लाल खटीक कैलाश फामडा जाकिर हुसैन आदर्श भारद्वाज रामदेव बैरवा पूर्व सरपंच राजेंद्र कुमावत शिवराज माली धनोप सुरेश शर्मा देवरिया भीमराज देवाशी सरपंच कालू राम गुर्जर अविनाश कुमार सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। आंदोलन की पाँच प्रमुख माँगें फसल खराबे के मुआवजे में जल्दी से जल्दी किसान को दिलाना।

न्यायालय आदेश के बावजूद सरपंचों की पुनर्नियुक्ति न होने के विरोध में स्पष्ट नीति और निष्पक्षता की माँग। पंचायत परिसीमन में हुई अनियमितताओं को समाप्त कर न्यायसंगत परिसीमन। जर्जर स्कूल भवनों को तोड़कर पुनर्निर्माण की माँग, ताकि बच्चों को सुरक्षित शिक्षा मिल सके। भीलवाड़ा में घटिया सीवरेज कार्य की जाँच और दोषियों पर कठोर कार्रवाई। धीरज गुर्जर ने कहा, जनता की आवाज को दबाने वाली सरकार के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर उतरेंगे और जनता के अधिकारों की रक्षा करेंगे। उन्होंने सभी ब्लॉकों को आंदोलन की तैयारियों को युद्ध स्तर पर तेज करने के निर्देश दिए। कांग्रेस पार्टी ने समस्त कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों से अपील की है कि वे 19 सितंबर को अधिक से अधिक संख्या में भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पहुँचकर आंदोलन को ताक़त दें, ताकि जनहित की माँगें सरकार तक मजबूती से पहुँचे।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल से संवर रहा गरीब और वंचित वर्ग के युवाओं का करियर

### मुख्यमंत्री अनुप्रति निःशुल्क कोचिंग योजना में अब 30 सितंबर तक आवेदन

# 30 हजार विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की फ्री कोचिंग कराएगी राज्य सरकार

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार गरीब और वंचित वर्ग के युवाओं को आगे बढ़ने के लिए भरपूर अवसर उपलब्ध करवा रही है। इस वर्ष सरकार 30 हजार छात्र-छात्राओं को मेडिकल, इंजीनियरिंग और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग सुविधा उपलब्ध करवाएगी। मुख्यमंत्री अनुप्रति निःशुल्क कोचिंग योजना 2025-26 के तहत प्रतिष्ठित संस्थानों में निशुल्क कोचिंग के लिए युवा अब 30 सितंबर तक आवेदन कर सकेंगे।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस, दिव्यांगजन सहित सभी पात्र युवाओं के हित को ध्यान में रखते हुए इस योजना की अंतिम तिथि 14 सितंबर से बढ़ाकर 30 सितंबर कर दी गई है। अधिक से अधिक युवा इस योजना का लाभ लेने के लिए एसएसओ आईडी के माध्यम से पंजीकरण कराएं। मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों को विभिन्न प्रोफेशनल कोर्स की प्रवेश परीक्षाओं एवं सरकारी नौकरियों के लिए आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कोचिंग संस्थानों के माध्यम से उत्कृष्ट ढंग से करवा कर रोजगार के समान अवसर प्रदान करना है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के तहत विभिन्न प्रोफेशनल कोर्स जैसे- मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए, सीएस, सीएमए, क्लैट के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षाओं, यूपीएससी द्वारा आयोजित सिविल सेवा एवं सीडीएस परीक्षा, आरपीएससी द्वारा आयोजित आरएएस, पुलिस सब इंस्पेक्टर परीक्षा, आरएसएसबी द्वारा पटवारी, कनिष्ठ सहायक परीक्षा, आरआरबी एवं एसएससी द्वारा आयोजित परीक्षाओं, बैंकिंग एवं इंश्योरेन्स की भर्ती परीक्षाओं, रीट एवं कांस्टेबल परीक्षा के लिए आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी उत्कृष्ट ढंग से कराने के अवसर प्रदान किए जाते हैं।

---

#### सरकार ने फसल वर्ष 2025-26 के मद्देनजर

## मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में अफीम पोस्त की खेती के लिए वार्षिक लाइसेंसिंग नीति की घोषणा की

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के किसानों के लिए अफीम पोस्त की खेती के लाइसेंस संबंधी वार्षिक लाइसेंसिंग नीति की घोषणा की। यह नीति 1 अक्टूबर, 2025 से 30 सितंबर, 2026 फसल वर्ष के दौरान जारी रहेगी। नीति की सामान्य शर्तों के अनुसार, इन राज्यों में लगभग 1.21 लाख किसान अफीम की खेती के लाइसेंस प्राप्त करने के पात्र है। यह पिछले फसल वर्ष में जारी किए गए लाइसेंसों की संख्या से 23.5 प्रतिशत अधिक है । इस प्रकार लगभग 15,000 अतिरिक्त किसान इस नीति से जुड़े है, जिन्हें इस वर्ष अफीम की खेती से लाभ मिलने की उम्मीद है। केंद्र सरकार चिकित्सा और उपशामक देखभाल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एल्कलॉइड की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। इसके साथ ही, आवश्यक मादक औषधियों के उत्पादन हेतु एल्कलॉइड की आवश्यकताओं को पूरा करने के उद्देश्य से, स्वदेशी और आत्मनिर्भर उपायों के माध्यम से प्रसंस्करण क्षमता बढ़ाने के प्रयास जारी हैं। मौजूदा अफीम गोंद उत्पादकों को बनाए रखना जिन्होंने प्रति हेक्टेयर 4.2 किलोग्राम या उससे अधिक औसत मॉर्फिन उपज (एमक्यूवाई-एम) हासिल की है।

---

## मत्स्य सेवा संवर्ग के विभिन्न पदों पर पदोन्नति के लिए डीपीसी की बैठक आयोजित

**जयपुर।** शुक्रवार को शासन सचिवालय में अयुब खान, सदस्य, राजस्थान लोक सेवा आयोग की अध्यक्षता में मत्स्य विभाग के विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में डॉ समित शर्मा, शासन सचिव, मत्स्य विभाग, दिनेश कुमार शर्मा, संयुक्त शासन सचिव, कार्मिक विभाग एवं संचिता बिश्नोई, निदेशक, मत्स्य विभाग समिति सदस्य के रूप में उपस्थित रहे। मत्स्य विभाग में मत्स्य राज्य सेवा के संयुक्त निदेशक, उप निदेशक एवं सहायक निदेशक तथा मत्स्य अधीनस्थ सेवा के सहायक मत्स्य विकास अधिकारी के रिक्त पदों पर वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 की रिक्तियों के विरूद्ध पदोन्नति के लिए यह बैठक आयोजित हुई। इस विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक में 02 अधिकारियों को संयुक्त निदेशक के पद पर, 03 अधिकारियों को उप निदेशक के पद पर तथा 02 कर्मचारियों को सहायक मत्स्य विकास अधिकारी के पद पर पदोन्नत किया गया।

## केन्द्रीय वित्त आयोग (शहरी) अनुदान के तहत राजस्थान को 541 करोड़ रुपये जारी

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार शहरों में आधारभूत ढांचे के विकास के लिए कार्ययोजना बनाकर पूर्ण प्रतिबद्धता से काम कर रही है। साथ ही, राजस्थान में स्कूली शिक्षा को मजबूत बनाने के लिए समग्र शिक्षा अभियान के मुख्य उद्देश्यों की प्राप्ति भी सुनिश्चित की जा रही है। शर्मा ने कहा कि राजस्थान में शहरी विकास को गति प्रदान करने और शिक्षा के क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए निरंतर केन्द्र सरकार का सहयोग प्राप्त हो रहा है। इसी क्रम में केन्द्र सरकार ने केन्द्रीय वित्त आयोग (शहरी) अनुदान की 541 करोड़ रुपये की राशि जारी कर दी है। साथ ही, केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय ने प्रदेश में समग्र शिक्षा अभियान के लिए 580 करोड़ रुपये भी जारी कर दिए हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल एवं केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से प्रदेश की विभिन्न आवश्यकताओं को लेकर विगत समय में मुलाकात की थी।

## आरटीओ में भी अब ऑनलाइन चालान सिस्टम

**जयपुर।** प्रदेश में अब आरटीओ इंस्पेक्टर और अन्य अधीनस्थ अधिकारी चालान कम्पाउंड के दौरान नकद राशि नहीं ले सकेंगे। ये चालान अब ऑनलाइन ही जमा करवाने होंगे। सरकार ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। दरअसल सरकार अब ऑनलाइन चालान करने की प्रक्रिया पर तेजी से काम कर रही है।

---

#### मिलेट आउटलेट्स खोलने की दिशा में सहकारिता विभाग की अहम उपलब्धि

## आमजन में लोकप्रिय हो रहे मिलेट आउटलेट्स, सहकारी समितियों की बढ़ रही आय

- निर्धारित लक्ष्य की तुलना में खोले जा चुके 4 गुना से अधिक आउटलेट्स

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** राज्य में सहकारी संस्थाओं द्वारा मिलेट आउटलेट्स खोलने की दिशा में सहकारिता विभाग अहम उपलब्धियां हासिल कर रहा है। राज्य में अब तक 152 मिलेट आउटलेट्स खोले जा चुके हैं जो निर्धारित लक्ष्य की तुलना में लगभग साढ़े चार गुना अधिक हैं। ग्राम सेवा सहकारी समिति स्तर तक खोले जा रहे ये मिलेट आउटलेट्स आमजन के बीच खास लोकप्रिय हो रहे हैं और बड़ी संख्या में लोग अन्न को अपना रहे हैं। सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां मंजू राजपाल ने बताया कि सितम्बर माह के अंत तक कॉनफेड एवं जिला सहकारी उपभोक्ता भण्डारों के माध्यम से 34 मिलेट आउटलेट्स खोलने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, लेकिन सहकारी समितियों की दिलचस्पी और आमजन के रूझान के चलते आदिनांक तक ही 152 मिलेट आउटलेट्स खोले जा चुके हैं। कॉनफेड और जिला सहकारी उपभोक्ता भण्डारों के साथ ही क्रय-विक्रय सहकारी समितियों एवं ग्राम सेवा सहकारी समितियों के स्तर पर तेजी से मिलेट आउटलेट्स खोले जा रहे हैं। राजपाल ने बताया कि राज्य सरकार की बजट घोषणा की अनुपालना में अन्न उत्पादों की आमजन तक पहुंच बढ़ाने, प्रचलन में लाने तथा सहकारिता एवं राजीविका के स्वयं सहायता समूहों के मिलेट उत्पादों की बिक्री से रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए




राज्य भर में ये मिलेट आउटलेट्स खोले जा रहे हैं। विगत 17 जुलाई को केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा सहकार एवं रोजगार उत्सव के दौरान 64 मिलेट आउटलेट्स का शुभारम्भ किया गया था।

प्रमुख शासन सचिव ने बताया कि इन आउटलेट्स पर आमजन को अन्न तथा अन्न से बने उत्पाद उचित दामों पर उपलब्ध हो रहे हैं। सहकारी संस्थाओं के साथ-साथ राजीविका की महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा उत्पादित मिलेट्स उत्पादों को भी इन मिलेट विक्रय केन्द्रों पर बिक्री हेतु रखा जा रहा है। मिलेट आउटलेट्स पर उपलब्ध उत्पादों में सावां, कुटकी, कोदो, कांगनी और छोटी कांगनी के साथ ही मिलेट मिक्स, रोस्टेड ज्वार, रोस्टेड बाजरा, रागी के बिस्किट, ओट्स बिस्किट, कुकीज, अन्न का दलिया, रागी के फ्लेक्स, सावां के रोस्टेड फ्लेक्स आदि प्रमुख है। उन्होंने बताया कि 'सहकार से समृद्धि' परिकल्पना के अंतर्गत राज्य का यह नवाचार निरन्तर सफलता की ओर अग्रसर है और इससे सहकारी समितियों की आय में वृद्धि हो रही है।

कॉनफेड के मैनेजर (मार्केटिंग) हनुमान अग्रवाल ने बताया कि नेहरू सहकार भवन स्थित कॉनफेड स्टोर में संचालित मिलेट आउटलेट में विगत दिनों में बिक्री में जबर्दस्त वृद्धि हुई है। यहां प्रतिमाह लगभग 1.50 लाख रुपये के उत्पादों की बिक्री हो रही है। स्टोर पर अन्न उत्पाद बिक्री के लिए रखे जाने के बाद से खरीददारों की आवाजाही बढ़ी है। उन्होंने बताया कि अन्न से बने उत्पाद यथा- मिलेट्स बिस्किट, मिलेट्स की रोस्टेड नमकीन, मिलेट्स से बने नूडल्स और पोहा आदि की विशेष मांग है। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक लोग अन्न के उत्पादों को अपनी थाली में शामिल कर रहे हैं।

गंगानगर सहकारी उपभोक्ता होलसेल भण्डार लि. के सुपर बाजार प्रभारी अभितेष मिगलानी ने बताया कि मिलेट आउटलेट की शुरूआत से ही लोगों का अन्न उत्पादों के प्रति अच्छा रूझाने देखने को मिल रहा है और उत्पादों की बिक्री में निरन्तर वृद्धि हो रही है।

---

## ब्लूटूथ से चीटिंग कर पास हुए दो जूनियर क्लर्क गिरफ्तार



**जयपुर।** स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने नकल कर बने दो जूनियर क्लर्क को शुक्रवार दोपहर गिरफ्तार कर लिया। राजस्थान हाईकोर्ट की ओर से कनिष्ठ न्यायिक (सहायक लिपिक ग्रेड सेकेंड और लिपिक ग्रेड सेकेंड) के पदों पर सीधी भर्ती के लिए संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा-2022 में दोनों आरोपी ब्लूटुथ से चीटिंग कर पास हुए थे। नकल गिरोह के मास्टर माइंड से दोनों आरोपियों से 5-5 लाख रुपए में सौदा किया था। पिछले करीब 6 महीने से अधिक समय से दोनों आरोपी फरार चल रहे थे। एडीजी (एसओजी एवं एटीएस) वी.के.सिंह ने बताया- ब्लूटूथ से चीटिंग कर जूनियर क्लर्क बनने वाले आरोपी राकेश जाखड़ (24) पुत्र चैनाराम जाखड़ और ओमप्रकाश जाट (30) पुत्र घासीराम जाट निवासी कुचेरा नागौर को अरेस्ट किया है। जूनियर क्लर्क राकेश जाखड़ वर्तमान में अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम संख्या-4 उदयपुर के पदस्थापित था। वह पिछले करीब 8 महीने से स्वैच्छिक रूप से अनुपस्थित होकर फरार चल रहा था। राकेश जाखड़ का छोटा भाई बीरबल जाखड़ भी इसी परीक्षा में ब्लूटूथ डिवाइस से नकल करके जूनियर क्लर्क के पद पर चयनित हुआ था। बीरबल जाखड़ को पूर्व में अरेस्ट किया जा चुका है।

---

#### आबकारी एमनेस्टी योजना

## 2025 राजस्व बकाया प्रकरणों पर ब्याज एवं पेनल्टी की शत-प्रतिशत माफी

**जयपुर।** आबकारी विभाग के राजस्व बकाया के पुराने प्रकरणों के शीघ्र समाधान के लिए चल रही आबकारी एमनेस्टी योजना 2025 के तहत बकायादारों को मूल बकाया राशि जमा करवाने पर शत प्रतिशत ब्याज एवं पेनल्टी राशि माफी का लाभ दिया जा रहा है। आबकारी आयुक्त शिवप्रसाद नकाते ने बताया कि आबकारी विभाग के बकायादारों के लिए आबकारी एमनेस्टी योजना- 2025 पुरानी बकाया को जमा करवाने का सुगम अवसर है। इस योजना का लाभ 30 सितम्बर 2025 तक प्राप्त किया जा सकता है। उक्त योजना उन समस्त आबकारी राजस्व बकाया प्रकरणों पर लागू होगी जिसमें राजस्व बकाया 31 मार्च 2022 या उससे पूर्व की है। इस योजना में वे प्रकरण भी सम्मिलित होंगे जिसमें मांग सृजन के आदेश एक अप्रेल 2022 अथवा उसके पश्चात् जारी किए गए है परन्तु मांग 31 मार्च 2022 की अवधि से संबंधित है। आबकारी आयुक्त के अनुसार आबकारी एमनेस्टी योजना- 2025 के तहत 31 मार्च 2020 तक के आबकारी राजस्व बकाया के प्रकरणों योजना की अंतिम तिथि तक मूल बकाया राशि जमा करवाने पर शत प्रतिशत ब्याज एवं पेनल्टी माफी का लाभ दिया जा रहा है।

---

#### राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा | 13 और 14 सितंबर को होगी लिखित परीक्षा

## 10,000 पदों के लिए 5 लाख से अधिक उम्मीदवार मैदान में

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस में 10,000 पदों पर होने वाली बड़ी भर्ती परीक्षा 13 और 14 सितंबर को आयोजित होगी। इस परीक्षा में 5 लाख 24 हजार 740 अभ्यर्थी शामिल होंगे। इसमें कॉन्स्टेबल सामान्य, चालक, बैंड, पुलिस दूरसंचार और हाल ही में गठित तीन महिला बटालियन अमृता देवी, कालीबाई और पदमिनी देवी के पद सम्मिलित हैं। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड) बिपिन कुमार पाण्डेय ने बताया कि विज्ञापित पदों में कांस्टेबल सामान्य नॉन-टीएसपी के 8512, टीएसपी के 867, चालक नॉन-टीएसपी के 503, टीएसपी के 47, कांस्टेबल बैंड के 71, तीन नवसृजित महिला बटालियनों के 1500 और पुलिस दूरसंचार के 1469 पद शामिल हैं। इनमें महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण के तहत 3303 पद रखे गए हैं।

### सुरक्षा और पारदर्शिता के इंतजाम

- अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (एटीएस व एसओजी) वी.के. सिंह ने बताया कि परीक्षा की शुचिता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सख्त प्रबंध किए गए हैं।
- सभी परीक्षा केन्द्र सीसीटीवी निगरानी में होंगे, पुलिस मुख्यालय पर लाइव मॉनिटरिंग होगी।
- अभ्यर्थियों की बायोमैट्रिक जांच व सघन तलाशी के बाद ही प्रवेश मिलेगा।
- सभी केन्द्रों पर जैमर लगाए गए हैं ताकि इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस निष्प्रभावी रहें।
- प्रश्न पत्रों को 9 स्तर की पैकिंग में सुरक्षित रखा गया है और अस्थायी ट्रेजरी रूम में हथियारबंद गार्ड तैनात रहेंगे।
- प्रश्न पत्रों की लोडिंग-अनलोडिंग प्रक्रिया की वीडियोग्राफी होगी।
- ड्यूटी स्टाफ को विशेष पहचान पत्र जारी किए गए हैं।
- संदिग्ध व्यक्तियों और नकल गिरोहों पर निगरानी के लिए जिला पुलिस अधीक्षकों को विशेष निर्देश दिए गए हैं।

### अतिरिक्त व्यवस्थाएँ

**अभ्यर्थियों और उनके अभिभावकों की आवाजाही के लिए रोडवेज और रेलवे अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए गए हैं। परीक्षा संबंधी समस्याओं के निवारण हेतु पुलिस मुख्यालय स्तर पर 24 घंटे सक्रिय कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है।**

### परीक्षा कार्यक्रम

**13 सितम्बर (शनिवार) :**

- केवल दूसरी पारी में, पुलिस दूरसंचार व चालक पदों की परीक्षा।
- समय : अपराह्न 3 बजे से 5 बजे तक
- 9 जिलों के 280 केंद्रों पर 1,05,846 अभ्यर्थी शामिल होंगे।

**14 सितम्बर (रविवार)**

- पहली पारी (सुबह 10 से 12 बजे): 21 जिलों के 582 केंद्रों पर 2,09,987 अभ्यर्थी।
- दूसरी पारी (दोपहर 3 से 5 बजे) : 21 जिलों के 580 केंद्रों पर 2,08,907 अभ्यर्थी।
- कॉन्स्टेबल बैंड पद के लिए लिखित परीक्षा का प्रावधान नहीं है।

---

#### बीजेपी-आरएसएस सांप्रदायिकता से भरा इतिहास रचना चाहते हैं

## देश में लोकतंत्र और संविधान खतरे में है-गहलोत

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने केंद्र सरकार, बीजेपी और आरएसएस पर देश के इतिहास को बदलकर सांप्रदायिकता वाला इतिहास बनाने का आरोप लगाया है। गहलोत ने कहा ये लोग (बीजेपी, आरएसएस) नया सांप्रदायिकता से भरा इतिहास रचना चाहते हैं। ये इतिहास की बातें भुलाने के लिए देश लिए जवाहरलाल नेहरू तक को नहीं छोड़ रहे। नेहरू के बारे में ऐसी गंदी और घटिया बातें लिखते हैं। इनकी मंशा खतरनाक है। ये भारी गलती कर रहे हैं। देश के इतिहास को भुला रहे हैं। गहलोत जयपुर में जवाहर बाल मंच के कार्यक्रम में बोल रहे थे। गहलोत ने कहा- इतिहास की आलोचना करने से क्या हासिल होता है। ये कभी नहीं कहते कि इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने देश के लिए जान दे दी। जो इतिहास को भुलाते हैं, वे खुद कभी इतिहास नहीं बना पाते। सत्ता



में आज जो बैठे हैं, वे लोग वो गलतियां कर रहे हैं, जो सोच नहीं सकते। केंद्र की सत्ता में बैठे लोगों ने देश की आजादी के आंदोलन में अपनी उंगली तक नहीं कटाई। महात्मा गांधी, पंडित नेहरू, तिलक, गोखले, सरदार भगत सिंह सहित बड़े नाम आते हैं।

**संविधान और लोकतंत्र खतरे में हैं, केंद्र पूजीपतियों की पक्षधर** गहलोत ने कहा- राहुल गांधी आज जो बात बोल रहे हैं, चाहे वोट चोरी की बात हो या संविधान बनाने की बात हो। उसके पीछे के कारणों और मंशा को समझने की जरूरत है। संविधान बचाने की बात कहने के पीछे मंशा क्या है, नौबत क्यों आई, यह सोचना होगा। वो लगातार संविधान बचाओ की बात कह रहे हैं।

**आईटी क्रांति का फायदा विपक्ष उठा रहे** गहलोत ने कहा- राजीव गांधी देश में आईटी क्रांति लेकर आए थे, वो तो चले गए। लेकिन आईटी क्रांति का सबसे ज्यादा फायदा हमारे विपक्ष के लोग उठा रहे हैं। युवाओं को देश के सही इतिहास के बारे में बताना होगा।

---

## एनजीओ के जरिए बच्चों का ब्रेनवॉश कर रही केंद्र-सरकार -डोटासरा

**जयपुर।** कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने केंद्र सरकार पर एनजीओ को फंडिंग करके उसके जरिए बच्चों का ब्रेनवॉश करके उन पर आरएसएस, बीजेपी की विचारधारा थोंपने का आरोप लगाया है। डोटासरा ने कहा- मेरे शिक्षा मंत्री रहते केंद्र से फंडेड एक एनजीओ वोटर बनने से पहले बच्चों का ब्रेनवॉश करने की नीयत से मेरे पास एमओयू करने आया था। लेकिन मैं उसे पहचान गया कि यह तो आरएसस की विचारधारा थोंपना चाहते हैं। डोटासरा जयपुर में जवाहर बाल मंच की तीन दिन के ट्रेनिंग कैंप के उद्घाटन के मौके पर बोल रहे थे। डोटासरा ने कहा- जब मैं शिक्षा मंत्री था तो मेरे पास एक एनजीओ के लोग आए। उन्होंने कहा- हमसे आप एमओयू कीजिए।



---

## जीएसटी दरों में बदलाव से सड़क परिवहन और ऑटो सेक्टर को नई रफ्तार

**नई दिल्ली।** भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहे जाने वाले सड़क परिवहन और ऑटोमोबाइल क्षेत्र में हाल ही में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। 22 सितंबर 2025 से लागू होने जा रहे जीएसटी दरों में कटौती को विशेषज्ञ एक गेम-चेंजर मान रहे हैं। केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट कार्य मंत्री की अध्यक्षता में हुई जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक में यह फैसला लिया गया। ऑटोमोबाइल क्षेत्र का महत्व समझना जरूरी है। भारत में यह क्षेत्र 7% से अधिक जीडीपी में योगदान देता है और करीब 3.5 करोड़ प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रोजगार से जुड़ा हुआ है। दोपहिया वाहन से लेकर ट्रैक्टर और बसें न केवल व्यक्तिगत जरूरतें पूरी करते हैं बल्कि कृषि, औद्योगिक उत्पादन और राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स का अहम हिस्सा हैं। वहीं सड़क परिवहन क्षेत्र देश की 65% माल ढुलाई और 85% यात्री परिवहन का भार उठाता है। यानी अगर सड़क परिवहन महंगा होता है तो इसका सीधा असर रोजमर्रा की जिंदगी से लेकर महंगाई और निर्यात तक पर पड़ता है। भारत में जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) को 2017 में लागू किया गया था ताकि कर संरचना को सरल, पारदर्शी और समान बनाया जा सके। लेकिन ऑटोमोबाइल सेक्टर पर शुरुआती दौर से ही ऊंची दरें लागू थीं। मोटरसाइकिल, कारें, बसें और ऑटो पार्ट्स पर 28% तक जीएसटी लगता था, जिस पर क्लीन एनर्जी उपकर जैसे अतिरिक्त कर भी लगाए जाते थे। इसका परिणाम यह हुआ कि वाहनों की कीमतें अपेक्षाकृत अधिक बनी रहीं और ग्रामीण व निम्न-मध्य वर्ग की खरीदी क्षमता प्रभावित होती रही।

अब जब सरकार ने जीएसटी दरों को घटाकर दोपहिया, कार, बस और वाणिज्यिक वाहनों पर 18% तथा ट्रैक्टरों पर 5% कर दिया है, तो इसका असर बहुस्तरीय होने वाला है। न सिर्फ उपभोक्ताओं को सीधी राहत मिलेगी, बल्कि ऑटो-कंपोनेंट उद्योग, एमएसएमई, किसान, ड्राइवर और ट्रांसपोर्टर - सभी को बड़ा लाभ होगा।

बांगड़ जिला अस्पताल में अव्यवस्थाओं का आलम

# इमरजेंसी मरीजों को नहीं मिल रही व्हील चेयर स्टेचर अस्पताल की अव्यवस्थाओं को लेकर आरएलपी ने दी आंदोलन की चेतावनी



**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** जिला मुख्यालय के राजकीय बांगड़ जिला अस्पताल में अव्यवस्थाओं का आलम इस प्रकार हो चुका है,क्योंकि यहां पर मरीजों को समय पर ना तो स्टेचर मिल सकती है, और ना ही व्हीलचेयर मरीजों को उपलब्ध हो सकती है,कहीं ना कहीं इन अव्यवस्थाओं में मरीजों की उतनी ही अहम भूमिका है,जितनी यहां के चिकित्सा स्टाफ की है,लापरवाहियों के चलते कई मरीजों की जान भी चली जाती है,लेकिन फिर भी व्यवस्थाओं को सुधारने के लिए कोई कड़े कदम नहीं उठाए जाते हैं।अस्पताल की इन अव्यवस्थाओं को लेकर आरएलपी के संयोजक गुलशेर खान ने आंदोलन की चेतावनी दी है, खान ने कहा कि डीडवाना का बांगड़ हॉस्पिटल जिला हॉस्पिटल तो बना दिया गया, लेकिन हालात आज भी जस के तस हैं। आगे आरोप लगाते हुए बताया कि डॉक्टर समय पर हॉस्पिटल नहीं आते। मरीज 9 बजे से लाइन में खड़े रहते हैं, डॉक्टर 11,12 बजे तक आते हैं।आधे से ज्यादा डॉक्टर हमेशा छुट्टी पर रहते हैं,जो आते हैं वो भी पूरे मन से मरीज नहीं देखते।पर्ची काटने वालों की धीमी गति से काम करने के कारण घंटों लंबी-लंबी लाइनें लग जाती हैं। गरीब मरीज धूप तकलीफ़ में खड़े रहते हैं, लेकिन किसी को फिक्र नहीं है। नतीजा एक-एक मरीज को चेक करवाने में 2,3 घंटे लग जाते हैं।आगे चेतावनी देते हुए कहा प्रशासन अच्छी तरह समझ लें अगर ये व्यवस्था तुरंत नहीं सुधरी तो हालात ठीक नहीं रहेंगे।

जनता मजबूर होकर बड़ा कदम उठाएगी, इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी, खान ने चेतावनी के साथ में ही प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ अजीतसिंह से भी मुलाकात की है,मुलाकात करते हुए अस्पताल की इन अव्यवस्थाओं को लेकर उन्हें अवगत कराया है,जिस पर प्रमुख चिकित्सा अधिकारी ने आश्वासन दिया है,कि इन व्यवस्थाओं में सुधार किया जाएगा,वहीं उन्होंने अपनी बात भी बताई है,कि किस तरह मरीजों को यहां पर समय पर व्हीलचेयर स्ट्रेचर उपलब्ध नहीं होते हैं, कई मरीज स्ट्रेचर ले जाते हैं,लेकिन वापस लाकर नहीं देते हैं,जिसकी वजह से स्ट्रेचर व्हीलचेयर की कमी आ जाती हैं,वहीं अन्य व्यवस्थाओं को लेकर भी अवगत कराया गया है,जिसमे उचित आश्वासन प्रमुख चिकित्सा अधिकारी के द्वारा दिया गया है।

### रावत खा बने स्थानीय निकाय प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष



**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा निकाय प्रकोष्ठ राजस्थान के जिला अध्यक्षों की घोषणा की है,पूरे राजस्थान में 41 जिला अध्यक्षों की घोषणा की गई है, जिसमें डीडवाना कुचामन जिले के लिए भी जिला अध्यक्ष की घोषणा की गई है,जिसमें रावत खा को कांग्रेस पार्टी के द्वारा स्थानीय निकाय प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, खा के जिला अध्यक्ष नियुक्त होने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है,सभी ने खा को ढेरों शुभकामनाएं बधाइयां दी है, यह नियुक्तियां राजस्थान कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के अनुमोदन पर दी गई है।

न्यूज ब्रीफ

## छोटी खाटू में मेगा ब्लड डोनेशन ड्राइव 2.0 का बैनर अनावरण



**छोटीखाटू (हुक्मनामा समाचार)।** अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के निर्देशन में आगामी 17 सितम्बर 2025 को संपूर्ण देशभर में एक साथ आयोजित होने वाले मेगा ब्लड डोनेशन ड्राइव 2.0 का बैनर अनावरण शुक्रवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा करवा गया। कार्यक्रम में युवक परिषद मंत्री दीपक बेताला, कोषाध्यक्ष देवांग फुलफगर, धीरज सेठिया, भागचंद सेठिया विकाश सेठिया, प्रधानाचार्य सुखवीर डूडी सहित अनेक गणमान्यजनों की उपस्थिति में किया गया। प्रधानाचार्य सुखवीर डूडी व स्टाफ ने इस राष्ट्रव्यापी अभियान की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान जैसे पुण्य कार्य में समाज की सक्रिय भागीदारी सराहनीय है तथा विद्यालय परिवार की ओर से हर संभव सहयोग किया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान मंत्री दीपक बेताला ने रक्तदान जीवनदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह अभियान न केवल मानवता की सेवा है बल्कि युवाओं के लिए प्रेरणादायी आदर्श भी है और अपने परिवार वह आम जन तक इसका महत्व समझाने का आग्रह किया और प्रेरित करने की बात की।

## भीण्डर में 16 से सुखाड़िया विवि की कबड्डी प्रतियोगिता



**भीण्डर (हुक्मनामा समाचार)।** भीण्डर के द्रोणाचार्य पीजी कॉलेज में 16 से 18 सितंबर तक मोहनलाल सुखाड़िया विवि की अंतर महाविद्यालय कबड्डी छात्र वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।

वहीं छात्रा वर्ग की प्रतियोगिता 26 सितंबर से शुरू होगी। कॉलेज को-ऑर्डिनेटर चक्रवीरसिंह शक्तावत ने बताया कि कबड्डी प्रतियोगिता आयोजन के लिए तैयारियां शुरू हो चुकी है। द्रोणाचार्य कॉलेज की मेजबानी में पहले भी कबड्डी, सॉफ्टबॉल, वालीबॉल आदि प्रतियोगिताएं आयोजित हो चुकी है। उल्लेखनीय हैं कि मेजबान द्रोणाचार्य पीजी कॉलेज की छात्र वर्ग टीम पिछले पांच वर्षों से लगातार विजेता रह रही हैं तो वहीं छात्रा वर्ग की टीम भी बेहतर प्रदर्शन करती आ रही है। दोनों प्रतियोगितओं की मेजबानी के लिए कॉलेज प्रबंधन उत्साहित हैं और तैयारियां शुरू की दी है।

### कुचेरा रसोई का कार्य करते अचानक कुकर फटा।जिससे बालिका झुलस गई

**कुचेरा (हुक्मनामा समाचार)।** कुचेरा शहर छींपा मोहल्ला में शुक्रवार सुबह रसोई का कार्य करते अचानक कुकर फट गया, कुकर के फटने से कुकर में बन रही दाल उछलकर यहां काम कर रही बालिका पर गिरी जिससे बालिका झुलस गई, धमाके की आवाज सुन परिवार व मोहल्ले वासी मौके पर पहुंचे और बालिका को इस हालत में अस्पताल लेकर पहुंचे जहां प्राथमिक उपचार किया गया, प्राप्त जानकारी के अनुसार कुचेरा शहर के छींपा मस्जिद के पास स्थित रहवासी नथु छींपा के मकान में रसोई घर में खाना बनाते समय अचानक गैस के चूल्हे पर रखा कुकर फट गया जिससे बालिका झुलसी गनीमती रही कि किसी प्रकार की जन हानि नहीं हुई।

देवलिया कला में मसूदा विधायक कानावत का जताया ग्रामीणों ने आभार

## महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में विज्ञान संकाय स्वीकृत



**देवलिया कला (हुक्मनामा समाचार)।** देवलिया में राजकीय महात्मा गांधी इंग्लिश मिडियम स्कूल में विज्ञान संकाय खुलने से ग्रामीणों में हर्ष की लहर दिखाई दी एवं सभी ने मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत का आभार जताया। पूर्व सरपंच एवं भाजपा नेता रामस्वरूप मेवाड़ा देवलिया कला ने बताया कि मसूदा विधायक कानावत साहब राज्य सरकार की ओर से चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ क्षेत्र वासियों को दिलाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हे इसी क्रम में शिक्षा के क्षेत्र में देवलिया कला में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय इंग्लिश मिडियम में विज्ञान संकाय खोलने की स्वीकृति देकर नए आयाम स्थापित किए हे और गांव के एवं आसपास के बच्चों को अपना कैरियर बनाने में सुगमता रहेगी। इस लिए पूरे गांव में खुशी की लहर हे एवं इस कार्य के लिए विधायक साहब का सोशल मीडिया एवं मोबाइल पर आभार जताया हे । मौके पर पूर्व सरपंच रामस्वरूप मेवाड़ा ,पूर्व पसस गिरिराज यादव ,शक्ति केन्द्र संयोजक भा.ज.पा. बडली देवलिया कलां रामेश्वर प्रसाद यादव , भाजपा ओ बी सी जिला मोर्चा मंत्री महेश टेलर ,रमेश सेन ,माया सेन ,दुदाराम धोबी ,राजेंद्र प्रसाद चारण ,हरि सिंह यादव ,बालू धोबी ,हंसराज यादव ,धनराज यादव , अश्विनी टेलर आदि मौजूद थे ।

## जैसीआई कोटा स्टारः खेल और जोश से सराबोर रहा स्पोर्ट्स डे



**कोटा( हुक्मनामा समाचार )।** जेसीआई कोटा स्टार की ओर से जेसी वीक प्रिज्म के अंतर्गत शुक्रवार को माहेश्वरी टर्फ, डकनिया स्टेशन पर स्पोर्ट्स डे का आयोजन किया गया। इस दौरान खेल, जुम्बा और विभिन्न गतिविधियां आयोजित हुईं। कार्यक्रम की शुरुआत जुम्बा सेशन से हुई। जिसे रुचि मित्तल ने संचालित किया। इसके बाद मैदान में क्रिकेट, फुटबॉल, दौड़ और रस्साकशी जैसे आउटडोर खेल आयोजित किए गए। वहीं कैरम, शतरंज और टेबल टेनिस जैसे इनडोर गेम्स ने भी सभी को रोमांचित किया। अध्यक्ष तनुज खंडेलवाल एवं ऋतु खंडेलवाल ने बताया कि जेसीआई कोटा स्टार अपने सदस्यों के सर्वांगीण विकास और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए सदैव तत्पर है। सचिव राजकुमार मित्तल ने बताया कि इस अवसर पर जोन वाइस प्रेसीडेंट मोहित जैन एवं जोन वाइस प्रेसिडेंट मन महेश्वरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पवन कल्पना चित्तौड़ा, संजय सुनीता गोयल, मनोज जैन, श्रेणिक कविता बापना, विशाल ऋचा रस्तोगी, विभूति जैन, रवि गर्ग, दीप्ति गर्ग, धर्मेंद्र अग्रवाल, अनुप्रिया बंसल, तन्वी, अर्पिता, प्रियंका, लक्ष्मी, अनामिका अग्रवाल, अदिति जैन, दुर्गा जांगिड़, आशीष गंगवाल, विनय बंसल मनीष सोनी, नीरज शर्मा, विवेक गोयल, मोहित गर्ग और रवि खंडेलवाल समेत कई पूर्व अध्यक्ष, पदाधिकारी और सदस्य भी शामिल हुए। प्रोजेक्ट डायरेक्टर नितेश खंडेलवाल ने बताया कि इस तरह के आयोजन न केवल स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं। बल्कि आपसी सहयोग और भाईचारे को भी मजबूत करते हैं।

## जेतगढ़ बामणिया विद्यालय क्रमोन्नत की मांग 13 साल से अधूरी



**जवाजा (हुक्मनामा समाचार)।** जेतगढ़ बामणिया उत्कृष्ट विद्यालय, जो सुरड़िया से लगभग 3 किलोमीटर और सरवीना पंचायत से 4 किलोमीटर दूर स्थित है, पिछले कई वर्षों से क्रमोन्नत (अपग्रेड) कराने की मांग कर रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि 2010 से लगातार विधायक और शिक्षा विभाग से शिकायतें व मांगें की जा रही हैं, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। करीब 3 हजार की आबादी वाले इस क्षेत्र से सात बाड़ियों के बच्चे शिक्षा लेने आते हैं। वर्तमान में दो उच्च प्राथमिक विद्यालयों में लगभग 300 बच्चे अध्ययनरत हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बच्चियों के लिए दूरस्थ विद्यालय तक जाना असुरक्षित है, जिसके कारण कई बार छात्राओं को स्कूल छोड़ने तक की मजबूरी बन जाती है।

प्रधानाध्यापक राजेश कुमार, जो पिछले 13 वर्षों से विद्यालय में सेवा दे रहे हैं, बताते हैं कि विद्यालय पहाड़ी क्षेत्र में स्थित होने के कारण सुविधाओं का अभाव हैऔर मोबाइल नेटवर्क न होने से कामकाज भी प्रभावित होता है। गांव के सेसू सिंह, नंदा सिंह, मदन सिंह (वार्ड पंच), बहादुर सिंह, कालू सिंह, बीरम सिंह, चिमन सिंह, अनीता देवी, लीला देवी, टीना, बसंता और ममता सहित कई ग्रामीणों ने क्रमोन्नति की मांग को लेकर पुनः सरकार से शीघ्र कार्रवाई करने की अपील की है।

### मदरसों का किया औचक निरीक्षण

**कोटा (हुक्मनामा समाचार)।** जला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी त्रिलोक चन्द मीणा द्वारा शुक्रवार को मदरसों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मदरसा दीनिया बरकातिया 51-ए, चम्बल गार्डन के सामने, वक्फ नगर, कोटा प.स. 933 बंद पाया गया। मदरसे के सदर सलामतउल्ल ने बताया कि मदरसे में नामांकन शून्य है। अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि मदरसा अलफतह कंसुआ चौराहा, कोटा पं.स. के निरीक्षण दौरान 5 में से 3 शिक्षा अनुदेशक अनुपस्थित पाए गए। शिक्षा अनुदेशकों द्वारा बताया गया कि मदरसे में नामांकन की स्थिति शून्य है। मदरसों के डी-रजिस्ट्रेशन करने के लिए राजस्थान मदरसा बोर्ड सचिव को अनुशंषा भिजवाई जाएगी।

## स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन 51 यूनिट एकत्रित किया




**छोटीखाटू (हुक्मनामा समाचार)।** निकटवर्ती ग्राम बड़ाबरा में किशोर पूनियां (नाड़ी बाबा) की पांचवी पुण्य तिथि पर स्वैच्छिक रक्त दान शिविर शुक्रवार को आयोजित हुआ।

जिसमें महिला और पुरूषों ने बढ चढ कर भाग लिया। शिविर में ब्लैड बैंक द्वारा 51 यूनिट एकत्रित किया गया। वही गुरूकुल एकेडमी शिक्षण संस्थान के स्टाफ द्वारा रक्त दान किया। इस अवसर पर आयोजन समिति ने रक्तदाताओं व कार्यकर्ताओं मेमोंटो देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर महेन्द्र पुनियां, रूघाराम बाजड़ोलिया, एडवोकेट जितेन्द्र सिंह, हड़मान पुनियां, किशोर सांगवा, भींयाराम पुनिया, दयालराम महाराज, रामनिवास पुनियां गार्ड, हरजीराम कड़ेला, रामस्वरूप पंवार, राकेश रॉयल, रिछपाल चारण, भवानी सिंह, रामचन्द्र फगोड़िया, मुकेश, राकेश गहलोत सहित ग्रामीण उपस्थित रहे और सहयोग किया।

## कृष्ण गौशाला नूवा में भागवत कथा का तीसरा दिन - भक्त ध्रुव चरित्र पर श्रद्धालु भावविभोर



**मौलासर (हुक्मनामा समाचार)।** कृष्ण गौशाला, नूवा में चल रहे संगीतमय मद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव के तीसरे दिन शुक्रवार को भक्त ध्रुव चरित्र एवं भगवान विष्णु के नरसिंह अवतार की झांकी का अलौकिक मंचन हुआ। कथा व्यास पथिकाचार्य कुलदीप शास्त्री जी ने श्रद्धालुओं को ध्रुव चरित्र सुनाते हुए बाल भक्त ध्रुव की अदम्य भक्ति और तपस्या का वर्णन किया।

उन्होंने कहा कि भगवान की प्राप्ति के लिए आयु कोई बाधा नहीं है, ध्रुव ने अल्पायु में ही भगवान के दर्शन कर यह सिद्ध कर दिया कि दृढ़ निश्चय और भक्ति से सब संभव है। व्यास जी ने भक्त प्रह्लाद और ध्रुव के प्रसंगों के माध्यम से बताया कि जीवन में कठिनाइयाँ चाहे कितनी भी आएं, भगवान का नाम और सत्मार्ग कभी नहीं छोड़ना चाहिए। कथा के दौरान नरसिंह भगवान की भव्य झांकी प्रस्तुत की गई, जिसे देख श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। व्यास जी ने कहा कि परमात्मा प्राप्ति के दो मार्ग हैं - सद्मार्ग, जिसे भक्त प्रह्लाद ने अपनाया और असद मार्ग, जिससे अंततः हिरण्यकश्यप को भी मोक्ष प्राप्त हुआ। उन्होंने श्रोताओं को सत्कर्म करने और हर पल प्रभु भजन में लीन रहने का संदेश दिया। आज तीन भामाशाहो ने सहयोग किया जिसमें रूपाराम खोखर,पूर्व सरपंच झुमरमल मेघवाल, सेवानिवृत अध्यापक रामेश्वर मिश्रा ने एक लाख एक हजार के हिसाब से तीनों ने तीन लाख तीन हजार रुपए गौ सेवार्थ सहयोग किया। कार्यक्रम के समापन पर मुख्य यजमान संदीप वर्मा, रूपाराम खोखर,अमित तूनवाल, हरिनारायण सोनी, सीताराम कुमावत, कन्हैयालाल शर्मा, ने व्यासपीठ और गौमाता की पूजा-अर्चना कर आरती उतारी। इसके पश्चात प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। गौशाला परिसर में चल रहा यह दिव्य आयोजन प्रतिदिन श्रद्धालुओं को धर्म, अध्यात्म और भक्ति के मार्ग पर अग्रसर कर रहा है।

# एसडीएम को चौपाल में ग्रामीणों ने लगाया समस्याओं का अंबार

चरागाह भूमि से तत्काल हटाया जाए अतिक्रमण

**भिनाय (हुक्मनामा समाचार)।** निकटवर्ती ग्राम छछूंदरा में गुरुवार शाम को उपखण्ड अधिकारी जीतू कुलहरी ने रात्रि चौपाल आयोजित कर ग्रामीणों की समस्याए सुनी ।

इस दौरान ग्रामीण जगवीर सिंह ,हगामा कुम्हार ,शिवराज भड़ाना सहित कई ग्रामीणों ने चरागाह भूमि व सिवायचक भूमि पर ग्रामीणों द्वारा अतिक्रमण कर चरागाह की मेड़बन्दी को हटाकर खेत बनाने की शिकायत करते हुए तत्काल अतिक्रमण हटवाने की मांग की । राधाकिशन गुर्जर ने फसल खराबे का मुआवजा दिलाने, सौदान पुत्र हजारी गुर्जर ने रहन नामा अंकित करने,राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सेदरिया के प्रधानाचार्य ने विद्यालय के खेल मैदान परिसर के चारदीवारी का निर्माण करने,मुकेश जांगिड़ ने छछूंदरा में शिवमन्दिर के पास लगे ट्रांसफार्मर को हटाने,गोपाल व कालू गुर्जर ने भूरी मंगरी मोहल्ले में बीसलपुर की पाइप लाइन बिछाने,शिवराज पुत्र घीसा गुर्जर ने घर के पास टूटे बिजली के पोल को हटाकर नया लगवाने, रामकरण गुर्जर ने बांदनवाड़ा लिंक रोड़ से छछूंदरा तक टूट चुकी डामर सड़क को फिर से बनाने ,सरगांव के ग्रामीणों ने भिनाय लिंक रोड़ से सरगांव सड़क बनवाने, कालूराम कुम्हार ने सेदरिया से खेड़िया बालाजी तक सड़क को दुरस्त करने,सुखासिंह रावत ने गत वर्ष का मुआवजा दिलाने, हंगामा कुम्हार ने पशु चिकित्सा उप केंद्र की बिल्डिंग बनाने व पशुधन सहायक लगाने,धनराज खाती ने शिवनगर से सालिया भाटा ग्रेवल सड़क तक मय पुलिया के ग्रेवल सड़क बनवाने की मांग की ।जिस पर चौपाल में उपस्थित उपखण्ड अधिकारी समेत सभी ब्लॉक लेवल के अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्या को तल्लीनता से सुनकर समाधान करने का भरोसा दिलाया वही पशुधन सहायक धनराज गुर्जर को सोमवार व गुरुवार को व्यवस्थार्थ छछूंदरा में लगाने के आदेश प्रदान किए ताकि वर्तमान में मवेशियों में चल रही खुरपका बीमारी का तत्काल इलाज हो सके । इस दौरान विकास अधिकारी अर्जुन सिंह शेखावत,तहसीलदार नीलम राठौड़ ,बीसीएमओ डॉ जितेंद्र गुर्जर, पीडब्ल्यूडी सहायक अभियंता पंकज मीणा,बिजली विभाग क गोविंद नायक, जलदाय विभाग के सागर शर्मा, अतिरिक्त विकास अधिकारी अजित कुमार कावड़िया,एसडीएम के निजी सहायक नरेंद्र गौड़,पटवारी रवि भाटी ,ग्राम विकास अधिकारी नितिन मालाकार सहित कई कर्मचारी व ग्रामीण मौजूद थे ।

### सोहनलाल पंचारिया नागौर जिला अध्यक्ष नियुक्त

**पादूकलां (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान प्रांतीय गुर्जरगौड़ ब्राह्मण सभा की नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें लांपोलाई निवासी सोहनलाल पंचारिया को नागौर जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।सभा के अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा (बड़गांव) और प्रधानमंत्री राजाराम शर्मा (अजमेर) ने पंचारिया को नियुक्ति पत्र सौंपा। उन्होंने कहा कि पंचारिया का समाज और संगठन के प्रति योगदान सराहनीय रहा है। उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत व सक्रिय होगा।नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सोहनलाल पंचारिया ने पदभार ग्रहण करते हुए कहा कि वे समाज की एकजुटता, शिक्षा और युवाओं की जागरूकता के लिए निरंतर कार्य करेंगे।

## सिंगला बांध में आनासागर का अतिरिक्त पानी लाने की मांग पर किसानों का प्रदर्शन

**रूपनगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** क्षेत्र के सिंगला बांध में अजमेर के आनासागर का अतिरिक्त पानी पहुंचाने की मांग को लेकर शुक्रवार को रूपनगढ़ तहसील क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों ने जोरदार प्रदर्शन किया। सलेमाबाद चौराहे से ग्रामीणों ने पैदल जुलूस निकालकर उपखंड कार्यालय पहुंचकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान किसानों ने उपखंड अधिकारी कुलदीप सिंह शेखावत को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि पहले आनासागर का अतिरिक्त पानी रूप नदी के रास्ते सिंगला बांध तक आता था, लेकिन राजनीतिक स्वार्थ के चलते उसका रुख गोविंदगढ़ की ओर मोड़ दिया गया। करोड़ों की लागत से बने सिंगला बांध में अब तक केवल एक-दो बार ही पानी आया है।

# 17 व 19 वर्षीय बॉलीबॉल प्रतियोगिता का हुआ समापन,विजेता टीमों को ट्रॉफी देकर किया सम्मानित



**नाहरगढ (हुक्मनामा सामाचार)।** कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नाहरगढ़ में बुधवार को शुरू हुई 17 व 19 वर्षीय छात्र छात्रा बॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुक्रवार को समापन किया गया। प्रधानाचार्य गोरधनलाल रैगर, वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक वीरेंद्र सिंह राजावत ने बताया कि समापन समारोह के मुख्य अतिथि समाजसेवी पुरुषोत्तम नागर, अतिविशिष्ट अतिथि राजेंद्र शर्मा, विशिष्ट अतिथि मुकेश गर्ग, अश्वनी गर्ग, छात्रावास वार्डन अर्जुनलाल वर्मा, रिटायर्ड अध्यापक विजय शर्मा थे। सभी अतिथियों का माल्यार्पण करके स्वागत किया गया। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में लगभग 44 टीमों ने भाग लिया। तीन दिन तक छात्र छात्राओं के रोमांचक मैच हुए। प्रतियोगिताओं को लेकर बच्चों सहित खेलप्रेमियों में भारी उत्साह देखा गया। **ये टीमें रही विजेता** नाहरगढ़ में आयोजित जिला स्तरीय बॉलीबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मैचों में 17 वर्षीय छात्रा में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गरडा प्रथम, बकनपुरा द्वितीय, नाहरगढ तृतीय स्थान पर, 19 वर्ष छात्रा में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भैंसड़ा प्रथम, महात्मा गांधी स्कूल नाहरगढ द्वितीय, गोरधनपुरा तृतीय स्थान पर रही। वही 17 वर्ष छात्र में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नाहरगढ प्रथम, फतेहपुर द्वितीय, बकनपुरा तृतीय स्थान पर व 19 वर्ष छात्र में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय किशनगंज प्रथम, दिलोद हाथी द्वितीय, कलमंडा टीम तृतीय स्थान पर रही। अतिथियों द्वारा सभी विजेता टीमों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। वही प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को भी ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के आयोजनों को लेकर कस्बेवासियों द्वारा भी पूर्ण सहयोग किया गया। समापन समारोह में बड़ी संख्या में बच्चों सहित कस्बेवासी भी उपस्थित रहे।

### जैन संस्कारों के संरक्षण पर मंथन होगा

## आज प्रज्ञा लोक में जैन विचारकों का सम्मेलन और पत्रकार संगोष्ठी

**कोटा (हुक्मनामा सामाचार)।** प्रज्ञा अनुपम वर्षायोग 2025 के पावन अवसर पर आगामी 13 सितंबर, शनिवार को गुरू आस्था परिवार के तत्वाधान एवं जैन पत्रकार संघ के संयोजन में जैन विचारकों का सम्मेलन एवं जैन पत्रकार संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा।

चैयरमेन यतीश जैन एवं अध्यक्ष लोकेश जैन सीसवाली ने बताया?कि कार्यक्रम प्रज्ञा लोक (चातुर्मास स्थल), महावीर नगर प्रथम, कोटा में तपोभूमि प्रणेता आचार्य 108 प्रज्ञासागर जी महाराज के सान्निध्य एवं निर्देशन में सम्पन्न होगा। इस विशेष सम्मेलन में जैन धर्म और समाज से जुड़े महत्वपूर्ण प्रश्नों पर विचार-विमर्श किया जाएगा, जिनमें प्रमुख हैं – जैनधर्म की प्रभावना कैसे हो? महाद्वीप का शासन किस प्रकार स्थायी रह सके? जैनत्व संस्कारों का संरक्षण कैसे हो? और आने वाली पीढ़ी में धार्मिक जागरूकता कैसे बढ़ाई जाए? कार्यक्रम में संयोजक राकेश चपलमन,पारस पत्रिका एवं शैलेन्द्र जैन को बनाया गया है। इस अवसर पर जैन पत्रकार संगोष्ठी भी आयोजित होगी, जिसमें देशभर के पत्रकार और चिंतक शामिल होंगे। साथ ही, आलेख लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में राजा श्रेणिक पत्रकारिता पुरस्कार से वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप जैन (संपादक, दैनिक विश्व परिवार, रायपुर) को सम्मानित किया जाएगा।

# महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड जयपुर के द्वारा केंपस प्लेसमेंट का हुआ आयोजन

**थांवला (हुक्मनामा सामाचार)।** कस्बे के किसान चौराहे स्थित मंगलम आईटीआई में हुआ केंपस का आयोजन इस दौरान एच आर सेक्शन की प्रतिनिधि सोनम संगवाल व उनकी टीम सदस्यों के द्वारा केंपस प्लेसमेंट की संपूर्ण जानकारी प्रशिक्षणार्थियों से साझा की गई तथा प्रशिक्षणार्थियों को महिंद्रा ऐंड महिंद्रा कम्पनी का प्रोफाइल,जॉब प्रोफाइल,कार्य दिवस तथा एंप्लॉय को मिलने वाली समस्त सुविधाओं व वेतन की जानकारी दी । संस्थान के प्राचार्य इंजीनियर भगवती प्रसाद ने बताया कि इस कैंपस प्लेसमेंट में आस- पास के क्षेत्र की चार आईटीआई के तीन ट्रेडो से कुल 76 उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया जिसमें से 37 प्रशिक्षणार्थियों का



साक्षात्कार के द्वारा चयनकर उनको जॉइनिंग हेतु निर्धारित दिनाँक दी गई। गौरतलब है कि संस्थान मंगलम आईटीआई कॉलेज द्वारा क्षेत्र के आईटीआई व डिप्लोमा उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों के लिए प्रतिवर्ष दो से तीन केंपस प्लेसमेंट का आयोजन करवाया जाता है जिससे कि क्षेत्र के तकनीकी कौशल प्रशिक्षित युवाओं को आसानी से रोजगार प्राप्त हो सके। इस दौरान संस्थान के स्टाफ सदस्य सोहनलाल कुमावत,देवेंद्र शर्मा,सीताराम सैनी, प्रियंका मौर्य,विष्णु सिंह आदि उपस्थित रहे।


# धरियावद में गवरी नाच का आयोजन, उमड़ा जनसमूह

**धरियावद (हुक्मनामा सामाचार)।** मेवाड़ की परंपरागत लोकनाट्य शैली गवरी का अद्भुत आयोजन शुक्रवार को नगर के उदयपुर रोड नई कॉलोनी प्रांगण में किया गया। जिसमे उदयपुर जिले के तहसील मावली चाईला खेड़ा गांव-गांव से आए कलाकारों ने देवी-देवताओं के स्वरूप धारण कर परंपरागत वेशभूषा व वाद्य यंत्रों के साथ गवरी का मनमोहक मंचन प्रस्तुत किया। जिसमे कलाकार गवरी के भमरु रमेश उकार राधू पेमा पन्ना लाल सहित टीम ने विभिन प्रकार के जिसमे कालू कीर हटिया दाड्मा कालका माता कांजी माराज गुजरिया प्रेम चोखा कला की देवी अम्बा राजा का नजरिया मीणा वंजारा चौथ मीणा सहित कार्यक्रम दिखाए गवरी नाच देखने



के लिए नगर सहित आस-पास के क्षेत्रों से भारी संख्या में ग्रामीणजन, महिलाएँ और बच्चे उपस्थित हुए। पूरे दिन चले इस आयोजन में कलाकारों ने धार्मिक कथाओं व सामाजिक संदेशों से जुड़ी प्रस्तुतियाँ दी। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने पारंपरिक गीतों और ढोल-नगाड़ों की थाप पर नृत्य कर आनंद लिया। गवरी नाच देखने वाले श्रद्धालु इसे साल भर की विशेष परंपरा मानकर उत्साह से शामिल हुए।

## राठौड़ को मिला गैलेंट्री प्रमोशन, हेड कांस्टेबल से अब बने सहायक उप निरीक्षक



**निम्बाहेडा (हुक्मनामा सामाचार)।** पुलिस विभाग के दमदार हेड कांस्टेबल महावीर सिंह राठौड़ को उनके द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्य के बदोलत पुलिस विभाग ने हेड कांस्टेबल से सहायक उप निरीक्षक के पद पर गैलेंट्री प्रमोशन दिया है। गोरतलब है कि महावीर सिंह राठौड़ ने कई साहसिक काम किये है जिससे पुलिस का नाम रोशन हुआ जिसमें खुखार गैंगस्टर तस्कर कमल राणा, मॉस्टवांटेड एक लाख इनामी सुमित मांजू की गिरफ्तारी तथा निम्बाहेड़ा में पच्चीस करोड़ मूल्य का नक़ली गुटखा फैक्ट्री पकड़ना इसके अलावा कई इनामी बदमास की गिरफ़्तारी और भारी मात्रा में अवेध मादक पदाथ, हथीयार, नक़ली शराब की जप्ती सहित कई कार्यवाहियां की है। इसके अलावा ब्लाइंड मर्डर ट्रेस आउट में अपनी छाप छोड़ी है ओर इनके उत्कृष्ट कार्यो का इनाम इनको गैलेंट्री प्रमोशन के रूम में मिला है।

## डांग में बालाजी के मेला हर्षोल्लास से भरा

**अराई (हुक्मनामा सामाचार)।** भामोलाव ग्राम पंचायत के डांग ग्राम में आखर्यां वाले बालाजी का मेला हर्षोल्लास के साथ भरा गया। मेले में आस पास के गांवों से श्रृद्धालुओं ने आकर बालाजी मन्दिर में परिक्रमा करी एवं नारियल का प्रसाद चढा कर आशीर्वाद प्राप्त किया। रात्री को मन्दिर परिसर में जगराता लगाया गया जिसमें भजन गायको ने भजनों की सरिता बहाई। मेले में ग्रामीण महिलाओं ने जम कर खरीददारी करी। जिसमें घर परिवार के सामानों सहित मिठाइयों की खरीददारी की गई। मेला कमेठी के अध्यक्ष शम्भू सिंह, सचिव उत्तम चन्द शर्मा, महिपाल शर्मा, प्रहलाद बागडी, रामवतार तिरवाल,बृजराज सिंह राठौड़, ग्राम सेवा समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण बटेसर, महेंद्र करियल, प्रहलाद चाड, रामजीवन बागड़ी, श्यौराज बामु, मदन खटाना, सांवर लाल भदाकाला, करतार भड़ला, बलराम भादाला, गोपाल माली, हनुमान भड़ाना, चंद्रशेखर माली, सहित कार्यकर्ताओं ने झण्डारोहण कर मेले का शुभारम्भ किया।



## मांगलियावास पुलिस थाने में सुरक्षा सखी संवाद पखवाड़े के तहत हुई बैठक



**मांगलियावास (हुक्मनामा सामाचार)।** पुलिस उच्च अधिकारियों के आदेश अनुसार सुरक्षा सखी संवाद पखवाड़ा के तहत क्षेत्र की सखियों के साथ थाना परिसर में एक बैठक का आयोजन किया गया और सखियों से संवाद करते हुए महिला सुरक्षा कानून के बारे में विस्तार से जानकारी दीगई। इस अवसर पर थाना प्रभारी सीआई दिनेश कुमार चौधरी ने महिला सखियों को बताया कि वह घर-घर जाए और महिलाओं और बालिकाओं को उनकी सुरक्षा के कानून की विस्तार से जानकारियां दें। वहीं महिलाओं पर होने वाले अत्याचार को लेकर महिला सखियां पुलिस थाने में जानकारी दे सकती है और उनका नाम इस मामले में गोपनीय भी रखा जाएगा। इस अवसर पर एएसआई रामस्वरूप सोयल ,एएस आई हुकम सिंह सहित मांगलियावास पुलिस थाना में तैनात दीवान और कांस्टेबल भी मौजूदथे।

# फसल पकते ही औजारों की मांग बढ़ी,दरांती-दांतली, जेली-जई की कीमतें दोगुनी

**पादूकलां (हुक्मनामा सामाचार)।** खरीफ की फसलें पकने के साथ ही किसानों की भागदौड़ खेतों से बाजार तक बढ़ गई है। कटाई व खेत की अगली तैयारी के लिए इन दिनों कृषि औजारों की जबरदस्त मांग देखी जा रही है। पादूकलां सहित आसपास के गांवों के किसान दरांती, दांतली, जेली और जई की खरीद में जुटे हैं।स्थानीय दुकानदारों के अनुसार पिछले कुछ दिनों से औजारों की बिक्री अचानक बढ़ी है। सबसे ज्यादा मांग दरांती और दांतली की बनी हुई है। निराई-गुड़ाई के लिए जेली व जई की भी अच्छी खरीद हो रही है। किसानों का कहना है



कि पिछले साल तक दरांती व दांतली 40 से 50 रुपये में मिल जाते थे, लेकिन इस बार कीमत 100 रुपये तक पहुंच गई है। वहीं, 50-60 रुपये में बिकने वाले अन्य औजार भी दोगुने दामों पर मिल रहे हैं।ग्रामीणों ने कहा कि खेती की लागत लगातार बढ़ रही है। महंगाई ने खेती को और मुश्किल बना दिया है, लेकिन औजारों के बिना काम चलना नामुमकिन है। एक किसान ने कहा— 卐फसल तो पक चुकी है, अब चाहे दाम कितने भी क्यों न हों, दरांती लेना तो पड़ेगी ही।

### न्यूज ब्रीफ

## गोपाल चंदेल भारतीय बंजारा सेना के जिला अध्यक्ष नियुक्त

**निंबाहेड़ा (हुक्मनामा सामाचार)।** भारतीय बंजारा सेना के प्रदेश अध्यक्ष भारत दायमा ने निंबाहेड़ा निवासी गोपाल चंदेल को भारतीय बंजारा सेना के चितौड़गढ़ जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया। प्रदेश अध्यक्ष दायमा ने चंदेल को बंजारा सेना के जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्त करते हुए आशा की कि नवनियुक्त जिला अध्यक्ष चंदेल अपने क्षेत्र के बंजारा भाइयों को जागरूक करते हुए और उनकी समस्याओं के समाधान हेतु निरंतर प्रयास करते हुए भारतीय बंजारा सेना की लोकप्रियता समाज में बनाए रखते हुए बंजारा सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष नेमचंद सिंह के सपनों को साकार करने हेतु प्रयत्नशील रहेंगे। इस अवसर पर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष चंदेल की इस नियुक्ति पर उनके समर्थकों द्वारा आदर्श कॉलोनी से उनका स्वागत करते हुए जुलूस प्रारंभ किया जो कि इश्काबाद,अटल नगर,जेके चौराहा होते हुए बंजारा बस्ती स्थित मोड़ के बालाजी मंदिर पर पहुंच कर समाप्त हुआ। जहां पर एक साधारण सभा आयोजित कर संगठन को आगे बढ़ाने की बात पर विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में बंजारा समाज से जुड़े समाजजन उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना में आवेदन की अंतिम तिथि कल

**पादूकलां (हुक्मनामा सामाचार)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से संचालित मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना में नि:शुल्क कोचिंग हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 14 सितंबर 2025 निर्धारित की गई है।सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग नागौर के उपनिदेशक जगदीश चांगल ने बताया कि पात्र अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक एसएसओ पोर्टल पर सीएम अनुप्रति कोचिंग योजना के अंतर्गत आवेदन कर सकते हैं। योजना में यूपीएससी, आरपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा, रीट, कांस्टेबल भर्ती, बैंकिंग/बीमा, रेलवे, क्लैट, इंजीनियरिंग व मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी हेतु नि:शुल्क कोचिंग उपलब्ध करवाई जाएगी।योजना का लाभ राजस्थान के मूल निवासी अभ्यर्थी ले सकते हैं, जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय 8 लाख रुपए तक है।

## पीसांगन नगर पालिका नवनियुक्त ईओ का जनप्रतिनिधियों ने किया स्वागत



**मांगलियावास (हुक्मनामा सामाचार)।** पीसांगन नगर पालिका नव नियुक्त नगर पालिका श्वश्व हेमेंद्र सिंह का शुक्रवार को स्वागत किया गया।

सिंह का माला और साफा पहनकर स्वागत किया गया। जिसमें पूर्व मंडल अध्यक्ष मन्नालाल कुमावत ,भटसूरी सरपंच बेलदेव गुर्जर ,भाजपा नेता हरि प्रजापत, कैलाश रेगा ,पूर्व वार्ड पंच मोनू कुमावत, विनोद कुमावत, संदीप धंझा ,प्रदीप धंझा आदि मौजूद थे। इस अवसर पर सिंह ने सभी जनप्रतिनिधियों द्वारा किए गए स्वागत के बाद उनका आभार प्रकट किया एवं पीसांगन नगर पालिका क्षेत्र में विकास की गति को आगे बढ़ने का भी आश्वासन दिया।

## क्रिएटिव छात्रों की कबड्डी टीम जिला स्तर पर रही उपविजेता

### राज्य स्तर पर हुआ दो छात्रों का चयन



**भींडर (हुक्मनामा सामाचार)।** नगर के क्रिएटिव सीनियर सेकंडरी विद्यालय के छात्रों का 69वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट खेल कूद हेतु राज्य स्तर पर चयन किया गया।

विद्यालय के शारीरिक शिक्षक बालचंद जाट ने बताया कि कबड्डी वर्ग में जितेश कुमार जाट और मनीष जाट का चयन हुआ। यह टीम जिला स्तर में द्वितीय स्थान पर रही। वहीं छात्र मनीष जाट उदयपुर जिले में प्रथम डिफेंडर घोषित किया गया। भींडर आगमन पर शारीरिक शिक्षक एवं छात्रों का रामपोल बस बैंड बाजो के साथ स्वागत कर विद्यालय में अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक अनीता वया ने छात्रों को बधाई देते हुए नगर में विद्यालय द्वारा उत्कृष्ट परिणाम देते रहने का वादा करते हुए शिक्षा एवं सह शैक्षणिक गतिविधियों में भींडर की प्रतिभा को निखारने का काम करते रहेंगे की बात कही। प्रधानाचार्य प्रदीप नथानी ने छात्रों एवं शारीरिक शिक्षक का स्वागत करते हुए कहा कि हमारे विद्यालय के लिए शिक्षा एक मिशन है इसके लिए हम सदा परिश्रम करते रहेंगे और सदैव नगर का गौरव बढ़ते रहेंगे